Vol. 270
No. 18

Friday.
13 March, 2026
22 Phalguna, 1947 (Saka)

PARLIAMENTARY DEBATES

RAJYA SABHA

OFFICIAL REPORT (FLOOR VERSION)

(PART-II)

CONTENTS

Papers Laid on the Table (pages 1-2)

Reports of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Chemicals and Fertilizers— *Laid on the Table* (pages 2-3)

Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Coal, Mines and Steel—*Laid on the Table* (page 3)

Statement regarding Government Business (page 3)

Matters Raised with Permission—

Demand for transparency and consumer protection in the Insurance Sector (pages 4-5)

Concern over delays and transparency issues in the implementation of *Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana* (pages 5-6)

Need for measures to protect farmers from wildlife attacks in Goa (pages 7-8)

Demand for enhancement of allowance for Police Medal for Gallantry on the lines of the President's Police Medal for Gallantry (pages 8-9)

©
RAJYA SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

Need for strengthening and four-laning of NH-503 Extension and NH-3 in Himachal Pradesh (pages 9-10)

Concern over arbitrary deductions by Health Insurance Companies in claim settlements (pages 10-11)

Need to establish Public Libraries in every Panchayat across the country to empower Rural Communities, especially children and youth (pages 12-13)

Concern over use of harmful chemicals and pesticides in food products (pages 13-14)

Need to secure the UNESCO 'World Heritage City' status for Varanasi (pages 14-15)

Concern over rising cases of skin cancer and need to expand treatment facilities (pages 15-17)

Need for effective implementation of Ayushman Bharat scheme in Odisha (pages 17-18)

Concern over communal misuse of media and social media (pages 18-19)

Concern over rising crimes against women and minor girls in Tamil Nadu (pages 20-22)

Need for expeditious approval of the Greater Noida West Metro Project (page 22)

Concern over poor condition of roads constructed under *Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana* (PMGSY) in Jammu and Kashmir (pages 23-24)

Concern over ban on academic discussion of judicial corruption following order of the Supreme Court of India (pages 24-25)

Need for enhanced financial assistance and universal coverage for cochlear implants for children and addressing corneal blindness (pages 25-27)

Need to boost manufacturing sector to make '*Aatmanirbhar Bharat*' more than a slogan (pages 27-28)

Concern over environmental threats and need for sustainable ecological protection in Puducherry (pages 28-29)

Demand for a separate Ministry for OBCs at the Centre (pages 29-30)

Website: http://rajyasabha.nic.in
https://sansad.in/rs
E-mail: rsedit-e@rss.sansad.in

Contents Page

Oral Answers to Questions (pages 30-63)

[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part– I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://sansad.in/rs/debates/officials *]*

Private Members' Bills —

The Climate Resilient Agriculture and Farmers Protection Bill, 2025 — *Introduced* (pages 63-64)

The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement (Amendment) Bill, 2025 — *Introduced* (page 64)

The Bharatiya Nyaya Sanhita (Amendment) Bill, 2026 — *Introduced* (page 64)

The Kolhapuri Leather Craft (Preservation and Livelihood Security) Bill, 2026 — *Introduced* (page 65)

The Digital Networking Platforms (Accountability and User Protection) Bill, 2026 — *Introduced* (page 65)

The Constitution (Amendment) Bill, 2026 (insertion of New Article 21B) — *Introduced* (page 65)

The Constitution (Amendment) Bill, 2026 (amendment of Article 366) — *Introduced* (page 66)

The Urban Areas (Development and Regulation) Bill, 2026 — *Introduced* (page 66)

The Silver Economy (Growth and Empowerment) Bill, 2026 — *Introduced* (pages 66-67)

The Asset Tokenisation (Regulation) Bill, 2026 — *Introduced* (page 67)

The Indian Diaspora and Migrant Workers (Protection and Welfare) Bill, 2026 — *Introduced* (page 67)

The Anti Racism and Equality Bill, 2026 — *Introduced* (page 68)

The National Commission for De-Notified, Nomadic and Semi-Nomadic Tribes Bill, 2026 — *Introduced* (page 68)

The National Commission for the Entitlements and Welfare of Women Farmers Bill, 2026 — *Introduced* (pages 68-69)

Contents Page 

The Central Nursing University Bill, 2026 — *Introduced* (page 69)

The Right of Children to Free and Compulsory Education (Amendment) Bill, 2026 — *Introduced* (page 69)

The Free Education (Secondary to Undergraduate Level) Bill, 2026 — *Introduced* (pages 69-70)

The Sacred Bond (Parent Care Leave) Bill, 2026 — *Introduced* (pages 70-71)

The Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Bill, 2024 — *Under Consideration* (pages 71-105)

Message from Lok Sabha — *Reported*

The Appropriation Bill, 2026 — *Laid on the Table* (page 104)

Special Mentions–

Demand for Sustainable Livelihood Support for Kerala's Fishing Community (pages 105-106)

Demand to set up Ahir Regiment in the Indian Army (pages 106-107)

Contents Page

RAJYA SABHA

Friday, the 13th March, 2026/22 Phalguna, 1947 (Saka)

The House met at eleven of the clock,

MR. CHAIRMAN *in the Chair.*

PAPERS LAID ON THE TABLE

MR. CHAIRMAN: Papers to be laid on the Table.

I. **Notification of the Ministry of Commerce and Industry**

II. **Report and Accounts** (2024-25) **of the National Institute of Design, Kurukshetra, Haryana and related papers**

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI JITIN PRASADA): Sir, I lay on the Table:–

I. A copy (in English and Hindi) of the Ministry of Commerce and Industry (Department for Promotion of Industry and Internal Trade) Notification No. S.O. 6093(E)., dated the 30th December, 2025, prohibiting manufacture, possession, sale, use and import of the electric detonator (explosive of Class 6 Division 3 or UN Class 1 Division 1) throughout the country, with certain conditions, issued under clause (a) of sub-section (1) of Section 6 of the Explosives Act, 1884.

[Placed in Library. *See* No. L.T. 6490/18/26]

II. A copy each (in English and Hindi) of the following papers:-

(a) Annual Report and Accounts of the National Institute of Design (NID), Kurukshetra, Haryana, for the year 2024-25, together with the Auditor's Report on the Accounts.

(b) Review by Government on the working of the above Institute.

(c) Statement giving reasons for the delay in laying the papers mentioned at (a) above.

[Placed in Library. *See* No. L.T. 6486/18/26]

Accounts (2023-24 **and** 2022-23) **of the RPCAU, Pusa, Samastipur, Bihar and CAU, Imphal, Manipur and related papers**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी): महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

Contents Page

(i) (1) A copy each (in English and Hindi) of the following papers, under sub-section (4) of Section 31 of the Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University Act, 2016:–

(a) Annual Accounts of the Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University (RPCAU), Pusa, Samastipur, Bihar, for the year 2023-24, and the Audit Report thereon.

(b) Review by Government on the working of the above University.

(2) Statement (in English and Hindi) giving reasons for the delay in laying the papers mentioned at (1) above.

[Placed in Library. *See* No. L.T. 6494/18/26]

(ii) (1) A copy each (in English and Hindi) of the following papers, under sub-section (4) of Section 30 of the Central Agricultural University Act, 1992: -

(a) Annual Accounts of the Central Agricultural University (CAU), Imphal, Manipur, for the year 2022-23, and the Audit Report thereon.

(b) Review by Government on the working of the above University.

(2) Statement (in English and Hindi) giving reasons for the delay in laying the papers mentioned at (1) above.

[Placed in Library. *See* No. L.T. 6493/18/26]

REPORTS OF THE DEPARTMENT-RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON CHEMICALS AND FERTILIZERS

SHRI SUBHASH BARALA (Haryana): Sir, I lay on the Table, a copy each (in English and Hindi) of the following Reports of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Chemicals and Fertilizers (2025-26):–

(i) Twentieth Report (Eighteenth Lok Sabha) of the Committee on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations of the Committee contained in its Eighth Report (Eighteenth Lok Sabha) on 'Demands for Grants (2025-26)' pertaining to the Ministry of Chemicals and Fertilizers(Department of Pharmaceuticals);

Contents Page

(ii) Twenty-first Report (Eighteenth Lok Sabha) of the Committee on‘ Demands for Grants (2026-27)’ pertaining to the Ministry of Chemicals and Fertilizers(Department of Fertilizers);

(iii) Twenty-second Report (Eighteenth Lok Sabha) of the Committee on ‘Demands for Grants (2026-27)’ pertaining to the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Chemicals and Petrochemicals); and

(iv) Twenty-third Report (Eighteenth Lok Sabha) of the Committee on ‘Demands for Grants (2026-27)’ pertaining to the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals).

REPORT OF THE DEPARTMENT-RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON COAL, MINES AND STEEL

श्री आदित्य प्रसाद (झारखंड): महोदय, इस्पात मंत्रालय की 'अनुदान मांगों (2026-27)' के संबंध में विभाग-संबंधित कोयला, खान और इस्पात संबंधी संसदीय स्थायी समिति के बीसवें प्रतिवेदन (अठारहवीं लोक सभा) की एक प्रति (अंग्रेज़ी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं।

STATEMENT REGARDING GOVERNMENT BUSINESS

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Hon. Chairman, Sir, with your kind permission, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 16th of March, 2026, will consist of:–

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's order paper. It contains ‘Further discussion on the working of Ministry of Rural Development’.

2. Discussion on the working of other Ministries, as may be decided.

3. Consideration and return of the Appropriation Bill, 2026, after it is considered and passed by Lok Sabha.

MR. CHAIRMAN: Now, Matters raised with Permission. Ms. Swati Maliwal.

Contents Page

MATTERS RAISED WITH PERMISSION

Denamd for transparency and consumer protection in the Insurance Sector

सुश्री स्वाति मालिवाल (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): चेयरमैन सर, आज हॉस्पिटल्स और प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनीज़ के बीच एक ऐसा nexus बन गया है, जो आम इंसान की कमर तोड़ रहा है। सर, हम यह दु:खद सच्चाई अक्सर देखते हैं कि हॉस्पिटल में patient की death हो जाती है, इंश्योरेंस कंपनी claim reject कर देती है, तो हॉस्पिटल body देने से मना कर देता है। हॉस्पिटल के बाहर मां अपने बच्चे की body लेने के लिए अपने कंगन लेकर खड़ी होती है। सर, दूसरी ओर टीवी पर उनके ads देखिए। इंश्योरेंस कंपनीज़ सेलिब्रिटीज़ से promotion कराती हैं, मिनट्स में approval दिखाती हैं। Policy sign करवाते वक्त आप भगवान हो, लेकिन उसके बाद आप सिर्फ हॉस्पिटल और इंश्योरेंस कंपनी के बीच की एक टेनिस बॉल हो। Admit होते ही TPA में पता चलता है कि आपकी कम्पनी तो black listed है, इसलिए पहले pay करो, उसके बाद reimbursement होगा। मान लीजिए, claim file हो भी गया, तो आप discharge वाले दिन भी एक कागज के लिए पूरा दिन बैठे रहते हो, billing चलती रहती है। आप इंश्योरेंस कंपनी को कॉल करो, तो आधा घंटा उनकी collar tunes सुनते हुए hold पर बैठे रहो, हर बार नया caller agent आएगा और उसे हर बार पूरा issue दोबारा समझाओ, लेकिन फिर भी claim reject हो जाता है। फिर महीनों तक इंश्योरेंस ऑफिस और हॉस्पिटल के बीच के चक्कर काटो। सर, IRDAI के मुताबिक 2024 में 26,000 करोड़ रुपये के insurance claims reject हुए, जो कि पिछले साल से लगभग 20 परसेंट ज्यादा हैं। इस वजह से हर साल करोड़ों इंडियंस गरीब हो जाते हैं।

सर, आज देश के बड़े हॉस्पिटल्स और इंश्योरेंस कंपनीज़ ज्यादातर विदेशी private equity ने खरीद ली हैं। हॉस्पिटल्स deliberately bills policy limit के हिसाब से बढ़ाते हैं। अगर पॉलिसी 10 लाख की है, तो बिल भी 10 लाख का होगा और अगर 5 लाख की है, तो उसी बीमारी के इलाज का बिल 5 लाख का होगा। सर, foreign private equity के लिए पेशेंट, पेशेंट नहीं, raw-material है, जिससे उसको 3 से 5 साल के अंदर 25 per cent returns कमाने ही हैं।

सर, एक कंपनी, जो आज ऑनलाइन इंश्योरेंस का 93 परसेंट मार्केट शेयर होल्ड करती है, अब वह हॉस्पिटल में भी इन्वेस्ट कर रही है। एक ही कंपनी इंश्योरेंस भी बेचेगी, हॉस्पिटल में एडमिट भी करेगी और क्लेम्स भी प्रोसेस करेगी। There is no regulatory wall here.

सर, इंडिया के दिव्यांग नागरिक तो इस सिस्टम से पूरी तरीके से बाहर है। 80 परसेंट के पास हेल्थ इंश्योरेंस है ही नहीं। अप्लाई किया, तो भी बिना किसी explanation के सीधा रिजेक्शन। Sir, this is discriminatory and illegal.

Sir, I demand: one, सरकारी हॉस्पिटल्स की हालत सुधारी जानी चाहिए और प्राइवेट हॉस्पिटल्स के प्रोसीजर्स के रेट्स का national schedule बनाना चाहिए और वह सख्ती से लागू होना चाहिए। Two, foreign private equity इंडियन हॉस्पिटल में 26 परसेंट से ज्यादा हिस्सा सरकारी परमिशन के बिना न ले पाए। Three, regulation law against the same insurance

Contents Page

company owning hospitals as well. Fourth, ghost and inflated billing पर criminal case होना चाहिए। Fifth, दिव्यांग के लिए mandatory health insurance होना चाहिए और उन्हें 'आयुष्मान भारत' में भी जोड़ा जाए, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the issue raised by the hon. Member, Ms. Swati Maliwal: Shrimati Sulata Deo (Odisha), Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Javed Ali Khan (Uttar Pradesh), Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade (Goa), Dr. John Brittas (Kerala), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri Subhasish Khuntia (Odisha), Shri Prakash Chik Baraik (West Bengal), Shri Sukhendu Sekhar Ray (West Bengal), Shrimati Sudha Murty (Nominated), Shri Kesridevsinh Jhala (Gujarat), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Shri Ramji (Uttar Pradesh), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Shri Haris Beeran (Kerala), Shrimati Mahua Maji (Jharkhand) and Shri P. Wilson (Tamil Nadu).

Now, Shri Rajeev Shukla.

Concern over delays and transparency issues in the implementation of *Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana*

श्री राजीव शुक्ला (छत्तीसगढ़): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से देश के एक महत्वपूर्ण विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। 'कृषि बीमा योजना' या 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' का नाम आप सब लोगों ने सुना होगा, लेकिन आजकल इस बीमा योजना के जो हाल हुए हैं, उसमें सरकार को जरूर ध्यान देना चाहिए। किसानों को कुछ नहीं मिल रहा है। यह योजना बड़े उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी। कहा गया था कि कम प्रीमियम देकर किसान प्राकृतिक आपदाओं - सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, कीटरोग आदि से सुरक्षा पाएँगे। किसान को संकट की घड़ी में सहारा मिलेगा। उसकी आमदनी स्थिर होगी, लेकिन जमीनी हालत कुछ अलग ही दिखाई दे रही हैं। महाराष्ट्र के अकोला में किसान की फसल खराब हुई, मुआवजा आया और आया कितना किसके खाते में? किसी के खाते में 21 रुपए, किसी के खाते में आठ रुपए और कुछ किसानों के खाते में तो तीन ही रुपए आए। महोदय, किसान उस तीन रुपए में क्या करेंगे? किसान की आय दोगनी करने में क्या उस धनराशि से कोई फायदा मिल पाएगा?

उत्तर प्रदेश के बरेली में इस साल जनवरी में बाढ़ आई, धान की फसल डूब गई। किसानों ने बीमा का दावा किया। मुआवजे के नाम पर किसी के खाते में तीन रुपए छिहत्तर पैसे और किसी के खाते में दो रुपए बहत्तर पैसे आए, और तो और, जहाँ से कृषि मंत्री जी आते हैं, अभी चले गए हैं, मध्य प्रदेश में भी यही हाल है, विदिशा और सारी जगहों पर यही हाल है। मैं पूछना चाहता हूँ कि क्या किसान पाँच रुपए में नई फसल बो पाएगा? क्या तीन रुपए में डीजल आएगा? क्या पौने

Contents Page

तीन रूपए में कीटनाशक मिलेगा या वे उन पैसों को फ्रेम करवा कर दीवार पर टांग लें कि यह देखो, मेरा बीमा सुरक्षा कवच है?

सभापति महोदय, बीमा का मतलब होता है संकट में सहारा, लेकिन यहाँ तो सहारा ऐसा कि किसान सोचता होगा कि इतने में तो मोबाइल रिचार्ज भी नहीं होता, फसल कैसे उगाऊँ। समस्या सिर्फ रकम की नहीं है। कई जगह फसल का physical verification भी नहीं होता। अधिकारी खेत में तब पहुँचते हैं, जब फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाती है, दोबारा बुआई का वक्त आ चुका होता है और नुकसान का निशान मिट चुका होता है। कई बार पोर्टल बंद हो जाता है, सर्वर डाउन हो जाता है और किसान चक्कर लगाता रहता है। किसान उतनी की चप्पल घिस देता है, जितना मुआवजा भी उसे हासिल नहीं होता है। ऊपर से area approach के नाम पर औसत निकाल दिया जाता है। अगर पूरे क्षेत्र का औसत ठीक बता दिया गया, तो जिस किसान की पूरी फसल चौपट हुई, उसे भी कहा जाता है कि आपके इलाके में तो सब सामान्य है।

सभापति महोदय, एक और मजेदार बात है कि किसान डेढ़ से दो परसेंट प्रीमियम देता है, बाकी पैसा सरकार देती है, यानी जनता का पैसा। बीमा कंपनियों को हजारों करोड़ रुपए का प्रीमियम मिलता है। यह प्राइवेट है। जब साल सामान्य होता है, तो दावे कम आते हैं और कंपनियों का लाभ बढ़ता रहता है, पर जब किसान की बारी आती है, तो उसके हिस्से में तीन रुपए, पाँच रुपए आते हैं। कभी-कभी सीधे अकाउंट से ही कंपनियाँ पैसा निकाल लेती हैं। ऐसा जोखिम किसान और सरकार उठाए और लाभ कोई और ले जाए। मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि दावे के निपटान और भुगतान की स्पष्ट समय-सीमा तय की जाए।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the issue raised by the hon. Member, Shri Rajeev Shukla: Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shri Imran Pratapgarhi (Maharashtra), Shri Neeraj Dangi (Rajasthan), Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana), Shri Sandosh Kumar P (Kerala), Shri Javed Ali Khan (Uttar Pradesh), Dr. John Brittas (Kerala), Prof. Manoj Kumar Jha (Bihar), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri Prakash Chik Baraik (West Bengal), Shri Anil Kumar Yadav Mandadi (Telangana), Shri Ashok Singh (Madhya Pradesh), Shri Pramod Tiwari (Rajasthan), Shrimati Mahua Maji (Jharkhand), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Niranjan Bishi (Odisha) and Shri Saket Gokhale (West Bengal).

Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade.

Contents Page

Need for measures to protect farmers from wildlife attacks in Goa

SHRI SADANAND MHALU SHET TANAVADE (Goa): Hon. Chairman, Sir, I rise to draw the attention of this august House to a very serious problem faced by farmers in Goa due to frequent and unchecked intrusions of wild animals into agricultural fields. Agriculture is the main source of livelihood for many families in rural Goa. For generations, farmers have relied on coconut, areca nut, banana, pineapple, mango, jackfruit, cashew and vegetable plantations along with paddy cultivation and other crops. These farms include small family-owned plots, community lands, and larger units. They sustain livelihoods and preserve our traditional way of life. In recent years, farming has become extremely difficult due to repeated crop destruction by wild animals.

Most farms and orchards are near forests, especially in villages bordering forest areas and at the foothills of the Sahyadri range. Wild boars, monkeys, bison or gaur, porcupines, giant squirrels, and other large animals regularly invade these areas. Farmers often wake up to find entire fields destroyed overnight. In many cases, crops are lost just days before harvest. This problem has become a daily struggle and a nightmare for farmers. They stay awake at night to guard their fields, risking their safety. Many elderly and women farmers are unable to manage this. Traditional paddy cultivation is disappearing not due to unwillingness, but because repeated wildlife attacks make it unviable. Horticulture too is becoming unsustainable due to continuous crop loss. Without proper protection, farmers receive little relief. They invest effort and money, yet the crops do not reach the market. Compensation is often delayed, inadequate or difficult to claim, adding to their frustration.

Mr. Chairman Sir, the people of Goa respect wildlife and nature. There is no demand to harm animals, but there must be a balance between wildlife protection and farmers' survival. At present, the farmer is paying the price. I urge the Government to take concrete steps. Clear guidelines should allow State Forest Departments to use CAMPA funds for permanent protective infrastructure, such as strong fencing, solar or electric fencing, and hybrid barriers, in vulnerable agricultural zones. This should be implemented on a cluster or village basis, not left to individual farmers. A simplified, time-bound compensation mechanism should also be established, so that farmers are not left helpless after losses. If this issue is not addressed urgently, many farmers will abandon agriculture, leading to a loss of food security.

Contents Page

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade: Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Dr. John Brittas (Kerala), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Mokariya Rambhai (Gujarat), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), and Shri Mithlesh Kumar (Uttar Pradesh).

Shriman Brij Lal.

Demand for enhancement of allowance for Police Medal for Gallantry on the lines of the President's Police Medal for Gallantry

श्री बृज लाल (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, मैं आज पुलिस एवं पैरामिलिट्री के उन जवानों के बारे में बात करना चाहता हूं, जिनको भारत के राष्ट्रपति द्वारा बहादुरी के लिए पुलिस मेडल्स दिए जाते हैं। सभापति महोदय, वर्ष में दो बार, 15 अगस्त और 26 जनवरी के अवसर पर पुलिस, पैरामिलिट्री और फायर सर्विस के जवानों को गैलेंट्री के लिए पुरस्कार दिए जाते हैं। इस वर्ष भी 26 जनवरी के अवसर पर 125 जवानों एवं अधिकारियों को ये पुरस्कार दिए गए हैं। उनमें 121 पुलिस और पैरामिलिट्री के हैं और 4 फायर सर्विस के हैं। मैं उन जवानों को बधाई देता हूं और वे जवान, जो कर्तव्य की बलिवेदी पर शहीद हो गए, उनको मैं सल्यूट करता हूँ।

सभापति महोदय, ये जो गैलेंट्री मेडल्स हैं, ये दो टाइप के होते हैं। एक है - "rare conspicuous gallantry" और दूसरा है - "conspicuous gallantry". पहला वाला कहलाता है - President's Police Medal for Gallantry, दूसरा कहलाता है - Police Medal for Gallantry. Both are awarded by the hon. President of India. महोदय, उसमें कुछ प्रिविलेजज़ हैं। जैसे - उनकी पेंशन टैक्स फ्री होती है। ट्रेन ट्रैवल जो है, 2nd AC travel with companion in the same class for life for any number of times. बेसिक टेलीफोन का installation charges and registration charges free होते हैं। उनको इस टाइप के कुछ बेनिफिट्स हैं। इसके अलावा, उनको per month Medal Allowance दिया जाता है।

महोदय, 2013 के पहले, जिन्होंने President's Police Medal for Gallantry पाया है, चाहे वे सिपाही हों या अफसर, उनको 3,000 रुपए महीने मिलता था। जो Police Medal for Gallantry है, उसमें 2,000 रुपए महीने मिलता था। अगर वह उनको दोबारा मिलता है, तो that is called Bar. Bar पर भी वही 3,000 और 2,000 रुपए मिलते हैं। महोदय, 2013 से जो President's Police Medal for Gallantry है, उसका अलाउंस 3,000 से 6,000 रुपये per month कर दिया गया है, लेकिन जो Police Medal for Gallantry है, उसका आज भी केवल 2,000 रुपये है। Prime Minister's Police Medal for Life Saving में 500, वह भी डबल हो गया। महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह जो 2,000 रुपया Police Medal for Gallantry मिलता है, इसको भी डबल होना चाहिए, जिस तरह से President's Police Medal for Gallantry को 3,000 से 6,000 रुपये कर दिया गया, लेकिन यह 2,000 का 2,000 ही है और Bar का भी केवल 2,000 है। इसलिए महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना

Contents Page

चाहता हूं कि यह जो मेडल एलाउंस है, उसमें Police Medal for Gallantry का 2,000 रुपये से 4,000 रुपए per month होना चाहिए। इससे हमारे जवानों और अफसरों का मनोबल और बढ़ेगा। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Brij Lal: Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shri Kesridevsinh Jhala (Gujarat), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. John Brittas (Kerala), Dr. Bhim Singh (Bihar), Shri Babubhai Jesangbhai Desai (Gujarat), Shri Baburam Nishad (Uttar Pradesh), Shrimati Seema Dwivedi (Uttar Pradesh), Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh), Ms. Indu Bala Goswami (Himachal Pradesh), Shri Ram Chander Jangra (Haryana), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Shri Naresh Bansal (Uttarakhand), Shri Sanjay Seth (Uttar Pradesh), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Shri Satnam Singh Sandhu (Nominated), and Dr. Fauzia Khan (Maharashtra).

MR. CHAIRMAN: Dr. Sikander Kumar.

Need for strengthening and four-laning of NH-503 Extension and NH-3 in Himachal Pradesh

DR. SIKANDER KUMAR (Himachal Pradesh): Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on an important subject, that is, need for strengthening and four-laning of NH-503 extension and NH-03 in Himachal Pradesh. माननीय सभापति जी, मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार का ध्यान हिमाचल के झलेड़ा से अंब (NH-503 एक्सटेंशन) और पंजाब/हिमाचल बॉर्डर-गगरेट से नादौन (NH-03) की सड़क परियोजना की ओर दिलाना चाहता हूँ।

हिमाचल प्रदेश में कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में NH-503 और NH-03 के महत्वपूर्ण खंडों का चौड़ीकरण एक मील का पत्थर साबित होगा। ये मार्ग न केवल स्थानीय निवासियों के लिए जीवन रेखा हैं, बल्कि धार्मिक स्थलों जैसे माता चिंतपूर्णी, माता ज्वालाजी और माँ चामुंडा देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ऊना जिले के झलेड़ा से अंब तक के लगभग 28.9 किलोमीटर हिस्से को फोर-लेन में अपग्रेड करने का प्रस्ताव है। इस राजमार्ग को लगभग 45 मीटर चौड़ा करने की योजना है, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया विचाराधीन है। अंब क्षेत्र में दुर्घटना संभावित चार 'ब्लैक स्पॉट्स' को चिन्हित किया गया है, जिन्हें 5 करोड़ रुपये की लागत से ठीक किया जा रहा है। पंजाब सीमा से सटे गगरेट से हमीरपुर जिले के नादौन तक के हिस्से का फोर-लेन निर्माण क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार इस खंड के लिए डीपीआर तैयार करने और भूमि

Contents Page

अधिग्रहण की प्रारंभिक औपचारिकताएं प्रक्रिया में हैं। यह परियोजना जालंधर-होशियारपुर-गगरेट-अंब-नादौन कॉरिडोर का हिस्सा है, जो पंजाब और हिमाचल के बीच व्यापारिक सुगमता बढ़ाएगी। धार्मिक स्थलों और धर्मशाला जैसे पर्यटन केंद्रों तक पहुंच सुलभ होगी। फोर-लेन होने से सड़क दुर्घटनाओं में भारी कमी आने की संभावना है। बेहतर बुनियादी ढांचे से स्थानीय उद्योगों और विशेष रूप से कृषि क्षेत्र को लाभ होगा। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से हिमाचल प्रदेश के ऊना और हमीरपुर जिलों में यातायात का दबाव कम होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि सरकार पारदर्शी भूमि अधिग्रहण और उचित मुआवजे के साथ इन परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की उचित व्यवस्था करे, जिससे इस परियोजना को शीघ्र अति शीघ्र पूरा किया जा सके और आम जनमानस को राहत मिल सके। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Dr. Sikander Kumar: Dr. Bhagwat Karad (Maharashtra), Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh), Shri Sanjay Seth (Uttar Pradesh), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Shri Brij Lal (Uttar Pradesh), Ms. Indu Bala Goswami (Himachal Pradesh), Shri Ram Chander Jangra (Haryana), Shri Naresh Bansal (Uttarakhand), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri Baburam Nishad (Uttar Pradesh), and Shri Satnam Singh Sandhu (Nominated).

Now, Shri Sanjay Yadav.

Concern over arbitrary deductions by Health Insurance Companies in claim settlements

श्री संजय यादव (बिहार): सभापति महोदय, देश के करोड़ों स्वास्थ्य बीमा उपभोक्ताओं की ओर से मैं सरकार का ध्यान स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा क्लेम के समय की जा रही धांधली और मनमानी कटौती की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

महोदय, हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां सालाना 3 करोड़, 20 लाख – 20 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक का प्रीमियम कलेक्ट करती हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि जब अस्पताल का बिल आता है और बीमा का क्लेम किया जाता है, तो यही बीमा कंपनियां अलग-अलग तकनीकी नियमों और प्रावधानों का बहाना बनाकर बिल में से एक बड़ा हिस्सा काट लेती हैं। इससे मरीज और उसके परिवार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। स्वास्थ्य बीमा का उद्देश्य नागरिकों को बीमारी के समय आर्थिक सुरक्षा देना है, न कि नियमों की जटिलता में उन्हें उलझाना और उनकी जेब काटना। महोदय, इसमें कंपनियां अलग-अलग बहाने बनाती हैं। जैसे रूम रेंट का बहाना बनाती हैं। बीमा पॉलिसी में एक निर्धारित रूम रेंट होता है, लेकिन कई बार किसी कारणवश मरीज अस्पताल

Contents Page

में किसी अलग रूम में भर्ती हो जाता है। जब बिल आता है, तो उसमें रूम के रेंट का जो प्रोपोर्शन है, वह रूम में से नहीं काटते, बल्कि ओवरऑल बिल में से उसकी अनुपातिक कटौती कर लेते हैं।

दूसरा, अस्पताल में शामिल कई आवश्यक चिकित्सा वस्तुएं, जैसे ग्लव्स, डिस्पोजेबल आइटम्स, सैनिटाइज़र, इंजेक्शंस आदि को नॉन-पेयेबल बताकर क्लेम से काट लिया जाता है। कई बार थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर, बीमा कंपनी और अस्पतालों के अलग-अलग पैकेज होते हैं। जब ग्राहक को इन बातों की जानकारी नहीं होती, तो बाद में वास्तविक बिल के भुगतान में ये problem create करते हैं। सरकार से हमारी कुछ मांगें हैं कि वह इन बीमा कंपनियों पर अंकुश लगाने के लिए कुछ अपेक्षित कदम उठाए। जैसे स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी में अनुपातिक (प्रोपोर्शनल) डिडक्शन को समाप्त किया जाए; अस्पताल बिल में शामिल आवश्यक चिकित्सा वस्तुओं को नॉन-पेयेबल सूची से हटाया जाए; सभी पॉलिसी के नियम सरल हिंदी और अंग्रेजी में अनिवार्य रूप से प्रकाशित किए जाएं।

अस्पताल से डिस्चार्ज के समय डिजिटल और पारदर्शी क्लेम ब्रेकअप अनिवार्य किया जाए। अस्पताल बिलिंग का कोई राष्ट्रीय मानक नहीं है। एक ही बीमारी का इलाज एक ही शहर में अलग-अलग अस्पतालों में अलग-अलग हैं। इसलिए अस्पताल बिलिंग का कोई एक राष्ट्रीय मानक होना चाहिए। अस्पताल में कैशलेस सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद डिस्चार्ज के समय मरीज को दस से चालीस परसेंट बिल खुद देना पड़ता है। चिकित्सा संबंधी महंगाई सामान्य महंगाई से कई गुना अधिक है। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाए और ये ग्राहकों की जेब काटना बंद करें। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उपभोक्ताओं के अधिकारों को संरक्षित करने के लिए आवश्यक नीतिगत कदम उठाए।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Sanjay Yadav: Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shrimati Sulata Deo (Odisha), Shrimati Mahua Maji (Jharkhand), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Shri Sandosh Kumar P (Kerala), Shri Javed Ali Khan (Uttar Pradesh), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri Imran Pratapgarhi (Maharashtra), Shri Gurwinder Singh Oberoi (Jammu and Kashmir), Ms. Swati Maliwal (NCT Delhi), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Dr. John Brittas (Kerala), Prof. Manoj Kumar Jha (Bihar), Shri Anil Kumar Yadav Mandadi (Telangana), Shri Ashok Singh (Madhya Pradesh), Shri Ramji (Uttar Pradesh), Shri Haris Beeran (Kerala), Shri Prakash Chik Baraik (West Bengal) and Shri Subhasish Khuntia (Odisha).

अब, प्रो. मनोज कुमार झा।

Contents Page

Need to establish Public Libraries in every Panchayat across the country to empower Rural Communities, especially children and youth

प्रो. मनोज कुमार झा (बिहार): माननीय सभापति महोदय, मैं कई वर्षों से इस विषय को लेकर के कार्य कर रहा हूँ, तो आज सदन के माध्यम से मैं पब्लिक लाइब्रेरी मूवमेंट की चर्चा करना चाहता हूँ। हमारे देश का पब्लिक लाइब्रेरी मूवमेंट का एक स्वर्णिम इतिहास था, लेकिन न जाने यह गौरवशाली इतिहास क्यों धीरे-धीरे ढलान की ओर आ गया। एस. आर. रंगनाथन, जिन्हें फादर ऑफ लाइब्रेरी साइंस भी कहा जाता है, उन्होंने कहा था कि स्टेट फंडेड लाइब्रेरी सबके लिए सुलभ हो और यह चिंता तब होती है, जब ग्रामीण इलाकों में अगर आप 2011 का सेंसस देखें, तो हज़ारों-हज़ार किताबों की कोई उपलब्धता नहीं है।

महोदय, आज़ादी के बाद संभवतः मद्रास में पहली बार इस दिशा में कानून बना। उसके बाद आंध्रा, कर्णाटक और महाराष्ट्र में भी चर्चा हुई। social voluntary action movement ने भी इस पर काम किया, लेकिन मैं आपके समक्ष केरल का एक महत्वपूर्ण उदाहरण रखना चाहता हूँ। केरल में ग्रंथशाला आंदोलन से एक डेंस नेटवर्क का जन्म हुआ। आज की डेट में हम स्वच्छ भारत अभियान पर काम कर रहे हैं। पारिस्थितिक स्वच्छता के साथ-साथ देश को मानसिक स्वच्छता की भी आवश्यकता है और इसके लिए बेहद आवश्यक है कि लाइब्रेरी, जो कि खो गई है, गुम हो गई है, हमारी प्राथमिकताओं से उस पर बात हो, क्योंकि लाइब्रेरी एक सिविक स्पेस भी होता है और उस स्पेस का खो जाना, क्योंकि अगर आप गौर करें, तो जो टेलीविजन और विजुअल मीडियम हैं, ये passive consumption को प्रमोट करते हैं, जबकि लाइब्रेरी जैसी चीज सिविक स्पेस में एक कोलाबोरेटिव डिस्कशन को प्रमोट करती है। इस देश को आज बेहद आवश्यकता है कि हम इस प्रकार की कार्य शैली को विकसित करें। अंत में कुछ पंक्तियों के साथ मैं अपनी बात खत्म करना चाहता हूं:

"किताबों की दोस्ती सबसे बेहतर होती है।
ना वह आपको परखती है, न बदलने की शर्त रखती है।
जैसे हैं, वैसे ही स्वीकार कर लेती है।
ना अतीत की पूछताछ, ना वर्तमान पर कोई दबाव
किताब आपके अकेलेपन को आपकी कमजोरी नहीं मानती
बस चुपचाप आपके पास आके बैठ जाती है।
शायद इसी वजह से किताबें कभी नाराज नहीं होती।
बस धैर्य से इंतजार करती हैं आपके फिर से लौट आने का।"

यह लौट आने का वक्त है।

सभापति महोदय, मंत्री महोदयों से मैं आग्रह करूंगा कि लाइब्रेरी आंदोलन को सशक्त बनाइए, क्योंकि 'पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया' अन्यथा व्हाट्सएप फॉरवर्ड पर सुबह- शाम होती रहेगी। जय हिंद!

Contents Page

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Prof. Manoj Kumar Jha: Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana), Shri Sandosh Kumar P (Kerala), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Ms. Swati Maliwal (NCT Delhi), Shrimati Mahua Maji (Jharkhand), Shri Ramji (Uttar Pradesh),Shrimati Sudha Murty (Nominated), Shri Mohammed Nadimul Haque (West Bengal), Shri Ramji (Uttar Pradesh), Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shri Gurwinder Singh Oberoi (Jammu and Kashmir), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shrimati Sagarika Ghose (West Bengal), Shri Javed Ali Khan (Uttar Pradesh), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Dr. John Brittas (Kerala), Ms. Dola Sen (West Bengal), Shri Ashok Singh (Madhya Pradesh), Shri Anil Kumar Yadav Mandadi (Telangana), Shri Subhasish Khuntia (Odisha), Dr. Sarfraz Ahmad (Jharkhand), Shri Prakash Chik Baraik (West Bengal), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri Imran Pratapgarhi (Maharashtra), Shri Prakash Chik Baraik (West Bengal) and Shri Subhasish Khuntia (Odisha).

अब, श्री रामजी।

Concern over use of harmful chemicals and pesticides in food products

श्री रामजी (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार रखने जा रहा हूँ। भारत में खाने के सामान में हानिकारक chemicals और pesticides का बढ़ता उपयोग पहले मात्र फसलों तक ही सीमित था, लेकिन अब पैक्ड खाना, फल, फ्रूट, बिस्कुट, कोल्ड ड्रिंक, बच्चों के स्नैक्स, पैक्ड खाद्य पदार्थ जैसे चिप्स, नूडल्स, कैंडी, फ्लेवर स्नैक्स आदि में स्वाद बढ़ाने के लिए taste enhancing chemical का प्रयोग किया जाता है, जिसकी वजह से बच्चे घर में बने खाने को छोड़कर पैक्ड फूड के आदि हो जाते हैं। जबकि इनमें Monosodium Glutamate जैसे हानिकारक केमिकल का निर्धारित मात्रा से अधिक प्रयोग किया जाता है, जिसकी वजह से बच्चों में तमाम तरह गंभीर बीमारियाँ पनपती हैं। इसके अलावा बच्चों में फिज़िकल और मेंटल ग्रोथ रुक जाती है। इसके अलावा तमाम तरह की कैंडी, जिनका फ्लेवर, स्ट्रॉबेरी, मैंगो, औरेंज आदि स्वाद के लिए आर्टिफिशियल फ्लेवर का उपयोग होता है, जो कि एक हानिकारक केमिकल है। आए दिन टीवी पर बड़ी- बड़ी कंपनियां चॉकलेट का प्रचार करती हैं और बेचती भी हैं और उनमें भी बड़ी मात्रा में palm oil का यूज़ करती हैं, जो हार्ट के लिए भी हानिकारक है।

मान्यवर, इसके अलावा दूध को भी आज chemicals से बनाया जा रहा है। इसमें नकली पनीर व मावा आदि बनाये जा रहे हैं। इसके अलावा तमाम तरह के फलों को अलग-अलग cancerous chemicals में पकाया जाता है। जैसे कि आम, पपीता, केला आदि को Calcium Carbide में पकाया जाता है, जिसकी वजह से तमाम तरह की गंभीर बीमारियाँ शरीर में पनप रही हैं। अब तो केला और अंगूर भी सुरक्षित नहीं रहा। केले को भी हानिकारक chemical में डुबो दिया

Contents Page

जाता है और अगले दिन चमकदार पीला केला मार्किट में बिकने के लिए तैयार हो जाता है। इसके साथ ही अंगूर भी अब हानिकारक हो गया है। अब तो डॉक्टर भी अंगूर खाने से मना करते हैं। अंगूर को तोड़ने के बाद सड़ने से बचाने के लिए, ताकि वह कई दिन तक fresh बना रहे, उसमें सल्फर डाई ऑक्साइड, पोटैशियम मेटा बाइसल्फाइट, कार्बेन्डाजिम (फफूंदनाशक), थायो बेन्डाजील आदि खतरनाक fungicide और pesticide का उपयोग किया जा रहा है। यह सब पूरे देश में खुल्लम-खुल्ला बाजार में बेचा जा रहा है। यह हमारी सरकारी संस्था FSSAI (Food Safety Standards Authority of India) और स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग इसको त्वरित कार्यवाही करके रोकने में असमर्थ नजर आ रहा है। मेरी सरकार से यही माँग है कि वह इस पर कड़े कानून बनाए, जो देश के लिए, देशवासियों के लिए और आने वाली जनरेशन के हित में होगा। मेरी यही मांग है कि सरकार इसे तत्काल प्रभाव से रोकने पर विचार करे। सभापति महोदय, मुझे सदन में अपनी बात रखने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, जय भीम, जय भारत।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Ramji: Dr. John Brittas (Kerala), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Ashok Singh (Madhya Pradesh), Shri Subhasish Khuntia (Odisha), Shrimati Jaya Amitabh Bachchan (Uttar Pradesh), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh), Ms. Swati Maliwal (NCT Delhi), Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shri Javed Ali Khan (Uttar Pradesh) Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri Ravi Chandra Vaddiraju (Telangana), Shri Ram Chander Jangra (Haryana), Shri Naresh Bansal (Uttarakhand), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra) and Shrimati Sudha Murthy (Nominated).

Now, Shri Sanjay Seth.

Need to secure the UNESCO 'World Heritage City' status for Varanasi

श्री संजय सेठ(उत्तर प्रदेश): महोदय, आज मैं पूरे सदन और देश का ध्यान भगवान शिव की नगरी काशी के पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत की ओर दिलाना चाहता हूँ। वाराणसी दुनिया के सबसे प्राचीन और लगातार बसे हुए शहरों में से एक है। यहाँ के प्राचीन मंदिर, पौराणिक गंगा घाट, सदियों पुरानी सांस्कृतिक परम्पराएँ इसे अद्वितीय बनाती हैं। यहाँ का संगीत और कला बेजोड़ है तथा यहाँ का building architecture केवल प्राचीन ही नहीं है, बल्कि विश्व भर में सबसे ज्यादा रिकॉग्नाइज्ड है। पिछले 11 वर्षों में हमारे माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में वाराणसी ने विकास की एक महत्वपूर्ण यात्रा तय की है। 2014 से पहले यह शहर गंदगी, टूटी सड़कों और लटकते तारों के जाल से जूझ रहा था, लेकिन आज यह एक global city बन चुका है। माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा 53 यात्राओं में अपनी इस कर्मभूमि को 60,000 करोड़ रुपये से अधिक के infrastructure projects की सौगात दी गई है। वह चाहे काशी विश्वनाथ मंदिर

Contents Page

कॉरिडोर हो, घाटों का पुनर्निर्माण हो या सड़कों का चौड़ीकरण हो — हर जगह विकास दिख रहा है। रेलवे के द्वारा भी 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के projects मंजूर हुए हैं और ये सभी जमीन पर दिख रहे हैं। इस शानदार infrastructure का सीधा असर tourism पर पड़ा है। 2025 के आंकड़ों के अनुसार 7.26 करोड़ से अधिक पर्यटक वाराणसी आए हैं और रिकॉर्ड 120 देशों के पर्यटकों ने वाराणसी में दर्शन किये हैं। यह इस बात को दिखाता है कि वाराणसी टूरिज्म का हब बन गया है। लेकिन महोदय, इतनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और दुनिया के सबसे प्राचीन जीवित शहर होने के बावजूद भी वाराणसी की किसी भी सांस्कृतिक धरोहर को अभी तक UNESCO World Heritage List में आधिकारिक रूप से शामिल नहीं किया गया है, जबकि इसी वाराणसी के पास स्थित सारनाथ वह पावन भूमि है, जहाँ भगवान गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। इसकी सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए 2015 में ही UNESCO Creative Cities Network ने काशी को City of Music के रूप में शामिल किया था। 2026 की शुरुआत तक हमारे देश के 44 UNESCO World Heritage Sites हैं। 2017 में प्रधान मंत्री जी की जन्मभूमि अहमदाबाद को भारत की पहली Heritage City घोषित किया गया था और 2019 में जयपुर को यह सम्मान मिला है। महोदय, वाराणसी के दो प्रमुख स्थल - बौद्ध तीर्थ स्थल सारनाथ (1998 से) और ऐतिहासिक गंगा घाटों का रिवरफ्रंट (2021 से) UNESCO की tentative list में शामिल हैं। अब समय आ गया है कि 2026 में प्रधान मंत्री जी की कर्मभूमि काशी को भी World Heritage City का आधिकारिक दर्जा मिले। अतः आपके माध्यम से मेरी सरकार और सांस्कृतिक मंत्रालय से यह पुरज़ोर माँग है कि वाराणसी को UNESCO World Heritage City घोषित करवाने के लिए formal nomination की प्रक्रिया को तुरंत और तेज़ी से पूरा किया जाए।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Sanjay Seth: Shrimati Maya Naroliya (Madhya Pradesh), Dr. Bhim Singh (Bihar), Dr. Sikander Kumar (Himachal Pradesh), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Dr. Laxmikant Bajpayee (Uttar Pradesh), Shri Kesridevsinh Jhala (Gujarat), Dr. Bhagwat Karad (Maharashtra), Shrimati Sudha Murthy (Nominated), Shri Satnam Singh Sandhu (Nominated), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh), Shri Manan Kumar Mishra (Bihar), Shri Baburam Nishad (Uttar Pradesh), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Neeraj Shekhar (Uttar Pradesh), Shri P. Wilson (Tamil Nadu) and Shri Ramji (Uttar Pradesh).

Concern over rising cases of skin cancer and need to expand treatment facilities

श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई (गुजरात): सभापति महोदय, मैं आपको सादर प्रणाम करता हूँ और आपके माध्यम से देश में तेजी बढ़ रहे त्वचा कैंसर के मामलों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। आज कैंसर केवल एक चिकित्सीय चुनौती नहीं रह गया है, बल्कि यह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में उभर रहा है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

Contents Page

के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार वर्ष 2026 तक भारत में प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख से अधिक नए कैंसर मामलों का अनुमान है।

यह आंकड़ा हमारे स्वास्थ्य तंत्र के सामने एक बड़ी चुनौती प्रस्तुत करता है। सभापति महोदय, पहले यह धारणा थी कि भारतीयों की तव्चा में मेलानिन की मात्रा अधिक होने के कारण तव्चा कैंसर का जोखिम अपेक्षाकृत कम होता है, किंतु बदलती जीवनशैली, बढ़ते वायु प्रदूषण, औद्योगिक रसायनों के सम्पर्क, अत्यधिक पराबैंगनी किरणों का प्रभाव तथा जलवायु परिवर्तन जैसे कारणों से शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में त्वचा कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। देर से पहचान और जागरूकता की कमी के कारण अनेक रोगियों का उपचार समय पर प्रारम्भ नहीं हो पाता है, जिससे स्थिति और गम्भीर हो जाती है।

महोदय, सरकार द्वारा कैंसर उपचार और नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। वर्तमान में देश में लगभग 350 से अधिक समर्पित कैंसर उपचार केंद्र कार्यरत हैं, जिनमें 23 एम्स, 70 से अधिक क्षेत्रीय कैंसर केंद्र तथा अनेक सरकारी मेडिकल कॉलेजेज़ अस्पताल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग एवं स्ट्रोक नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से उपचार और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। वर्ष 2023-24 में इस उद्देश्य से लगभग 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि राज्यों को उपलब्ध कराई गई है। फिर भी, प्रति वर्ष सामने आने वाले लगभग 15 लाख नए कैंसर मामलों की तुलना में उपचार सुविधाएं अभी भी पर्याप्त नहीं हैं। देश के अनेक जिलों में रेडियोथेरेपी मशीनों, आधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाओं, प्रशिक्षित ऑन्कोलॉजिस्ट और विशेषीकृत कैंसर अस्पतालों की कमी है। ग्रामीण और दूर-दराज क्षेत्रों में मरीजों को उपचार के लिए बड़े-बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता है, जिससे उपचार की लागत और कठिनाइयाँ बढ़ जाती हैं।

अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि कैंसर नियंत्रण के लिए एक व्यापक और दीर्घकालिक रणनीति अपनाई जाए। जिला स्तर पर कैंसर स्क्रीनिंग और प्रारंभिक जांच केंद्र स्थापित किए जाएं। आधुनिक रेडियोथेरेपी और डायग्नोस्टिक उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाई जाए। मेडिकल कॉलेजों में ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञों की संख्या बढ़ाई जाए तथा जन-जागरूकता अभियानों को और व्यापक बनाया जाए।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the issue raised by the hon. Member, Shri Babubhai Jesangbhai Desai: Prof. Manoj Kumar Jha (Bihar), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Dr. Parmar Jashvantsinh Salamsinh (Gujarat), Shri Mokariya Rambhai (Gujarat), Shri Dhananjay Mahadik (Maharashtra), Dr. John Brittas (Kerala), Dr. Bhim Singh (Bihar), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Baburam Nishad (Uttar Pradesh), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Shri Mayankkumar Nayak (Gujarat), Shri

Contents Page

Madan Rathore (Rajasthan), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu) and Shri Ramji (Uttar Pradesh).

अब, श्री मुजीबुल्ला खान।

Need for effective implementation of Ayushman Bharat scheme in Odisha

श्री अश्विनी वैष्णवः सभापति महोदय, यह प्रश्न भी existing प्रश्न से संबंधित नहीं है। मैं इस प्रोजेक्ट का लगातार रिव्यू करता हूं, इसलिए मैं इसका आंसर आपको दे पाऊंगा। सर, मुंबई से अहमदाबाद का जो पहला bullet train corridor है, उसकी प्रोग्रेस बहुत अच्छी है। इसमें गुजरात का जो सेक्शन है, उसमें land acquisition शुरू से स्टार्ट हो गया था। महाराष्ट्र में जब तक उद्धव ठाकरे जी सीएम थे, तब तक उन्होंने land acquisition की परमिशन नहीं दी थी, लेकिन उनके हटने के बाद प्रोजेक्ट चालू हुआ। आज foundation – 352 km, piers-352 km, girder casting – 342 km, girder launching – 331 km, track bed construction – 152 km, OHE mast erection – 121 km and eight stations, Vapi, Bilimora, Surat, Baruch, Anand, Vadodara, Ahmedabad, Sabarmati का काम कंप्लीट होने को है। In Maharashra, foundation – 77 km, piers – 67 km, girder casting – 9 km और स्टेशन्स में ठाणे, विरार और बोईसर, तीनों प्रोजेक्ट पर चल रहा है। जो मुंबई में बीकेसी का जो अंडरग्राउंड स्टेशन है, उसमें भी बहुत तेजी से काम चल रहा है। मैंने चार बार वहां जाकर विज़िट भी की है। जो under sea tunnel है, उसमें भी बहुत तेजी से काम चल रहा है। वह भारत की पहली under sea tunnel होगी। कोलकाता में पहली अंडर रिवर टनल बनी और यह देश की पहली under sea tunnel होगी। इसकी प्रोग्रेस बहुत अच्छी है। अभी हाल ही में जापान के प्राइम मिनिस्टर ऑफिस से जो डेलीगेशन आया था, उन्होंने भी फील्ड विज़िट की। They were also very satisfied with the work. And this is going to be a major change in the way our people travel. जो नए कॉरिडोर अप्रूव हुए हैं, उन कॉरिडोर्स से भी बहुत significant change आएगा। For instance, Mumbai to Pune would become a 48 minute journey, Chennai to Bengaluru would become a 73 minute journey, Pune to Hyderabad would become less than two hours journey. इस तरह से एक significant change आएगा।

MR. CHAIRMAN: Now, Q. No. 229, the questioner is not present. Now, supplementaries.

Contents Page

*229. *[The questioner was absent.]*

Proposal for Vande Bharat Sleeper/Special Train from Bhubaneswar to Koraput

*229. SHRI MANAS RANJAN MANGARAJ: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the Ministry has received any proposal/request from Government of Odisha for running a Vande Bharat Sleeper/Special train service from Bhubaneswar to Koraput to improve rail connectivity in Southern Odisha;

(b) if so, the details thereof and the present status of examination/approval;

(c) if not, whether Central Government/Railways proposes to introduce such Vande Bharat Sleeper or any special train arrangement on the Bhubaneswar—Rayagada—Jeypore— Koraput route; and

(d) the timeline by which the said train service is likely to be operationalized?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI ASHWINI VAISHNAW): (a) to (d A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) to (d) Presently, Bhubaneswar—Rayagada—Jeypore—Koraput sector is being served by the daily service of 18447/18448 Bhubaneswar-JagdalpurHirakhand Express. Moreover, Koraput is connected to Kottavalasa by 03 pairs of train services while Kottavalasa is further connected to Bhubaneswar by 06 pairs of train services. These train services are listed below:

Trains serving Koraput-Kottavalasa sector:

SN	Train No and Name
1	18515/18516 Kirandul - Visakhapatnam Express
2	58501/58502 Kirandul - Visakhapatnam Passenger
3	58537/58538 Koraput - Visakhapatnam Passenger

Contents Page

Trains serving Kottavalasa- Bhubaneswar sector:

SN	Train No and Name
1	16107/16108 Tambaram - Santragachi Amrit Bharat Express
2	16597/16598 SMVT Bengaluru - Alipurduar Amrit Bharat Express
3	16523/16524 SMVT Bengaluru - Balurghat Express
4	16223/16224 SMVT Bengaluru - Radhikapur Express
5	17015/17016 Secunderabad - Bhubaneswar Visakha Express
6	18045/18046 Charlapalli - Shalimar East Coast Express

Besides, introduction of new train services including Vande Bharat Sleeper/Special train service on any route/section, are on-going processes on Indian Railways and depends on various factors which include:

- Capacity of that section
- Availability of path
- Availability of required rolling stock
- Availability of matching infrastructure for rolling stock
- Maintenance requirement of railway tracks and other asset

Railway has taken up infrastructure upgradation in Odisha in a big way.

Railway Budget:

Budget allocation in the recent years has increased significantly. Budget allocation for infrastructure projects and safety works, falling fully/partly in the State of Odisha is as under:

Period	Outlay
2009-14	₹ 838 Cr./year
2025-26	₹ 10,599 Cr. (Nearly 13 times)

Track Construction:

Contents Page

The details of commissioning/laying of new track falling fully/partly in the State of Odisha during 2009-14 and 2014-25 is as under:

Period	New Track Commissioned	Average Commissioning of new tracks per year
2009-14	267 Km	53 Km
2014-25	2,150 Km	195 Km (More than 3.5 times)

Project Sanctioned:

As on 01.04.2025, 49 projects (19 New Lines and 30 Doubling), of a total length of 4,010 Km, costing ₹ 67,496 crore, falling fully/partly in Odisha, are sanctioned, out of which 1,429 km length has been commissioned and an expenditure of ₹28,043 crore has been incurred upto March' 2025. The summary is as under:-

Category	No of sanctioned Projects	Total Length NL/GC/DL (in Km)	Length Commissioned till Mar'25 (in Km)	Total Exp upto Mar'25 (₹ in Cr)
New Lines	19	1,544	256	6,270
Doubling/Multi-tracking	30	2,466	1,173	21,773
Total	49	4,010	1,429	28,043

Recently Completed Projects:

Details of some of the recently completed projects falling fully/partly in Odisha are as under:

SN	Name of Project	Cost (In Crores of ₹)
1	Daitari-Banspani New Line and Jakhapura-Haridaspur 3rd Line (179 Km)	1,317
2	Jharsuguda - Sardega New Line (50 Km)	1,598
3	Haridaspur-Paradeep New Line (82 Km)	2,397
4	Angul-Sukinda New Line (104 Km)	2,834
5	Champa-Jharsuguda 3rd Line (152 Km)	1,227
6	Sambalpur-Titlagarh Doubling (182 Km)	2,262
7	Rourkela-Jharsuguda 3rd Line (101 Km)	1,313
8	Banspani-Daitari-Tomka-Jakhapura Doubling (164 Km)	1,827

Contents Page

SN	Name of Project	Cost (In Crores of ₹)
9	Sambalpur-Talcher Doubling (174 Km)	1,539
10	Raipur - Titlagarh Doubling (203 Km)	1,171
11	Jharsuguda-Sardega Doubling (50 Km)	3,200

Ongoing Projects:

Further, some of the main projects falling fully/partly in Odisha which have been taken up are as under:

SN	Name of Project	Total Cost (In Crores of ₹)
1	Junagarh-Nabarangpur New Line (116 Km)	2,865
2	Nabarangpur-JeyporeNew Line (41 Km)	748
3	Jeypore-Malkangiri New Line (130 Km)	2,344
4	Malkangiri – Pandurangapuram New Line (174 Km)	3,592
5	Buramara-Chakulia New Line (60 Km)	1,459
6	Gunupur-Therubali New Line (74 Km)	1,166
7	Puri - Konark New Line (32 Km)	492
8	Badampahar-Kendujhargarh New Line (82 Km)	1,876
9	Bangriposi-Gorumahisani New Line (86 Km)	2,269
10	Bargarh Road-Nawapara Road New Line (138 Km)	2,622
11	Vizianagram-Titlagarh 3rd Line (265 Km)	6,996
12	Jarapada- Budhapank 3rdand 4th Line with flyover at Talcher (101 Km)	810
13	Budhapank- Salegaon via Rajatgarh 3rdand 4th Line (170 Km)	2,023
14	Nergundi - Vizianagaram 3rd Line (385 Km)	4,963
15	Kottavalasa-Koraput Doubling (189 Km)	2,500
16	Koraput-Singapur Road Doubling (165 Km)	2,362
17	Jagdalpur-Koraput Doubling (107 Km)	1,547
18	Jharsuguda-Bilaspur 4th line (206 Km)	2,596
19	Bondamunda-Ranchi Doubling (159 Km)	3,029
20	Narayangarh-Bhadrak 3rd line (153 Km)	2,136
21	Bhadrak-Nergundi 3rd Line (92 Km)	1,284

The progress of some of the major projects is as under:

Contents Page

1. **Khurda Road-Bolangir (301 Km) new line: The** latest cost of the project is ₹5,089 crore. Expenditure of ₹4,311 crore has been incurred on this project upto March, 2025. An outlay of ₹1938 crore has also been provided in the financial year 2025-26.Status of project is as under:-

- Khurda Road – Daspalla (106 Km) : Commissioned
- Daspalla – Purunakatak (75 Km) : Works have been taken up.
- Purunakatak – Bolangir (120 Km) : Commissioned

Status of Daspalla – Purunakatak (75 km) is as under:-

SN	Activity	Scope	Status
1	Tunnel	7 nos (11.96 Km)	6 nos completed (7.7 Km).Works taken up in balance 1 tunnel
2	Important Bridge	5	All completed
3	Station Building	5	Works have been taken up

2. **Construction of 3rd and 4th line between Salegaon- Budhapank(85 Rkm)**: The work has been taken up. Status is as below:-

- Salegaon – Rajathgarh (23 Km) : Commissioned
- Rajathgarh – Dhenkanal (20 Km) : Land acquisition and forest land diversion completed. 4 major bridges completed. Balance work has been taken up.
- Dhenkanal – Meramundali (34 Km) : Commissioned
- Meramundali – Budhapank (8 Km) : Land acquisition and forest land diversion completed. 2major bridges and 2 stations completed. Balance work has been taken up.

Sanction of any railway project depends upon many parameters/factors which include the following:

- Anticipated traffic projections and Remunerativeness of the proposed route
- First and last mile connectivity provided by the project
- Connection of missing links and providing additional route
- Augmentation of congested/saturated lines
- Demands raised by State Governments/Central Ministries/Public representatives,
- Railway's operational requirements
- Socio-economic considerations

Contents Page

- Overall availability of funds

Completion of Railway project/s depends on various factors which include the following:

- Land acquisition
- Forest clearance
- Shifting of infringing utilities
- Statutory clearances from various authorities
- Geological and topographical conditions of area
- Law and order situation in the area of project site
- Number of working months in a year for particular project site etc.

All these factors affect the completion time and cost of the project/s.

MR. CHAIRMAN: Third supplementary, Dr. Bhim Singh.

डा. भीम सिंह: महोदय, ओडिशा राज्य में ये परियोजनाएं चल रही हैं। इसमें 21 परियोजनाओं की जानकारी दी गई है कि ये परियोजनाएं ऑनगोइंग हैं। हम जानना चाहते हैं कि इन परियोजनाओं की कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है?

श्री अश्विनी वैष्णव: सभापति महोदय, बहुत लंबे टाइम तक ओडिशा को वंचित रखा गया था, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जिम्मेदारी लेने के बाद से ओडिशा में बहुत सारे नए प्रोजेक्ट्स sanction हुए हैं। अगर मैं आपके सामने सेंक्शन हुए प्रोजेक्ट्स के बारे में चर्चा करूं, तो नॉर्थ ओडिशा में जो बुढ़ामरा-चाकुलिया प्रोजेक्ट है, जिसकी कई वर्षों से डिमाडं थी, बदामपहाड़-केन्दुझरगढ़ की भी बहुत वर्षों से डिमांड थी। बांगिरिपोषी – गोरुमाहिषामी की भी लंबे समय से डिमांड थी, जो sanction हुई। फिर बन्डामुन्डा-रांची की डबलिंग, जो झारखंड से जुड़ी है, सरडेगा से झारसुगुडा, जो छत्तीसगढ़ से जुड़ा है, वह भी सेंक्शन हुआ। फिर कोस्टल एरिया को देखें, तो खड़गपुर से विजयानगरम, बेसिकली बंगाल से होते, ओडिशा होते हुए आंध्र तक इसकी थर्ड लाइन सेंक्शन हुई। फोर्थ लाइन का डीपीआर का काम चल रहा है। पारादीप से बन्डामुन्डा थर्ड और फोर्थ लाइन सेंक्शन हुई। पुरी से कोणार्क न्यू लाइन सेंक्शन हुई। फिर वेस्टर्न और सदर्न देखें, तो संबलपुर से जरपाड़ा थर्ड और फोर्थ लाइन, झारसुगुडा से सासन थर्ड और फोर्थ लाइन, डांगोआपोसी से जारोली, थर्ड और फोर्थ लाइन, जरपाड़ा से बुढापंक थर्ड और फोर्थ लाइन, बुढापंक से सालेगांव थर्ड और फोर्थ लाइन, फिर जूनागढ़ से नबरंगपुर एकदम नई लाइन है। यह पूरा ट्राइबल एरिया है और इसमें रेलवे की कनेक्टिविटी देना बहुत जरूरी था। जूनागढ़ से नवरंगपुर, नवरंगपुर से जयपुर, जयपुर से मल्कानगिरी और मल्कानगिरी से भद्राचलम से एक कंप्लीट कॉरिडोर बनेगा। फिर एक मिसिंग लिंक थरूबाली से गुनुपुर को भी सेंक्शन किया। बरगढ़ से नुआपड़ा भी सेंक्शन किया। कोरापुट से कोतवलसा की डबलिंग सेंक्शन हुई। सब जगह काम चल रहा है। विजय नगरम से टिटलागढ़, जो वैस्टर्न ओडिशा को आंध्र प्रदेश से जोड़ता है,

Contents Page

उसकी थर्ड लाइन का भी सैंक्शन हुआ है और बरसुआ से बिमलागढ़ की डबलिंग भी सैंक्शन हुई। जो प्रोजेक्ट 50-60 वर्षों से पेंडिंग था – खुर्दा से बोलंगीर, वह आज खुर्दा से दशपल्ला, 106 किलोमीटर कम्प्लीट हो गया है। बोलांगीर साइड से देखें, तो वह बोलांगीर से पुरना कटक 120 किलोमीटर कम्प्लीट हो गया है। जो बाकी 75 किलोमीटर है, उसमें 7 टनल्स हैं और उन 7 टनल्स में से 6 कम्प्लीट हो गई हैं और अभी 1 और टनल जस्ट कम्प्लीट होने वाली है। इस तरह से ओवरऑल ओडिशा में इन 12 वर्षों में 2,000 किलोमीटर से ज्यादा के रेलवे ट्रैक्स का काम हुआ है। यह बहुत significant progress है। अब तो डबल इंजन की सरकार है, इसलिए वहाँ पर बहुत अच्छा को-ऑपरेशन श्री मोहन चरण माझी से मिल रहा है। इस तरह से ओडिशा, जो ओवरऑल कई वर्षों से नेग्लेक्ट हो रहा था, आज वहाँ करीब-करीब 91 हज़ार करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट हो रहा है।

MR. CHAIRMAN: Fourth supplementary; Shrimati Sulata Deo.

SHRIMATI SULATA DEO: Thank you, Sir, for giving me the permission. मान्यवर मंत्री जी मेरे ओडिशा राज्य से हैं और मंत्री जी मेरे जिले कटक के जिलापाल भी रह चुके हैं। उन्हें ओडिशा की भौगोलिक स्थिति के बारे में पता है, इसलिए उन्हें बताने की जरूरत नहीं है कि वहाँ पर किस तरह की प्रॉब्लम्स हैं। उन्हें सब मालूम है, क्योंकि वे कटक में जिलापाल थे। कटक और भुबनेश्वर दो twin cities हैं। वहाँ कटक में हॉस्पिटल्स हैं, हाई कोर्ट है और भुबनेश्वर हमारे ओडिशा राज्य की राजधानी है। कटक के लोग भुबनेश्वर आते-जाते रहते हैं। वे वहाँ पर पढ़ने और काम करने के लिए भी आते-जाते रहते हैं। हमारे पूर्व मुख्य मंत्री, मेरे नेता, नवीन पटनायक जी ने 1 जनवरी, 2024 को मेट्रो ट्रेन के लिए 26 किलोमीटर का कटक और भुबनेश्वर ट्विन सिटी मेट्रो के लिए फाउंडेशन स्टोन ले किया था। इसमें 20 स्टेशन्स को लेकर 6,255 करोड़ रुपये समाहित थे। अब तो डबल इंजन सरकार हो गई है, लेकिन वह प्रोजेक्ट कहाँ है? क्या वह प्रोजेक्ट cold storage में है? क्या वह प्रोजेक्ट लोगों को मिलेगा? मैं सर से इसके बारे में इसीलिए बोल रही हूं, क्योंकि उन्हें ओडिशा के बारे में सब कुछ मालूम है। वहाँ पर बहुत लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। मेरी डिमांड है कि उसे कोल्ड स्टोरेज से निकालकर जल्दी से जल्दी लोगों के पास पहुँचाया जाए। महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Now, hon. Minister.

श्री अश्विनी वैष्णव: सरतो मैं ओड़िया भाषा में जवाब दूं ,अगर आप परमिशन दें ,? &"The hon. Member has raised the matter of the Cuttack-Bhubaneswar Metro Project. In response, Sir, I wish to emphasise that Cuttack and Bhubaneswar are the twin cities of Odisha. Cuttack is an ancient city that has stood through the ages; its tradition, heritage, and culture are truly unique. As Bhubaneswar is the State Capital, numerous projects have been undertaken to enhance its connectivity with Cuttack. Recently, a four-lane highway parallel to the existing one has been sanctioned.

& English translation of the original speech delivered in Odia.

Contents Page

Furthermore, a new railway line is slated for sanction, which will allow the Namo Bharat Rapid Rail to be rolled out, providing frequent services between the two cities. This is the work done by our 'double-engine' Government. The hon. Member is certainly aware that when the Cuttack-Bhubaneswar Metro was first conceptualised, we deliberated on which connectivity solution would best befit the pride of Odisha. We must consider the most efficient and cost-effective solution. When we factor in fiscal responsibility, a surface-level project is far more viable. An elevated project costs approximately 300 crore per kilometer, whereas a surface-level project costs only 30 crore per kilometer. The objective is to provide connectivity to Cuttack and Bhubaneswar and if the solution could be provided at the cost of Rs. 30 crore per km, then, why to do it at an investment of 300 crore per km? Ultimately, it is people's money and should be well invested. That is our attitude.

MR. CHAIRMAN: Now, the House stands adjourned to meet at 2 p.m.

[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part -I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://sansad.in/rs/debates/officials *]*

The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House reassembled after lunch at one minute past two of the clock,

MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

PRIVATE MEMBERS' BILLS

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Bills to be introduced. The Right to Free Cancer Treatment Bill, 2024 - Shri Sanjay Singh, not present; the Cybercrime (Prevention and Protection) Bill, 2024 - Shri Samirul Islam, not present; the Bharatiya Nyaya Sanhita (Amendment) Bill, 2024 - Shri Prakash Chik Baraik, not present; the Disaster Management (Amendment) Bill, 2025 - Shri Jose K. Mani, not present. ...(*Interruptions*)... This is the time for Private Members' Business. Please, please. ...(*Interruptions*)... And, if the Members are not available here, then, I leave it to you to consider. ...(*Interruptions*)... Now, the Constitution (Amendment) Bill, 2025 (insertion of new article 21B and amendment of article 51A) - Shri Yerram Venkata Subba Reddy, not present. Now, the Climate Resilient Agriculture and Farmers Protection Bill, 2025 - Shrimati Renuka Chowdhury.

Contents Page

The Climate Resilient Agriculture and Farmers Protection Bill, 2025

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Telangana): Sir, I move for leave to introduce a Bill to formulate the National Mission for Climate Resilient Agriculture to mitigate the impact of climate change on agricultural productivity and ensure justice for farmers and for matters connected therewith and incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement (Amendment) Bill, 2025 - Shrimati Renuka Chowdhury.

The Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement (Amendment) Bill, 2025

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Telangana): Sir, I move for leave to introduce a Bill to amend the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013.

The question was put and the motion was adopted.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Bharatiya Nyaya Sanhita (Amendment) Bill, 2026; Shrimati Jebi Mather Hisham.

The Bharatiya Nyaya Sanhita (Amendment) Bill, 2026

SHRIMATI JEBI MATHER HISHAM (Kerala): Sir, I move for leave to introduce a Bill to amend the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023.

The question was put and the motion was adopted.

SHRIMATI JEBI MATHER HISHAM: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Kolhapuri Leather Craft (Preservation and Livelihood Security) Bill, 2026; Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik.

Contents Page

The Kolhapuri Leather Craft (Preservation and Livelihood Security) Bill, 2026

SHRI DHANANJAY BHIMRAO MAHADIK (Maharashtra): Sir, I move for leave to introduce a Bill to provide for the promotion, development, preservation, and protection of the Kolhapuri leather craft and for securing the livelihood of registered artisans engaged in such craft and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI DHANANJAY BHIMRAO MAHADIK: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Emigration (Amendment) Bill, 2026; Shri Rajender Gupta; not present. The Digital Networking Platforms (Accountability and User Protection) Bill, 2026; Dr. V. Sivadasan.

The Digital Networking Platforms (Accountability and User Protection) Bill, 2026

DR. V. SIVADASAN (Kerala): Sir, I move for leave to introduce a Bill to provide for accountability, transparency and due diligence obligations of Digital Networking Platforms; to protect users' rights; to prevent misuse of digital networking services for unlawful, harmful or deceptive purposes; and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

DR. V. SIVADASAN: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Constitution (Amendment) Bill, 2026 (insertion of new article 21B); Dr. V. Sivadasan.

The Constitution (Amendment) Bill, 2026 (insertion of New Article 21B)

DR. V. SIVADASAN (Kerala): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

The question was put and the motion was adopted.

DR. V. SIVADASAN: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Constitution (Amendment) Bill, 2026 (amendment of article 366); Dr. Bhim Singh.

Contents Page

The Constitution (Amendment) Bill, 2026 (mendment of Article 366)

डा. भीम सिंह (बिहार): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि भारत के संविधान का और संशोधन करने के लिए विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the motion was adopted.

डा. भीम सिंह: महोदय, मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूँ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Urban Areas (Development and Regulation) Bill, 2026 - Dr. Bhim Singh.

The Urban Areas (Development and Regulation) Bill, 2026

डा .भीम सिंह (बिहार): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि देश में शहरी क्षेत्रों के विनियमन और विकास को सुनिश्चित करने के लिए शहरी क्षेत्र (विकास और विनियमन) समिति के गठन और तत्संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the motion was adopted.

डा .भीम सिंह: महोदय, मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Mithila Central University Bill, 2026 - Shri Sanjay Kumar Jha; not present. The Silver Economy (Growth and Empowerment) Bill, 2026 - Shri Sujeet Kumar.

The Silver Economy (Growth and Empowerment) Bill, 2026

SHRI SUJEET KUMAR (Odisha): Sir, I move for leave to introduce a Bill to provide for the promotion, growth and empowerment of the silver economy in the country by recognizing senior citizens as active contributors to economic productivity, innovation and social capital; to establish institutional mechanisms for employment, entrepreneurship and mentorship by senior citizens; to promote age-ready infrastructure and age-tech innovation for senior citizens and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI SUJEET KUMAR: Sir, I introduce the Bill.

Contents Page

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Educational Institutions (Regulation of Admissions) Bill, 2026 - Shri A.D. Singh; not present. The Asset Tokenisation (Regulation) Bill, 2026 - Shri Raghav Chadha.

The Asset Tokenisation (Regulation) Bill, 2026

SHRI RAGHAV CHADHA (Punjab): Sir, I move for leave to introduce a Bill to provide for the legal recognition, regulation and supervision of asset tokenization in the country; to lay down a statutory framework for the issuance, trading, custody and settlement of tokenised real-world assets; to ensure investor protection, market integrity and financial stability; and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI RAGHAV CHADHA: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Protection from Strategic Lawsuit Against Public Participation (Anti-SLAPP) Bill, 2026 - Shri Saket Gokhale; not present. The Rani Chennamma and Sangolli Rayanna National Memorials Bill, 2026 - Shri Iranna Kadadi; not present. The Information Technology (Amendment) Bill, 2026 - Shri Iranna Kadadi; not present. The Rural Entrepreneurship (Development and Promotion) Bill, 2026 - Shri Iranna Kadadi; not present.

The Indian Diaspora and Migrant Workers (Protection and Welfare) Bill, 2026 — Dr. Ashok Kumar Mittal.

The Indian Diaspora and Migrant Workers (Protection and Welfare) Bill, 2026

DR. ASHOK KUMAR MITTAL (Punjab): Sir, I move for leave to introduce a Bill to provide for protection to Indian diaspora and migrant workers who are in distress in a foreign country from crimes including recruitment fraud, organ trade and trafficking; and to ensure legal aid and welfare services to them; and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

DR. ASHOK KUMAR MITTAL: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Anti Racism and Equality Bill, 2026 — Dr. Ashok Kumar Mittal.

Contents Page

The Anti Racism and Equality Bill, 2026

DR. ASHOK KUMAR MITTAL (Punjab): Sir, I move for leave to introduce a Bill to provide for measures to address the pervasive issues of racial discrimination and racial harassment in the country, to uphold the constitutional guarantees of equality enshrined in the Constitution and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

DR. ASHOK KUMAR MITTAL: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Cosmetics Bill, 2026 — Dr. Sasmit Patra; not present. Next, the National Commission for De-notified, Nomadic and Semi-Nomadic Tribes Bill, 2026 — Dr. K. Laxman.

The National Commission for De-Notified, Nomadic and Semi-Nomadic Tribes Bill, 2026

DR. K. LAXMAN (Uttar Pradesh): Sir, I move for leave to introduce a Bill to provide for the constitution of a National Commission for De-notified, Nomadic and Semi-Nomadic Tribes to safeguard their rights, inquire into violations, address historical injustice, ensure social-economic development and dignity, and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

DR. K. LAXMAN: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The National Commission for the Entitlements and Welfare of Women Farmers Bill, 2026 — Shri Sandosh Kumar P.

The National Commission for the Entitlements and Welfare of Women Farmers Bill, 2026

SHRI SANDOSH KUMAR P (Kerala): Sir, I move for leave to introduce a Bill to provide for the establishment of a National Commission for the protection of the rights, entitlements and welfare of women farmers and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

Contents Page

SHRI SANDOSH KUMAR P: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Central Nursing University Bill, 2026 — Shri Sandosh Kumar P.

The Central Nursing University Bill, 2026

SHRI SANDOSH KUMAR P (Kerala): Sir, I move for leave to introduce a Bill to establish and incorporate a Central Nursing University at Kannur in the State of Kerala to promote nursing education, training, research and leadership development, committed to the highest standards of academic rigour, professional ethics and social responsibility and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI SANDOSH KUMAR P: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Social Media Platforms (Online Safety of Minor Users) Bill, 2026 — Shri Sana Sathish Babu, not present. The Right of Children to Free and Compulsory Education (Amendment) Bill, 2026 —Dr. John Brittas.

The Right of Children to Free and Compulsory Education (Amendment) Bill, 2026

DR. JOHN BRITTAS (Kerala): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009.

The question was put and the motion was adopted.

DR. JOHN BRITTAS: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Free Education (Secondary to Undergraduate Level) Bill, 2026 — Dr. John Brittas.

The Free Education (Secondary to Undergraduate Level) Bill, 2026

DR. JOHN BRITTAS (Kerala): Sir, I move for leave to introduce a Bill to provide for free education to all children from the ninth class up to the completion of Undergraduate Degree, in order to secure substantive equality, eliminate structural barriers to higher learning; and fulfil the constitutional mandate of social, economic and educational justice; and for matters connected therewith or incidental thereto.

Contents Page

The question was put and the motion was adopted.

DR. JOHN BRITTAS: Sir, I introduce the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Sacred Bond (Parent Care Leave) Bill, 2026 — Shrimati Sumitra Balmik.

The Sacred Bond (Parent Care Leave) Bill, 2026

श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं प्रस्ताव करती हूँ कि कर्मचारियों को, अपने वृद्ध माता-पिता की चिकित्सा, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रखने में सक्षम बनाने के लिए माता-पिता देखभाल अवकाश प्रदान करने तथा तत्संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the motion was adopted.

श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक : महोदय, मैं विधेयक को पुर:स्थापित करती हूँ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Private Members' Business — Bill for withdrawal. Shri Satnam Singh Sandhu, not present. Hon. Members, further consideration of the motion for consideration of the Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Bill, 2024 moved by Dr. Fauzia Khan on 7th February, 2025. Now, I call upon the Members whose names have been received for participation in the discussion. ...(*Interruptions*)...

SHRI SANDOSH KUMAR P: Sir, I would like to raise one important issue. Allow me for a minute please.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Is it on this?

SHRI SANDOSH KUMAR P: Just one minute, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is on what subject?

SHRI SANDOSH KUMAR P: This is not related to any point of order. I am just trying to point out one important thing. We have submitted three Bills, most of us. A number of Bills are pending for so called clarification from the Ministries concerned. This is so unfortunate.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...(*Interruptions*)... Now, we are discussing.....(*Interruptions*)...

Contents Page

SHRI SANDOSH KUMAR P: We have to express our free will.....(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You approach the hon. Chairman. ...(*Interruptions*)... Follow the system. ...(*Interruptions*)...

SHRI SANDOSH KUMAR P: Sir, I think, this is the proper forum.....(*Interruptions*)...

श्री उपसभापतिः अभी हम डा. फौजिया खान के बिल पर discussion कर रहे हैं। श्रीमती धर्मशीला गुप्ता जी।

[$]The Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Bill, 2024

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता (बिहार): आदरणीय उपसभापति महोदय, आज मैं The Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Bill, 2024 पर बोलने के लिए खड़ी हूँ। सर्वप्रथम मैं अपने देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ, जिनके नेतृत्व में महिला और बच्चों की सुरक्षा के लिए माननीय मोदी जी कटिबद्ध और प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, बच्चों की सुरक्षा एवं उनके सर्वोत्तम हित से जुड़े हर रचनात्मक सुझाव का मैं स्वागत करती हूँ। साथ ही, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से जो महिला संरक्षण के लिए विभाग द्वारा संपूर्ण उचित कार्रवाई की जा रही है और ध्यान दिया जा रहा है, उसके लिए भी मैं आदरणीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी का भी आभार व्यक्त करती हूँ।

आदरणीय उपसभापति महोदय, मैं इस सदन में केवल एक सांसद के रूप में नहीं, बल्कि इस देश की करोड़ों माताओं और बहनों की आवाज़ बनकर खड़ी हूँ। मैं उस पीड़ा को लेकर खड़ी हूँ, जो तब जन्म लेती है जब किसी मासूम का बचपन डर में बदल जाता है और मैं उस संकल्प के साथ खड़ी हूँ कि इस देश में अब किसी भी बच्चे की अस्मिता से खिलवाड़ करने वाले को न समाज माफ करेगा, न कानून छोड़ेगा और न ही हमारी सरकार छोड़ेगी। माननीय सदस्य द्वारा प्रस्तुत यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2024 की मूल भावना का मैं सम्मान करती हूँ। बाल सुरक्षा का विषय अत्यंत संवेदनशील, गंभीर और दलगत राजनीति से परे है। यह केवल कानून का विषय नहीं है, बल्कि हमारे समाज के भविष्य, हमारे नैतिक दायित्व और हमारी सामूहिक चेतना का विषय है।

महोदय, जब किसी बच्चे के साथ लैंगिक अपराध होता है, तो वह केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे समाज की आत्मा पर आघात होता है। इसलिए इस विषय पर जो भी पहल हो, चाहे वह सरकार की ओर से हो या किसी निजी सदस्य की ओर से, यदि उसका उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करना है, तो वह स्वागत योग्य है। कहते हैं, जिस देश का बचपन रोता है, उस देश का भविष्य सोता है और जिस घर की चुप्पी चीख बने जाए, वहाँ विकास भी छोटा होता है, लेकिन हमें अपने आदरणीय प्रधान मंत्री जी पर गर्व है कि पूर्व की सरकारों में जो घटनाएँ होती थीं, उनके लिए उन्होंने कठोर कानून बनाए हैं। उपसभापति महोदय, यह केवल

[$] Further consideration continued on the motion moved on the 7th February, 2025.

Contents Page

शब्द नहीं है, यह उस सच्चाई का आईना है जिससे हम मुंह नहीं मोड़ सकते। साथ ही, यह उतना ही आवश्यक है कि हम तथ्यों, वर्तमान व्यवस्थाओं और सरकार द्वारा किए गए ठोस प्रयासों को भी सदन के सामने रखें।

महोदय, जब हम इस विधेयक को देखते हैं, जो हमारी माननीय सांसद द्वारा यहाँ प्रस्तुत किया गया है, तो स्पष्ट होता है कि जिन सुधारों की बात आज निजी विधेयक के माध्यम से की जा रही है, मोदी सरकार उन्हें वर्षों पहले ही धरातल पर उतार चुकी है और कहीं अधिक कठोरता, संवेदनशीलता तथा दूरदर्शिता के साथ कठोर कानून धरातल पर उतार चुकी है।

उपसभापति महोदय, इस निजी विधेयक में कुछ महत्वपूर्ण संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं। पहली दृष्टि में ये सकारात्मक प्रतीत होते हैं, लेकिन जब हम गहराई से देखते हैं, तो स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार पहले ही इन विषयों पर कहीं अधिक व्यापक और प्रभावी कदम उठा चुकी है।

माननीय सदस्य ने इस विधेयक में एक नया अध्याय 8 (क) जोड़ने का प्रस्ताव किया है, जिससे पीड़ित बच्चों को अंतरिम और अंतिम आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जा सके। महोदय, यह विचार नया नहीं है। हमारी मोदी सरकार, पहले ही पीड़ित प्रतिकर योजना को मजबूत कर चुकी है।

इसके साथ ही निर्भया फंड के माध्यम से राज्यों को वित्तीय सहायता दी जा रही है, ताकि पीड़ितों को त्वरित राहत मिल सके, उनके पुनर्वास की व्यवस्था हो सके और न्यायिक प्रक्रिया के दौरान उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। आज कई राज्यों में पीड़ितों को समयबद्ध प्रतिकर मिल रहा है। वन स्टॉप सेंटर काउंसलिंग सेवाएं और पुनर्वास योजनाएं इस व्यवस्था को और भी प्रभावी बना रही हैं। इसलिए यह कहना है कि प्रतिकर की व्यवस्था अब जाकर सोची जा रही है। ये वास्तविकता से परे होगा। विधेयक में धारा 43 में संशोधन कर शिक्षकों, संस्थानों और संबंधित कर्मियों के प्रशिक्षण को अनिवार्य बनाने का सुझाव दिया गया है।

उपसभापति महोदय, मैं सदन को स्मरण कराना चाहती हूं कि मूल अधिनियम की धारा 43 के तहत सरकार पहले से ही व्यापक जागरूकता अभियान चला रही है। स्कूलों में गुड टच, बैड टच कार्यक्रम, पुलिस बल के लिए संवेदनशीलता प्रशिक्षण, न्यायिक अधिकारियों के लिए विशेष कार्यशालाएं- ये सब निरंतर चल रहे हैं। हमारी सरकार आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बच्चियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए नए आयाम चला रही है। डिजिटल माध्यम से बच्चों और अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है, जो बहुत जरूरी है। यह सरकार केवल कानून बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में व्यवहार परिवर्तन लाने का प्रयास कर रही है। इस निजी विधेयक में धारा 21(ii) के अंतर्गत रिपोर्ट न करने पर दंड को और स्पष्ट करने की बात कही गई है, लेकिन मैं बताना चाहती हूँ कि हमारी सरकार ने 2019 के संशोधन में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था बच्चों के विरुद्ध अपराध की सूचना छिपाती है, तो उसे कठोर दंड का सामना करना पड़ेगा। आज संस्थानों में चाइल्ड प्रोटेक्शन पॉलिसी लागू करने की दिशा में ठोस प्रगति हुई है। आज हमारी बेटियां, जो स्कूल में पढ़ रही हैं, उनको हमारी सरकार की ओर से पूरी सुरक्षा और संरक्षण दिया जा रहा है।

Contents Page

उपसभापति महोदय, एक निजी विधेयक कुछ बिंदुओं पर सुझाव दे सकता है, लेकिन सरकार ने पूरे इको-सिस्टम को बदलने का काम किया है। यह सराहनीय है। यह 'मोदी है तो मुमकिन है।'

सर, न्याय में देरी, न्याय से वंचित करने के समान है। जैसा कि पूर्व की सरकार में हुआ करता था, कहीं पर कोई अप्रिय घटना होती थी, किसी बच्चे के साथ कुछ होता था, तो विपक्ष की सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगती थी, लेकिन आज मोदी की सरकार है। इसी सोच के साथ मोदी सरकार ने फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की और आज हजारों मामलों का त्वरित निपटारा हो रहा है। मैं बिहार की बेटी हूं। बिहार राज्य में भी हमारी बच्चियों को, हमारी बहनों को इससे काफी राहत मिली है, न्याय मिला है। इससे पीड़ित बच्चों को वर्षों तक अदालत के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। सरकार ने पॉक्सो रूल्स, 2020 लागू कर पूरी प्रक्रिया को बाल हितैषी बनाया है। अब बयान दर्ज करते समय बच्चे की गोपनीयता का भी ध्यान रखा जाता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा दी गई है और मनोवैज्ञानिक सहायता को अनिवार्य माना गया है। यह केवल कानूनी नहीं, बल्कि मानवीय सुधार है। सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बच्चों के साथ दरिंदगी करने वाले के लिए इस देश में कोई स्थान नहीं है। मृत्यु दंड का प्रावधान केवल दंड नहीं, बल्कि एक कड़ा संदेश है। बेटियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं – ऐसा हमारी मोदी सरकार का संकल्प है और वे उस संकल्प को धरती के पटल पर उतार रहे हैं।

उपसभापति महोदय, मोदी सरकार ने तकनीक को भी इस लड़ाई का हथियार बनाया है। ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ सख्त कार्रवाई, साइबर मॉनिटरिंग, हेल्पलाइन 1098 की मजबूती - ये सब बच्चों की सुरक्षा को नई दिशा दे रहे हैं। हमारी सरकार ने केवल प्रशासनिक व्यवस्था ही नहीं बनाई, बल्कि इसमें समाज को भी सहभागी बनाया है। एनजीओ, स्कूल, पंचायत, स्वयंसेवी संगठन - सभी को इस सुरक्षा चक्र का हिस्सा बनाया गया है।

उपसभापति महोदय, मैं यह भी कहना चाहती हूँ कि ऐसे गंभीर विषयों पर हमें राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। यदि विपक्ष रचनात्मक सुझाव देता है, तो हमारी सरकार हमेशा उसका स्वागत करती है। लेकिन केवल कागजी संशोधनों के माध्यम से यह दिखाने की कोशिश करना कि व्यवस्था अभी नहीं बनी है – यह बिल्कुल उचित नहीं है। उपसभापति महोदय, मैं सदन को यह बताना चाहती हूं कि की पॉक्सो नियम, 2020 के 9 (1) और (2) के विशेष न्यायालय द्वारा, जो अंतरिम आदेश के मुआवजे और अंतिम मुआवजे से संबंधित है, के अलावा भी 9 (3) में विशेष न्यायालय को प्रासंगिक प्रस्तुतियों के आधार पर नालसा या राज्य सरकारों द्वारा संचालित पीड़ित मुआवजे की योजनाओं के माध्यम से दंड प्रक्रिया सहित सीआरपीसी की धारा 357 के तहत मुआवजे का प्रावधान भी लागू है।

उपसभापति महोदय, इस निजी विधेयक में व्यक्त चिंताएं उचित हैं, लेकिन उनके समाधान मोदी सरकार पहले से ही व्यापक, अधिक कठोर और अधिक प्रभावी रूप से लागू कर चुकी है। आज आवश्यकता नए कानूनों की नहीं, बल्कि मौजूदा कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक जागरूकता और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की है।

Contents Page

उपसभापति महोदय, मैं गर्व के साथ कहना चाहती हूं कि यह इच्छाशक्ति देश के प्रधान मंत्री, आदणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में स्पष्ट दिखाई दी है। बच्चों की सुरक्षा केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने महिलाओं को राष्ट्र की धुरी माना है। इसलिए उन्होंने निश्चित रूप से महिला और बच्चों के सम्मान के लिए, उनकी सुरक्षा के लिए नए-नए कानून बनाए हैं। जो पूर्व की सरकार थी, उनके समय में कोई कानून व्यवस्था नहीं थी। हमारी बेटियों के साथ घटना घट जाती थी, लेकिन वहाँ पर प्रशासन नहीं पहुंच पाता था। लेकिन मोदी सरकार द्वारा हमारी बच्चियों के संरक्षण हेतु इतने अधिक कानून बनाए गए हैं कि आज त्वरित कार्रवाई होती है और हमारी बेटियों को, बच्चियों को अविलंब निर्णय मिलता है, फैसला मिलता है, न्याय मिलता है। सरकार की ओर से जो दोषी हैं, उन्हें उचित दंड किया जाता है। महोदय, यह मोदी सरकार में ही संभव है। मैं इस अवसर पर यह भी बताना चाहती हूँ कि मैं बिहार की बात करती हूँ कि 2005 से पहले, जब वहाँ पर हमारी विपक्ष की सरकार थी, तब हमारी महिलाएँ और बच्चियाँ बिल्कुल असुरक्षित थीं। वे स्कूल नहीं जा पाती थीं।

लोग घर से बच्चियों को निकलने नहीं देते थे और इतना घबराते थे कि क्या हमारी बच्चियाँ लौट कर घर आएंगी या नहीं। हमारी बहनें लौट कर घर आएंगी या नहीं। जब से बिहार में एनडीए की सरकार बनी है, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी और नीतीश जी की सरकार बनी है, तो हमारे बिहार में भी आज बच्चियों और महिलाओं को सुरक्षा मिल रही है। उन्हें हेल्पलाइन सेंटर मिल रहा है, निर्भया फंड से सहायता मिल रही है और फास्ट ट्रैक कोर्ट से न्याय मिल रहा है। यह बड़ी उपलब्धि आदरणीय मोदी जी की सरकार की ही है।

महोदय, मैं माननीय सांसद महोदया से यह कहना चाहूँगी कि सदन में बैठे हुए हम जितने भी सांसद हैं, हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम बेटियों के संरक्षण के लिए, सुरक्षा के लिए कटिबद्ध और प्रतिबद्ध रहें। सरकार के द्वारा जो काम किए जा रहे हैं, जो संरक्षण का काम किया जा रहा है, जो सुरक्षा का काम किया जा रहा है, उनमें हमेशा भागी होकर, हमें उन बच्चियों और बेटियों की मदद करना चाहिए, न कि उनके विरोध में कोई विधेयक लाना चाहिए। मैं उन्हें यह स्पष्ट रूप से कहना चाहती हूँ।

महोदय, मैं यह बताना चाहती हूँ कि 2020 में जब हमारी सरकार नए कानून लाई, तब विपक्ष हंस रहा था कि कानून सिर्फ कागजों पर चलता है। लेकिन आज आदरणीय प्रधान मंत्री जी पर पूरे देश को गर्व है कि कानून सिर्फ कागजों पर नहीं चलता है, बल्कि वे जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। जब भी कोई घटना घटती है, तब हमारा प्रशासन वहाँ तुरंत पहुंचता है और सरकार द्वारा जो नियम बनाए गए हैं, उनके अनुसार त्वरित कार्रवाई की जाती है। यह मोदी की सरकार है।

महोदय, हमारी बेटियाँ गाँव में झोपड़ियों से बाहर नहीं निकलती थीं और उनके अभिभावक उन्हें स्कूल नहीं जाने देते थे। हमारी बहनों को नौकरी करने के लिए नहीं जाने देते थे। माँ चिंता से घर में सोती नहीं थी, लेकिन आज का जो परिदृश्य है, आज का जो समाज है, आज

Contents Page

का जो हमारा देश है, उसमें हमारी बहनें, हमारी बेटियाँ, हमारी बच्चियाँ आज सुरक्षित हैं, तो मोदी जी के नेतृत्व में ही सुरक्षित हैं। आज महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के द्वारा हमारी बेटियों को भी शिक्षा और संरक्षण देने का काम किया गया है। जो हमारे सुदूर गाँवों की बच्चियाँ हैं, अंतिम, शोषित, वंचित परिवार की बेटियाँ हैं, जब वे स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाती हैं, तब उन्हें वहाँ पर भी कोई डर नहीं होता है, कोई भय नहीं होता है। आज आंगनवाड़ी केंद्र सिर्फ कागज पर नहीं चलता, बल्कि वहाँ पर हमारी बच्चियाँ शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाती हैं और सुरक्षित जाती हैं। उन्हें किसी बात का भय नहीं होता है। आज हमारी बेटियाँ स्कूल जाती हैं, कॉलेज जाती हैं। आज बच्चियाँ पढ़ाई कर रही हैं, सांस्कृतिक क्षेत्र में कार्य करती हैं। एथलेटिक्स के क्षेत्र में, खेलकूद के क्षेत्र में जा रही हैं और बिल्कुल निर्भीक होकर जा रही हैं। उन्हें किसी बात का डर नहीं रहता, कोई चिंता नहीं सताती कि हमारे साथ कोई अप्रिय घटना घटने पर कोई हमारा साथ देने वाला नहीं होगा। हमारी जिन मासूम बच्चियों और बहनों के साथ कुछ अप्रिय घटना घटती है, आज उनके साथ देश है। मैं पूर्व की सरकार को कहना चाहती हूँ कि वे सो जाते थे, सो करके सत्ता सुख लेते थे, लेकिन हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी का कहना है कि सोना नहीं है, जागते रहना है और हमारे भारत को 2047 में विकसित भारत बनाना है। इसके लिए हमें अपनी बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, हमारी बहनों की शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता पर ध्यान देना है। हम सभी मिलकर उस ओर कदम बढ़ा रहे हैं कि 2047 में जो मोदी जी का संकल्प है, उसके आधार पर हमारा भारत आत्मनिर्भर भारत बनेगा और हमारा भारत विश्व गुरु बनेगा। ...(**समय की घंटी**)...

महोदय, अंत में मैं इस पॉक्सो विधेयक के संबंध में सरकार के द्वारा जो काम किए गए हैं, उनसे सहमत हूं। मैं माननीय सदस्य का विरोध करती हूं कि वे गलत हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः डा. अशोक कुमार मित्तल ।

डा. अशोक कुमार मित्तल (पंजाब)**:** महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे The Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Bill, 2024 पर बोलने का मौका दिया।

"बचपन की हिफाजत अगर हम न कर पाएंगे,
तो आने वाले कल को हम क्या मुंह दिखाएंगे।"

महोदय, किसी भी कानून को मजबूत करने से पहले हमें समस्या को सही ढंग से समझना होगा। यदि हम बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध को देखें, तो मेरी नजर में मुख्य तौर पर 3 तरीके के अपराधी होते हैं। पहले एक्सटर्नल ऑफेन्डर्स, बाहर वाले क्रिमिनल्स। सर, ये वे लोग होते हैं, जो बच्चों को किडनैप करते हैं, उठाकर ले जाते हैं, ट्रैफिकिंग करते हैं, जबरन मजदूरी कराते हैं, भीख मंगवाते हैं, शारीरिक शोषण करते हैं और बच्चों को दूसरे राज्यों या विदेशों तक में बेच देते हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2023 में बच्चों की किडनैपिंग के 79 हज़ार दर्ज हुए और जो दर्ज नहीं हुए, वे अलग हैं। मानव तस्करी के सैकड़ों मामले सामने आए। कुल मिलाकर 1 लाख, 77 हज़ार से अधिक केस बच्चों के खिलाफ अपराधों से संबंधित थे, वे दर्ज हुए। सर, ये आंकड़े दिखाते हैं कि अपराधियों में डर का अभाव है। सर, मेरी गुजारिश है कि ये जो बाहर के अपराधी हैं, इनके लिए हर जिले में अलग से एक विशेष चाइल्ड क्राइम इन्वेस्टिगेशन यूनिट बनाई

Contents Page

जाए और बच्चों के खिलाफ, जो चाइल्ड ऑफेन्सेज होते हैं, उनमें टाइम-बाउंड इंक्वायरी और टाइम-बाउंड ट्रायल हो और इसका समय एक साल से ज्यादा नहीं होना चाहिए, ताकि अपराधियों में डर का एक माहौल पैदा हो, जिससे वे बच्चों के खिलाफ कोई भी अपराध करने से डरे।

सर, जो दूसरे तरीके के अपराधी हैं, वे इससे भी ज्यादा खतरनाक हैं और वे हैं अंदर के अपराधी, मतलब नॉन-ऑफेन्डर्स। इन मामलों में अपराधी रिश्तेदार हो सकते हैं, पड़ोसी हो सकते हैं, पारिवारिक मित्र हो सकते हैं, परिचित हो सकते हैं। सर, बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों का बड़ा हिस्सा हमेशा परिचित लोगों के साथ ही किया जाता है। भारत में पॉक्सो के तहत 2023 में लगभग 67 हज़ार मामले दर्ज हुए और जो दर्ज नहीं हुए, वे इसके अलावा हैं। सर, ये वही अपराध हैं, जो सबसे ज्यादा मौन और शर्म की दीवार के पीछे छुप जाते हैं। यह अपराध की सबसे बड़ी त्रासदी है। इसीलिए इन अपराधों के लिए शायद कानून होना चाहिए, पर उससे ज्यादा जरूरी है कि हम बच्चों को सशक्त बनाएं। हमें अपने बच्चों को सिखाना होगा कि गुड टच क्या होता है, बैड टच क्या होता है, अनसेफ बिहेवियर क्या होता है और गलत व्यवहार के खिलाफ बोलना कमजोरी नहीं, बल्कि वह बच्चों का साहस है। स्कूल में बच्चों के लिए चाइल्ड सेफ्टी एजुकेशन अनिवार्य होनी चाहिए। बच्चों के लिए नहीं, बल्कि माता-पिता के लिए भी अवेयरनेस प्रोग्राम होने चाहिए कि वे बच्चों को इस तरीके के अपराधों से बचने के लिए कैसे शिक्षित करें। सर, इसके साथ एक और बड़ा पहलू है, जो हम अक्सर भूल जाते हैं कि भारत के नेशनल सर्वे के मुताबिक भारत में एक-तिहाई बच्चे malnutrition का शिकार हैं। 35 प्रतिशत बच्चे stunted हैं, 32 परसेंट बच्चे अंडरवेट है। जब मैं यूनिसेफ की 2025 की रिपोर्ट की बात करूं, तो उनके मुताबिक भारत में 20 करोड़ में से 14 करोड़ बच्चों को, मतलब दो-तिहाई बच्चों को बेसिक फैसिलिटीज़ भी नहीं मिलती है। सर, जब बच्चा शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होगा, तो वह अपने अपराधी का कैसे मुकाबला करेगा? हमारे लिए बच्चों के nutrition पर भी ध्यान देना जरूरी हो जाता है।

महोदय, जो तीसरा और जो तेजी से बढ़ता खतरा है, वह ऑनलाइन अपराधियों का है, डिजिटल अपराधियों का है। सर, ये अपराधी सड़क पर नहीं बैठे होते हैं। ये नजर नहीं आते हैं। ये फोन पर पीछे छिपे बैठे होते हैं या लैपटॉप के अंदर बैठे होते हैं। सोशल मीडिया, चैट प्लेटफॉर्म, गेमिंग ऐप, पोर्नोग्राफिक नेटवर्क के माध्यम से बच्चे online grooming, sexual exploitation, blackmail और cyber sexual abuse के शिकार हो जाते हैं, लेकिन इस अपराध की चुनौती है कि अपराधी छुपा होता है।

इसलिए भारत को डिजिटल स्तर पर प्रो-एक्टिव एन्फोर्समेंट की जरूरत है। कई देशों में अंडर-कवर डिजिटल ऑपरेशंस होते हैं, लेकिन भारत में ऐसी स्ट्रक्चर्ड एजेंसी नहीं है। इसलिए भारत में भी नेशनल डिजिटल अंडर-कवर चाइल्ड प्रोटेक्शन एजेंसी होनी चाहिए, ताकि हम बच्चों को ऑनलाइन ग्रूमिंग और एक्सप्लाइटेशन से बचा सकें।

Contents Page

सर, एक और समस्या मिसिंग चिल्ड्रेन की है। सर, यह आखिरी प्वाइंट है। रिपोर्ट के मुताबिक हर वर्ष एक लाख से अधिक बच्चे मिसिंग होते हैं। सर, राजधानी दिल्ली में देखिए, 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच तकरीबन 500 बच्चे मिसिंग हुए। 2025 में राजधानी दिल्ली में 4 हजार लड़कियां मिसिंग हुईं, विमेन मिसिंग हुईं। सर, जब एक बच्चा मिसिंग होता है, तो परिवार की नींद मिसिंग हो जाती है, माँ की धड़कन मिसिंग हो जाती है और एक पिता का विश्वास मिसिंग हो जाता है। कई बार तो देश का तंत्र भी मिसिंग लगता है। इसलिए मैं सुझाव दूंगा कि मिसिंग चिल्ड्रेन के लिए एक रियल टाइम नेशनल ट्रैकिंग सिस्टम हो और अभी जो जनगणना आने वाली है, उसमें मिसिंग चिल्ड्रेन का या परिवार के मिसिंग लोगों का एक कॉलम जोड़ा जाए, ताकि हम इस समस्या का सही आकलन कर सकें और इस पर कार्रवाई कर सकें।

सर, अंत में, उन सभी मासूमों की चीखें, जो कानून के गलियारों में, फाइलों में दबी हुई हैं, वे न दबी रहें, हम उनको बाहर निकालें और अपने फ्यूचर को, अपने बच्चों को न्याय दे सकें, एक अच्छा देश, एक सुरक्षित देश दे सकें। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri A. A. Rahim; not present. Shrimati Sudha Murty.

SHRIMATI SUDHA MURTY (Nominated): Thank you, Sir, for giving me this opportunity. Give me a little more time. I am a teacher. Sir, I rise here to support Madam Fauzia Khan's Amendment Bill, because it is really good. Let me start with two case studies. I worked, for the last 30 years, for the betterment of women in various sections, and one of them is definitely POCSO. Sir, I will tell a case study. My sister is a doctor, a gynaecologist. These are all true stories. I asked her, in general, what did you find very funny! She said, there are many patients who are medically fit. Their blood report, everything is fine, but they don't conceive. I said, why? She says, when they don't conceive, the last resort for me is to send them to counsellors. When they go to counsellors, invariably, it comes through that they had sexual abuse when they were young. That affects them, not to have a proper married life, not even to conceive. Because of the kind of anxiety, the kind of depression or the fear that gets into them and their body, they are not able to conceive, though medically they are
completely fit.

I want to give the second example. This is a true example. There was a lady who was 70 years old, and she went for counselling. What is the reason of counselling at 70? She had two children, both had studied and they were abroad. She was suffering from loneliness syndrome. So, I thought, she had gone for treatment for her loneliness syndrome. Her husband was not there; he had died. But, to my surprise, she told me that she is so scared that any noise she comes across,

Contents Page

she thinks that the person, who abused her sexually when she was young, is coming back. That means, it has remained with her for 70 years, and now also she takes counselling sessions.

Sir, if you have flowers at home, they will fade away in two hours. If you have fruits at home, they will stay for a day. If you have chocolate at home, they will stay for two days. But the sexual abuse experience, the shelf life, is for life. It is one of the worst experiences a woman can undergo. Nowadays, I say, even young boys also undergo that. So, this is one of the great subjects where all of us, whether it is the Left or the Right or the Centre, should worry, that what is POCSO, why it is needed, why the Amendment is needed. Though many good points are there, but why is the amendment needed in this?

Sir, most of the time, what I have noticed, and I have confirmed it in my survey, is that the predator is always -- if it is a woman, if it is a young girl -- the 'uncles' at home. Seventy per cent of the time, it is a male member in the family who does this, and he says, don't tell this to anybody.

So, the child is not able to tell anyone. I would give hon. Member here all the details with the book. I would not talk without a proper survey. Now, it is also true for boys, but I would talk more about girls because, of course, my work is on women and I have got more statistics on them. So, at home, they are not able to tell their mother because the mother is strict, or sometimes even if the mother comes to know, she may not able to take it up if the wrongdoer is her own brother, or the father may not be able to take it up if it is his own brother. So, the children get scared of telling their mother. There is a Sanskrit shloka - "लालयेत् पंच वर्षाणि, दश वर्षाणि ताडयेत्। प्राप्ते तु षोडशे वर्षे, पुत्रं मित्रवदाचरेत्॥" It is beautifully written. At five years, you should cuddle the child. Whatever the child does, you should always ignore. At ten years, if the child makes a mistake, you must use *danda* and say it is wrong. But, when the child is 16, the child becomes more of your friend. A daughter or a son becomes your friend. Actually, in real life, this does not happen. Most mothers do not want their children to tell this kind of a thing to them. So they say, 'Do not tell anybody, इज्जत का सवाल है। If somebody comes to know, what would happen to the family's reputation, what would people say, how would you get married?' So many taboos come in. So, the mother may be friend in choosing a saree, choosing a piece of jewelry, but there is a difficulty when a child has to say to the mother, 'Amma, this has happened to me today; somebody touched me in a wrong place'. A child is not able to tell that to the mother. Similarly, the next place is school. In school, a teacher is

Contents Page

always at a higher position. The teacher is the one who gives education to the child, is strict with her and gives marks. So, the child cannot tell her teacher also. And, every teacher is not that compassionate or large-hearted to sit and listen patiently to the child. The result is that the child cannot go anywhere, neither to the left nor right, neither home nor school. What would the child do? So, the child feels inferior about herself or himself. Statistics show —I have not done study with men - that some small boys are also molested by elderly ladies. So, the child feels insecure and feels anxiety and depression. They are introduced to fear of facing people and this is the main reason that a child's life is spoiled for the rest of the years that they stay there.

Sir, POCSO is one of the most important things which have come into the picture, but it is not completely implemented. That is what I want to talk today. How can you implement this? We know there is a problem, and there are solutions, but implementation is a problem. The first point is awareness. When parents chose a school for their child, they see if the school building is beautiful, whether it is an English medium school, they see if you got 99 per cent marks or a good ranking. That is all that they see. But does any parent see if there is a counselor there, a counselor who will tell or who will give that confidence to a child, who will address such issues, because when such things happen, the child should have a friend or someone who can listen to the child and tell the child, 'do not worry, this is not your fault'. The child worries. I worked with sex workers for 20 long years. Every sex worker used to cry and say, 'this happened to me when I was a child', or this happened and changed my life', and so on. They want only one word from you, "it is not your fault, you don't worry." They want सांत्वना, that is, an assurance saying that it is not your fault. The child wants that and that can be given by mother at home, a teacher or a counsellor. It should not be like one counselor for 2,000 students. That is not correct. You should find out through statistics how many children require a counsellor, and that should be made compulsory. If there are no counsellors in a school, I request the Government to cancel the registration of that school, because this is very important. Both young boys and girls should be very safe in their childhood and they should enjoy childhood without any such bad incident that mars their childhood. Secondly, parents should also be sensitized. Parents always look at the competition and force children to get into IITs or other such institutions. If a child is not mentally well, if the child is scared, if the child functions in the school, but is not happy inside and there is great anxiety in the child, then it is not worth it whichever college he or she gets admission into.

Contents Page

3.00 **P.M.**

Make the child, first mentally healthy. So, parents, at the time of admission, should be made part of this counselling. First of all, you should take care of them. In case it happens -- it is not that it happens every day to everybody -- then how to handle it? Do not scold the child. You should say, 'It has happened; it is not your fault; do not worry'. You have to hold the child in confidence. So, parents have to be sensitized, first, and then the teachers have to be sensitised. In their B.Ed education, it is only Physics, Chemistry, creative art, etc. POCSO should be part of the Bachelor of Education course. It is must. The teachers should know the unusual behaviour of the child in the school. Sometimes, children urinate in the class. They may be 7-8 years old girls. Why has it happened? Why is the child is not smiling today? A teacher is paid not only for education, but also to understand the behaviour of child why it happens. The teacher should take the child and talk to child. If she is not able to solve this one, they should go to the counsellor along with the parents, making doubly sure that nothing is wrong with her, assuring that it just happened and it will not happen again. That assurance should be given. So, parents have to be sensitised. In B.Ed course, you should have this aspect for teacher. Every year, it should be renewed. It should not that, in 1975, I had a B.Ed, and as part of it I learned Sexology, and then I will keep quiet for rest of my life. No; every year, it has to be renewed because new methods have come; new ways of convincing have come. Thirdly, NEP-2020 has mandated that social and economic condition of child should be very good. But, NCF-2023 textbook contains a chapter on 'Good touch and bad touch' and 'Adolescence' in Grade-7. Many private schools, I have seen, will tear those pages because teachers feel very shy to talk about touch, good touch, bad touch, adolescence, what kind of a hormones you will have, how you will behave, where you will get hair, etc. They feel that all those things should not be talked about and they should be brushed inside. Because of tearing of pages, children will not learn. Many times parents get upset, do not teach sex education to our children. "It is not good; we do not want to tell you that." But, they should know what the consequences of that are and what it means. You know, we are a closed society. We do not open it. But, please, open it, at least, not to the public, but to mother, teacher and counselor. This is must. A child is molested — maybe in 60 per cent of the instances -- where you leave the child with a male member like your security guard, your driver or your cook. They are taken on a contract basis without verification. They should be sensitised in their organisation, 'Look, if you do all these things, for any touch, for every touch, there is a kind of a jail term'. That should be

Contents Page

taught to them. We should sensitive them saying, 'Look, if you misbehave, these are the things'. When you are taking an apartment, even apartment management also should sensitise the security and all other people saying, 'Look, in this condition, if you do anything wrong, you will go to jail'. That jail term should be hard and it is not that you can negotiate it with money. It should not be like Rs.1 lakh or 2 years of jail. You give Rs.1 lakh and also 2 years or 3 years of jail. Make the punishment very harsh. Then only, POCSO can be implemented. Today, we always talk that we respect women. We also tell the *shloka*, *'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः'* It means, where you respect women, where you look at women with a great awe, there resides Devi and you will be prosperous. But, in real life, that is really not true. Actually, women are subjected to very cruel conditions in real life. The *shloka* is different and real life is different. So, young men should be sensitized. Please remember, all boys or girls should be sensitized that I will not accept this or that touch; I will report and, in a bold way, they should come out.

So, I really feel we should take this seriously. It should be part of our education. Now, times have changed. Both parents are working. They have to depend on many other helpers at home and there is a possibility of such things, but if you make your girls smart, make your children smart, to understand that and if something happens, they should come and report. The guilty should be severely punished. Then only we can stop instances of molestation or sexual offences against children. You can really prevent these things and help them to have a better life. Childhood is like a flower. Do not put the flower on a flame; do not put the flower below the stone; do not put the flower in the water. Allow the bud to bloom naturally. Towards that end, all of us have to work. Thank you very much, Sir, for giving me time. I support the Bill brought forward by Dr. Fauzia Khan and I wish her all the best, and let us implement this as early as possible. *Dhanyawad; Jai Hind!*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Ghanshyam Tiwari.

श्री घनश्याम तिवाड़ी (राजस्थान): माननीय उपसभापति महोदय, मैं आदरणीय सुधा मूर्ती जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने इस डिबेट को बहुत गंभीर स्वरूप प्रदान कर दिया है और वास्तव में हम गंभीरता से इस पर विचार कर रहे हैं। मैं आदरणीय फौजिया खान जी की भावना का स्वागत करता हूं। उन्होंने POCSO Act की धारा 19, धारा 21, धारा 25, धारा 33, धारा 43 और उसमें एक नया अध्याय 8A, जो कि मुआवजा के संबंध में है, को जोड़ने के लिए यह जो संशोधन बिल पेश किया है, इसमें उनका उल्लेख किया है।

Contents Page

माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपका ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि यह विषय बहुत गंभीर है। यह केवल कानून के दायरे तक सीमित नहीं है। यह पारिवारिक दायरे से भी संबंधित है, इससे आर्थिक विषय भी जुड़े हुए हैं, इससे सामाजिक और सांस्कृतिक विषय भी जुड़े हुए हैं और इससे परिवार भी जुड़े हुए हैं। अपने यहां जो सामूहिक परिवार थे, वे सामूहिक परिवार बिखरकर अब जो एकाकी परिवार हो गए हैं, उनकी भी यह समस्या हो गई है। जो छोटे परिवार हो गए हैं, उनकी भी यह समस्या हो गई है। आज माँ-बाप, दोनों ही काम करने वाले हैं और एक बच्चा जो घर में है, उसकी भी यह समस्या हो गई है। दूसरा, करियर बनाने के लिए मां-बाप के द्वारा बच्चों पर जिस प्रकार का दबाव डाला जाता है, वह भी बहुत बड़ी समस्या हो गई है। हम रोज पढ़ते हैं कि भिन्न-भिन्न इंस्टीट्यूट्स में पढ़ने वाले जो लड़के-लड़कियां हैं, वे सुसाइड करते हैं, वह भी एक बड़ी समस्या है। जो लैंगिक अपराध है, वह केवल अपराध की परिभाषा तक ही सीमित नहीं है। अभी आदरणीय सुधा मूर्ती जी ने अपने भाषण के क्रम में यहां दो श्लोक रखे। उनमें से एक श्लोक थाः

"लालयेत् पंच वर्षाणि, दश वर्षाणि ताडयेत्।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे, पुत्रं मित्रवदाचरेत्॥"

इसका अर्थ है कि बच्चे को 5 वर्ष की आयु तक खूब लाड़-प्यार करो। *दश वर्षाणि ताडयेत्* - यहां पर "*ताडयेत्*" का मतलब मारना नहीं है, बल्कि उनको प्रशिक्षण देना है, उनको पढ़ाना है। *प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं* - जब पुत्र 16 साल का हो जाए, तो उसको मित्र के समान मानना चाहिए।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं एक और बात ध्यान में लाना चाहता हूँ। यहां पर "पुत्र" शब्द का जो प्रयोग किया गया है, इस "पुत्र" शब्द का प्रयोग संस्कृत में पुत्र और पुत्री दोनों के लिए होता है। इसमें बेटा, बेटी दो शब्द का प्रयोग नहीं है। इसलिए मैं जहां-जहां "पुत्र" शब्द का प्रयोग कर रहा हूं, उसका अर्थ बेटा-बेटी दोनों है। संस्कृत एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसमें पुत्री और पुत्र का प्रयोग नहीं किया गया है, केवल "पुत्र" शब्द ही बोला गया है। "पुत्र" का मतलब पुत्री भी है और "पुत्र" का मतलब पुत्र भी है, इसलिए इसमें *पुत्रं मित्रवदाचरेत्* कहा गया है।

उन्होंने दूसरा श्लोक बोला थाः

'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः'

अर्थात्, जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवताओं का निवास होता है। माननीय जयराम जी, यह श्लोक मनुस्मृति का है। आज खरगे साहब नहीं हैं, नहीं तो मनुस्मृति का नाम आते ही वे यहां खड़े हो जाते।

श्री उपसभापतिः जयराम जी संस्कृत के खुद बड़े विद्वान हैं।

श्री घनश्याम तिवाड़ीः इसीलिए मैं उन्हें याद दिला रहा हूं। मैं तो आमतौर पर विद्वानों से ही बात करता हूं। बच्चों के प्रति जो अपराध होते हैं, उनको भगवान भी सहन नहीं करता है, तो हम क्यों सहें? हमारे यहां एक बहुत बड़ा उदाहरण भगवान नरसिंह अवतार का आता है। हिरण्याक्ष और

Contents Page

हिरण्यकश्यप दो राक्षसों का नाम आता है। हिरण्यकश्यप राजा था। उसने वरदान प्राप्त करने शुरू कर दिए। उसने वरदान लिया कि मैं दिन में भी नहीं मरूंगा, मैं रात में भी नहीं मरूंगा, मैं अंदर भी नहीं मरूंगा, मैं बाहर भी नहीं मरूंगा, अस्त्र से भी नहीं मरूंगा, शस्त्र से भी नहीं मरूंगा, आदमी से भी नहीं मरूंगा, जानवर से भी नहीं मरूंगा। इस तरह के सारे वरदान प्राप्त कर लिए और जो उसका बच्चा प्रह्लाद था, उस पर उसने अत्याचार करना शुरू कर दिया। जब प्रह्लाद पर अत्याचार करने लगा और प्रह्लाद ने विरोध किया कि मैं तो भगवान को मानता हूं, भगवान आपसे बड़े हैं, तो वह प्रह्लाद को मारने के लिए तलवार लेकर आया। उसी समय भगवान खंभे को फाड़कर नरसिंह के रूप में प्रकट हुए और भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। यह जो भक्त प्रह्लाद की रक्षा है, वह हमें बालकों की रक्षा का संदेश देती है। इसलिए होली का उत्सव जब मनाते हैं, तो होली के चारों तरफ बैठकर छोटे बच्चों की ढूंढ पूजते हैं कि ढूंड नाम की राक्षसनी से उनकी रक्षा हो, इसलिए बच्चों की रक्षा करने का काम हमारे यहां शास्त्रों में भी बताया गया है। हमारे यहां बच्चों के लिए और भी बहुत सी बातें कही गई हैं। मैं यह चर्चा इसलिए कर रहा हूं कि केवल कानून से काम नहीं चलता। कानून तो होना ही चाहिए, वह है भी, लेकिन संस्कारों से भी होना चाहिए। महोदय, हमारे यहां बच्चों का बहुत बड़ा इतिहास है। ब्रह्मा जी ने जब सर्वप्रथम सृष्टि की रचना की, तो सनकादिक को उत्पन्न किया। वे पांच बालक थे। जब ब्रह्मा जी से पूछा गया कि उन्हें क्यों उत्पन्न किया, तो उन्होंने कहा कि मैंने सृष्टि के निर्माण के लिए तुमको पैदा किया है। तब उन्होंने मना कर दिया कि हम इस काम को क्यों करें, तब से हम सनकादिक को पूछने लगे। यहां हमारे केरल के सदस्य चले गए। हमारे सामने एक सदस्य केरल से बैठे हैं, तो मैं बताना चाहता हूं कि केरल के कालड़ी गांव के आदि शंकराचार्य नौ वर्ष की आयु में आचार्य बन गए थे। उन्होंने पूरे भारतवर्ष में भ्रमण करके सनातन धर्म की ध्वजा को फैलाया, अद्वैत की स्थापना की और हजारों ग्रंथ लिखे। वे भी बालक ही थे। प्रह्लाद भी बालक था और भगवान श्रीकृष्ण भी आठ वर्ष के बालक थे, जब उनकी माता ने उन्हें लकड़ी और कमंडल देकर जंगल में गाय चराने के लिए भेजा। उसी दिन से हम भगवान श्रीकृष्ण की गोपाष्टमी भी मनाने लगे। यानी बच्चों के प्रति हमारे समाज में इस प्रकार की भावना रही है। इसलिए बच्चों के प्रति ऐसी ही भावना होनी चाहिए। अभी सुधा मूर्ति जी ने कहा कि बच्चे फूल होते हैं, उन्हें खिलने दो। हमारे यहां तो यह भी कहा जाता है कि बच्चों में भगवान के दर्शन करो। इसलिए हमारे दर्शन के साथ-साथ अगर हम कानून बनाएंगे और उसके हिसाब से काम करेंगे, तो हमें उसमें बहुत बड़ी सफलता मिलेगी।

यह जो पॉक्सो एक्ट है, उसमें जो बातें हैं, उन बातों को मैं आपके सामने निवेदन करना चाहता हूं। माननीय सदस्य ने कहा कि धारा 19 और 21 में संशोधन किया जाए, लेकिन 2012 का जो कानून था, उसमें बहुत बड़े बदलाव 2019 में कर दिए गए हैं। अगर आप उन संशोधनों को देख लेतीं, तो आपकी बहुत सी समस्याओं का समाधान उसमें मिल जाता। जैसे 2019 में बच्चों के खिलाफ जघन्य अपराधों के लिए मृत्यु दंड तक का प्रावधान किया गया है। अगर बच्चों के खिलाफ इस प्रकार का अपराध होता है, तो उनमें से बहुत से अपराध तो सामने ही नहीं आते।

यह केवल अपराधियों के द्वारा या बाहर के लोगों के द्वारा किया हुआ अपराध नहीं है। बहुत कम लोग बोल्ड होते हैं, लेकिन बहुत लोगों की जीवनियां छपी हैं, जिसमें बचपन में उनके साथ क्या हुआ, उसका वर्णन है। एक पॉपुलर पुस्तक है, जो कमलादास जी ने लिखी थी। मैं यहां पर

Contents Page

उसका नाम लेना चाहूंगा। उन्होंने बचपन से उनके साथ क्या-क्या घटनाएं हुईं, उसका वर्णन है। उसी प्रकार से एक 'मी टू' अभियान चला था। उसमें भी बहुत-सी बातें हमारे सामने आई। यह काम परिवार के अंदर भी होता है, यह सगे- संबंधियों के यहां भी हो जाता है, यह स्कूल में भी हो जाता है, यह अपराधियों के द्वारा भी हो जाता है, यह नशे के द्वारा भी होता और जो बच्चों को अपहरण करके ले जाते हैं, उनके द्वारा भी होता है। ...(**व्यवधान**)... वह बच्चों का नहीं है, आप लोगों का है। आप उसको देखो। मैं संस्कृत की बात कर रहा हूं, ये अंग्रेजी की बात कर रहे हैं। ये नहीं समझ पाएंगे।

श्री उपसभापतिः आप विषय पर बोल रहे हैं, उसी पर बोलें।

श्री घनश्याम तिवाड़ीः इस प्रकार की बातें आईं। भारत सरकार ने बच्चों के खिलाफ जघन्य यौन अपराधों के लिए मृत्यु दंड का प्रावधान कर दिया। इससे बड़ा प्रावधान तो कोई नहीं है। अपराध को रोकें, वह बात है, लेकिन अपराध को होने पर उसका जो दंड दिया जाए, वह भी बहुत बड़ी बात है। उसमें मृत्यु दंड तक का प्रावधान किया गया।

दूसरा, 2019 में अन्य अपराधों के लिए आजीवन कारावास और कठोरतम दंड का भी प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार अपराधियों के लिए सख्त निवारक संदेश देना और अपराध रोकना, तो अपराध रोकने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। बच्चों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। बच्चों को मां-बाप भी प्रशिक्षित कर सकते हैं, वे स्कूल में प्रशिक्षण है और प्रशिक्षण समाज का भी होता है, लेकिन आजकल उस प्रशिक्षण की बहुत कमी आ गई है। आजकल इतनी कमी आ गई है कि स्कूलों में जो टीचर पढ़ाते हैं, उनके उदाहरण हमें मिलते हैं। उनका भी प्रशिक्षण नहीं है। एक प्रशिक्षण का अभियान सरकार ने कई प्रकार से शुरू कर रखा है। उस पर मैं बाद में आऊंगा। सरकार ने अभियान शुरू किया हुआ है कि लोगों का प्रशिक्षण किया जाना चाहिए, ताकि अपराध रुक सके। उन अपराधों को रोकने के लिए इस प्रकार के काम हैं।

महोदय, संशोधन किया गया है और फास्ट ट्रैक और विशेष पोक्सो अदलातों की स्थापना की गई है। सरकार यही कर सकती है। न्याय विलंबित, न्याय निलंबित। यह बहुत बड़ा एक वाक्य चलता है। Justice delayed, justice denied. न्याय विलंबित, न्याय निलंबित। इसमें न्याय में विलंबन नहीं हो, तो सरकार ने विशेष कोर्ट्स - जैसे फास्ट ट्रैक कोर्ट्स की स्थापना की। फास्ट ट्रैक कोर्ट्स चलें और रेगुलर उनकी सुनवाई हो और रेगुलर उनकी सुनवाई होकर सज़ा हो और अक्टूबर, 2019 में केन्द्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत 1023 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (FTCs) की स्थापना की गई, जिसमें खटाखट उसका निर्णय हो और इन न्यायालयों में 412 पॉक्सो न्यायालय शामिल हैं, उसमें केवल पॉक्सो के जो अपराधी हैं, उन पर ही सुनवाई होगी, तो एक जिले में करीब एक या दो जिलों में मिलाकर एक पॉक्सो का न्यायालय स्थापित हो गया, जो फास्ट ट्रैक पर चलकर डे टू डे सुनवाई करके उसकी व्यवस्था करेगा। उसका सारा ढांचा भी डिजिटल किया गया है। उसके लिए भारत सरकार ने पैसे दिए हैं, उसके लिए भारत सरकार ने व्यवस्था की है। ऐसा करके एक नया आयाम इन अपराधों को रोकने के लिए भारत सरकार ने जोड़ा। इसका क्या लाभ होगा? इसका लाभ यह होगा कि ऐसे मामलों का त्वरित निस्तारण होगा, एक

Contents Page

संदेश जाएगा। अपराध को रोकने के लिए केवल सज़ा ही नहीं, बल्कि अपराध को रोकने के लिए संदेश देना भी बहुत जरूरी है कि यह करोगे तो यह भुगतोगे, हाथ के हाथ पढ़ लो। इसलिए उन्होंने 412 न्यायालय स्थापित किए।

महोदय, जब एक लंबी प्रक्रिया चलती है, तो उसका बच्चों के मन पर बहुत दबाव पड़ता है। वे दबे हुए रहते हैं कि बहुत लंबी प्रक्रिया है। वे रोज जाते हैं, लोग देखते हैं, वकील उनसे ज़िरह करते हैं, क्रॉस एग्जामिनेशन करते हैं, वे वहाँ खड़े रहते हैं। जब वे बाहर निकलते हैं, तो कैमरे देखते हैं, प्रेस वाले पूछते हैं। उनके ऊपर बहुत ज्यादा मानसिक दबाव हो जाता है। उस मानसिक दबाव से बच्चों को बचाने के लिए इस लंबी न्याय प्रक्रिया को कम करके 412 पॉक्सो कोर्ट्स खोलकर सरकार ने त्वरित न्याय देने का काम किया है। इससे अपराधी को भी सज़ा मिल जाएगी और कोई दूसरा अपराध न करे, इसका संदेश भी चला जाएगा। जिसके साथ अपराध हुआ है, उसको न्याय भी मिल जाएगा - इसलिए यह काम सरकार ने किया है।

महोदय, मैं दूसरा निवेदन करना चाहूँगा कि इन्होंने सेक्शन में जो सुधार की माँग की है, वह ऑलरेडी हो चुका है। जैसे संस्थागत ढाँचा क्रिएट करने की बात है। सरकार ने एक इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया है, जो इन अपराधों को रोकने और इनको ठीक करने का काम करेगा। उदाहरण के लिए महिला एवं बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) बनी, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी (डीएलएसए) और डीसीपीयू के माध्यम से पीड़ितों को मुआवजा, चिकित्सा, शिक्षा और पुनर्वास — यह सब व्यवस्था की गई है। जो बाल अपराध होता है, वह केवल आपराधिक समस्या नहीं है, बल्कि इससे वह पीड़ित मानसिक रूप से टूट जाता है, शारीरिक रूप से टूट जाता है और आगे चलकर आर्थिक रूप से भी टूटा हुआ रहता है। इसलिए सरकार ने मुआवजे का प्रावधान किया है। डिस्ट्रिक्ट लेवल की कमेटी ने सारी परिस्थितियों को देखकर - उसकी पढ़ाई, उसके रख-रखाव, उसका जीवन आराम से चल सके - उसके लिए मुआवजे की व्यवस्था की है। वह पीड़ित होता है, उस पर शारीरिक चोट होती है, अतः उसके लिए चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई कि उसको चिकित्सा मिले। इसके साथ ही शिक्षा और पुनर्वास भी मिले — इसकी व्यवस्था भी की गई है। उपसभापति महोदय, ऐसे पीड़ित व्यक्ति की शिक्षा होना भी बहुत जरूरी है। ज्यादातर ये अपराध ऐसे लोगों के साथ होते हैं, जो शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकते। सरकार ने ऐसे पीड़ितों के लिए शिक्षा का प्रावधान किया, शिक्षा के लिए फंड का प्रावधान भी किया और इसके लिए भारत सरकार ने डिस्ट्रिक्ट लेवल तक व्यवस्था की है। भारत सरकार इस विषय के बारे में इतनी जागरूक है। महोदय, इसी प्रकार से उनका पुनर्वास भी सुनिश्चित किया गया है। यह एक बहुत बड़ी समस्या है। किसी बच्चे पर अपराध होता है, तो घर के लोग भी बिगड़ते हैं, समाज के लोग भी बिगड़ते हैं, जबकि उस बच्चे की कोई गलती नहीं है। किसी बच्चे के साथ जबरदस्ती हो गई, उसमें उसका कोई दोष नहीं है, लेकिन परिवार में भी उस पर अंगुली उठाई जाती है, समाज में भी उसकी ओर अंगुली उठाई जाती है, जबकि अंगुली तो उस पर उठनी चाहिए जिसने अपराध किया है। लेकिन पीड़िता होते हुए भी वह दोष उसी को दिया जाता है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूँ कि बहुत से केस तो बोलते ही नहीं हैं, सुनकर ही रह जाते हैं। माँ-बाप से कहने की हिम्मत नहीं होती। अगर माँ-बाप को बता दिया, तो वे

Contents Page

कहते हैं चुप रहो, किसी से कहने की जरूरत नहीं है। यहाँ तक बात आ जाती है - राजस्थान में एक कहावत चलती है कि दिवार पड़ रही है, तो घर में ही पड़ जाने दो, बाहर मत पता लगने दो। ऐसी स्थिति में उनके पुनर्वास की भी बहुत बड़ी जरूरत है। शिक्षा, पुनर्वास, चिकित्सा और मुआवजा - ये चार बड़े प्वाइंट्स हैं। इन चारों प्वाइंट्स को भी सरकार ने इसके लिए तैयार किया है। सरकार ने यह बहुत बड़ा काम किया है। महोदय, एक सपोर्टपर्सन की भी आवश्यकता होती है। इन सबको मनोवैज्ञानिक रूप से, मानसिक रूप से सपोर्ट करने की आवश्यकता होती है।

इन्हें कहाँ-कहाँ सपोर्ट की जरूरत पड़ती है? इन्हें न्यायिक प्रक्रिया में सपोर्ट की जरूरत है, चिकित्सा में सपोर्ट की जरूरत है, पढ़ाई में सपोर्ट की जरूरत है, पुनर्वास में सपोर्ट की जरूरत है। इसके लिए सरकार ने सपोर्ट पर्सन की नियुक्ति की, जो पूरी न्यायिक जांच प्रक्रिया में बच्चे का मार्गदर्शन करता है। बच्चा से कई बार पुलिस के द्वारा भी पूछा जाता है, न्यायालय के द्वारा भी पूछा जाता है और समाचार पत्रों में भी बार-बार छपता है, तो उसका दिल टूटता है। ऐसे समय में उसे सपोर्ट की आवश्यकता होती है, तो उसे सपोर्ट करने के लिए सरकार ने संस्थागत ढाँचा विकसित किया है और ऐसे हर व्यक्ति के लिए सपोर्ट पर्सन, यानी सहायक व्यक्ति नियुक्त करने का प्रावधान किया है। मोदी जी की सरकार ने यह बहुत बड़ा काम किया है, जो बच्चे को पूर्ण सहायता देता है। इससे उसका संबल बढ़कर खड़ा हो जाता है, ऐसा काम उसके लिए किया गया है।

महोदय, इसके बाद बहुत बड़ी बात आती है। मुआवजा देने की बात हो गई, पुनर्वास की बात हो गई, लेकिन 2019 से पहले बहुत से केसज़ ऐसे मिलते थे कि मुआवजा माँगना फाइलों में चलता रहता था, लेकिन मुआवजा मिलता ही नहीं था। बच्चे के साथ घटना हुई, वह वयस्क हो गया, उसे तब तक भी मुआवजा नहीं मिलता था। ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं था कि इतने समय में मुआवजा मिल जाना चाहिए और त्वरित कार्रवाई का भी कोई प्रावधान नहीं था। लेकिन सरकार ने अंतरिम मुआवजा और तात्कालिक विशेष राहत देने का प्रावधान किया। 2019 से पहले यह प्रावधान नहीं था। मैं माननीय सदस्या, फौजिया खान जी के ध्यान में लाना चाहता हूँ कि सरकार ने अंतरिम मुआवजा तुरंत देने का प्रावधान किया। घटना घटते ही उसी समय अंतरिम मुआवजा देने का अधिकार जिला कलेक्टर और जिला समितियों को प्रदान किया गया कि उन्हें अंतरिम मुआवजा मिल जाना चाहिए। इसके साथ ही, तात्कालिक विशेष राहत का भी प्रावधान किया गया। अब विशेष राहत इसलिए जरूरी है, क्योंकि उसे चिकित्सा की जरूरत है। बहुत से केसज़ ऐसे भी आते हैं, जिनमें सामूहिक घटनाएं ऐसी हो जाती हैं कि उन्हें बड़े हॉस्पिटल में ले जाना पड़ता है और वहाँ बहुत बड़ी मेडिकल सहायता की जरूरत होती है, इसलिए छोटे बच्चों के लिए इसका प्रावधान किया गया है। इसके लिए इसमें तात्कालिक राहत को विशेष राहत के रूप में देने की बात की है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में लाना चाहता हूँ कि मुआवजा राशि में लगातार वृद्धि हो रही है। 2020-21 में इन मामलों में 1.45 अरब रुपए की मदद की गई। यह कम नहीं है। विशेष राहत के रूप में तुरंत राहत में कितनी मदद दी गई? 2022-23 में 3.47 अरब रुपए की मदद की गई। तो सरकार की नीयत, सरकार की नीति और सरकार ने जो मन बना रखा है, उसका इससे स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है कि सरकार इसे छोटी-मोटी बात नहीं

Contents Page

मानती। ये 2022-23 के आंकड़े हैं। 2024-25 में तो और बढ़ गया होगा, लेकिन आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। 2025-26 में और बढ़ गया होगा। सरकार की ओर से यह लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सरकार ऐसे कामों के लिए किसी प्रकार की कटौती नहीं कर रही है, किसी प्रकार के बजट का रोक-टोक नहीं है। इन्हें सभी कामों के लिए - चिकित्सा के लिए, शिक्षा के लिए, पुनर्वास के लिए, तत्काल सहायता के लिए और विशेष पैकेज के रूप में 3.47 अरब रुपए दिए गए हैं।

महोदय, दूसरी बात यह निकलकर आती है कि उन परिवारों के ऊपर भी एक लांछन लग जाता है। लोग मोहल्ले में, समाज में, गाँव में कहते हैं कि इस परिवार की बच्ची थी, इस परिवार का बच्चा था, इस परिवार के साथ यह हो गया। ऐसे में कई बार उन्हें गाँव छोड़ना पड़ता है, कई बार ढाणी छोड़नी पड़ती है, कई बार शहर ही छोड़कर जाना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में उनका संरक्षण करने की जरूरत होती है। ये घटनाएं करने वाले लोग इस प्रकार के गैंग के लोग भी होते हैं, जिनका भय भी रहता है। इन सारे भयों से पीड़ित बच्चों को बचाने के लिए पीड़ित बच्चों के लिए और परिवार के लिए भी त्वरित राहत और पुनर्वास की व्यवस्था की गई, मतलब बच्चे के साथ-साथ उसके परिवार को भी आवश्यकता पड़े, तो तुरंत राहत दी जाए और पुनर्वास किया जाए, ताकि वे सामाजिक तानों से, सामाजिक उपेक्षाओं से और इस प्रकार की बातों से बच सकें और बचकर वहाँ से निकल सकें। इस प्रकार की व्यवस्था भी सरकार ने की है।

माननीय उपसभापति मोहदय, केवल कानून के द्वारा ही यह काम नहीं हो सकता है। केवल कानून ही यह काम नहीं कर सकता है। इसके लिए समाज को भी जागरूक करना पड़ेगा। इसके लिए समाज को प्रशिक्षित करने वाली या मार्गदर्शन देने वाली जो संस्थाएं हैं, उनको भी मदद करने की जरूरत है। मोदी सरकार ने पॉक्सो मामलों की रिपोर्टिंग और जागरूकता पर जोर दिया है। इसके अलावा, स्कूल, सामाजिक और मीडिया संबंधी अभियान चलाए गए। मीडिया में अभियान चलाए गए और सामाजिक अभियान चलाए गए और इनके माध्यम से देखा गया कि क्या किया जा सकता है। सबसे बड़ा जो भय था, वह चुप्पी और डर का था। एक तो चुप्पी रखो कि हमारी इज्जत खराब हो जाएगी, हमारी बात फैल जाएगी, हमारा ऐसा काम हो जाएगा। इसलिए चुप्पी तोड़ो अभियान सरकार ने चलाया। इसके लिए एक विशेष अभियान चलाया कि जिसके साथ भी अपराध हो वह बताए। उसको बताने के लिए संस्थाएं तय कर दीं, अधिकारी तय कर दिए, विधि और प्रक्रियाएं तय कर दीं और इसके लिए आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करा दी। चुप्पी तोड़ो और दूसरा डरो मत। इस तरह की जागृति की गई। इसलिए इसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा कि आज हम लोग इसकी इस प्रकार खुलकर चर्चा कर रहे हैं। जिले स्तर पर भी इस प्रकार का काम हो रहा है। अब चुप्पी भी टूट जाएगी और डर भी टूट जाएगा, लेकिन बच्चों की सामाजिक सुरक्षा की जिम्मेदारी एक बड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न है। मैं बहुत से ऐसे लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने वात्सल्य आश्रम बना रखे हैं। उन आश्रमों के माध्यम से वे इस प्रकार का काम कर रहे हैं। बच्चों का संरक्षण कर रहे हैं, बच्चों का नाम बदल देते हैं, बच्चों का लालन-पालन करते हैं, बच्चों को पढ़ाई करवाते हैं और उनको बहुत संस्कारित करते हैं। मैंने वृंदावन के एक आश्रम को जाकर देखा है। वह ऋतंभरा जी का वात्सल्य आश्रम है। उसमें बच्चों के लिए यही काम होता है। वहां बच्चों को प्रशिक्षित करते हैं, संस्कारित करते हैं और बाद में वे उनकी शादी भी कराते हैं। सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में इसे सरकार भी निभा रही है और कुछ संस्थाएं भी निभा

Contents Page

रही हैं। यह अपराध को रोकने का एक बहुत बड़ा कारण है। महोदय, इन अपराधों के बढ़ने के दो-चार कारण और भी हो गए हैं। आप उधर देख रहे हैं या मेरी तरफ देख रहे हैं? अगर उधर देख रहे हैं, तो मैं बैठ जाता हूं।

श्री उपसभापतिः मैं पूरे सदन को देख रहा हूं। आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री घनश्याम तिवाड़ीः आपकी नजर तो सब पर है। आप सर्वव्यापी हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः पूरे सदन पर निगाह रखना मेरा दायित्व है, वही मैं कर रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज डांगी (राजस्थान)**:** सर हमारी तरफ देख रहे हैं, तो देखने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री घनश्याम तिवाड़ीः हम देखने वालों की नजर देख रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः आप आपस में संवाद न करें। आप चेयर की तरफ देखकर बोलिए।

श्री जयराम रमेश (कर्नाटक)**:** कभी-कभी गलती से यहां भी देखते हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः माननीय जयराम जी, शुरू में ही घनश्याम जी ने आपके नाम का उल्लेख किया है।

श्री घनश्याम तिवाड़ीः आपको तो विद्वान कहकर संबोधित किया है। ...(**व्यवधान**)... अब इन अपराधों को बढ़ने में एक डिजिटल युग का भी समावेश हो गया। यह एक बहुत बड़ी समस्या पैदा हुई है। ऑनलाइन शोषण, यह एक बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। मैं नाम नहीं लूंगा, मैंने ऐसे कुछ परिवारों को इससे बचाया है। इसमें वे उन बच्चों को यहां तक प्रशिक्षित करते हैं कि आप बाथरूम में कैमरा लगा लो, आप नहाते समय इसको रखो और उसकी वे फोटोग्राफी कर लेते हैं। फिर ऑनलाइन इसको देते हैं और उनको पेमेंट करते हैं।

ऐसे दो-तीन परिवार मेरे पास आए। अब यह जो ऑनलाइन काम हो गया है, यह एक बहुत बड़ी गंभीर समस्या पैदा कर रहा है। हमें उनको बचाने का काम करना है। इस तरह यह ऑनलाइन शोषण हो रहा है, ग्रूमिंग हो रही है और बाल पोर्नोग्राफी हो रही है। यह जो डिजिटल संचार का नया माध्यम आया है, इसके माध्यम से समाज के सामने एक बहुत बड़ी समस्या पैदा हो रही है। इस तरह से यह एक बड़ी समस्या पैदा हो गई है। इसलिए इसके लिए पॉक्सो का दायरा व्यापक किया गया। पहले एक सामान्य सा दायरा था। 2019 में इन सबको उसमें शामिल कर दिया गया है। यह समस्या इतनी व्यापक है कि पता भी नहीं चलता और एक मिनट में सारी तस्वीरें दुनिया के सामने चली जाती हैं। उस समय वे बच्चे-बच्चियां ये काम तो कर लेते हैं, किसी मित्र के कहने से, किसी के बहकावे में आने से, किसी के लालच में आने के कारण और फिर वे आत्महत्या करते हैं, सुसाइड करते हैं। ऐसी बहुत सी सुसाइड्स हुई हैं। परिवारों का जीना मुश्किल हो जाता है। कई बार इस कारण से मां-बाप भी साथ-साथ सुसाइड कर लेते हैं। ये कह रहे हैं कि इनके जिले में एक कांस्टेबल ने ऐसा किया है। यह जो समस्या है, इसका दायरा बहुत व्यापक हो गया है। मैं ज्यादा

Contents Page

बोलता नहीं हूं, लेकिन इस विषय के ऊपर बोलने का मेरा मन था कि यह बात सदन के माध्यम से आनी चाहिए, जिससे बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी के रूप में मान्यता मिले। इसलिए डिजिटल अपराध के प्रति निवारक और न्यायिक कार्यवाही सुनिश्चित करना, यह बहुत बड़ी आवश्यकता है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि आपने वे सारे प्रावधान किए हैं, लेकिन यह जो डिजिटल काम हो रहा है, जो ऑनलाइन सारा काम हो रहा है और जो बच्चों को बहका कर काम हो रहा है, इसमें गैंग्स काम कर रहे हैं, अंतर्राष्ट्रीय गैंग्स काम कर रहे हैं, राष्ट्रीय गैंग्स काम कर रहे हैं। उनके ऊपर न्यायिक और प्रतिनिवारक कार्रवाई होनी चाहिए। इसको रोकने के लिए और न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत लाने के लिए हमने अभी जो कुछ डिजिटल सुधार किए हैं, साइबर क्राइम वगैरह के एक्ट में जो संशोधन किए हैं, उनके माध्यम से इन सब बातों को उसमें लाने के लिए काम करने की आवश्यकता है।

इसके बाद, मैं कहना चाहता हूं कि 2019 में जो सातवां बड़ा काम हुआ है, वह कानूनी प्रक्रिया को बाल-केंद्रित बनाने के बारे में है। कई बार मैं कुछ समय के लिए वकील भी रहा हूं। मैंने कोर्ट में देखा है, बाल अपराधों के लिए नहीं, सामान्य अपराधों के लिए, रेप जैसे अपराध के लिए जब वे क्रॉस-एग्जामिनेशन करते हैं, तो उस क्रॉस-एग्जामिनेशन में वे ऐसे प्रश्न पूछते हैं कि उस पीड़िता को दोबारा उससे गुजरना पड़ता है। मानो उस समय उसके साथ जो अपराध हुआ, तो हुआ, उसके साथ एक और अपराध घटित होता है। ऐसी स्थिति में न्यायिक कार्रवाई की जानी चाहिए। अब कानूनी प्रक्रिया को बाल केंद्रित किया गया है। माननीय मंत्री जी, आप लोगों ने बहुत काम कर लिए, इसको आपने बाल केंद्रित भी किया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। जांच और ट्रायल में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और गरिमा का ध्यान रखना भी बहुत आवश्यक है। बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य खराब होता है, उनकी गरिमा गिर जाती है। इसलिए उनकी गरिमा का ध्यान रख कर काम किया जाए। बाल अनुकूल संवेदनशील प्रक्रिया होने से सेकंडरी ट्रॉमा की संभावना कम हुई है, मैं इस पर जोर देना चाहता हूं। मैंने कोर्ट का उदाहरण देकर बताया। वह आघात तो हुआ, लेकिन जब वह उस प्रक्रिया के अंतर्गत गुजरता है, तो फिर एक आघात, फिर दूसरा आघात और फिर तीसरा आघात, इन आघातों से वह पीड़ित हो जाता है। इसलिए इन आघातों से बचाने का भी जो काम है, उसके लिए 2019 की प्रक्रिया में प्रावधान किया गया है, लेकिन इसको और अधिक मजबूत करने की संभावना है।

उपसभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि मोदी सरकार ने पॉक्सो अधिनियम को कानूनी ढांचे से आगे बढ़ कर व्यावहारिक, सख्त और बाल केंद्रित कानून बना दिया है। इसके लिए हमें सरकार को धन्यवाद देना चाहिए। अपराधियों के लिए कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। पीड़ितों के लिए त्वरित न्याय, मुआवजा और पुनर्वास की बात की गई है। समाज में सकारात्मक बदलाव और जागरूकता की बात की गई है। अब यह पॉक्सो एक कानून नहीं है, बल्कि यह बच्चों की सुरक्षा और समाज की जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुका है। मैं कहना चाहता हूं कि इसमें यह काम किया गया है।

इसलिए मैं यह कहना चाहूंगा कि डा. फौजिया खान जी ने इसमें जिन-जिन बातों की मांग की है, वे इसमें पहले से उपलब्ध हैं। उन्होंने धारा 19, धारा 21 के जितने भी उल्लेख किए हैं - जब

Contents Page

नयी 'भारतीय न्याय संहिता' आई है, उस 'भारतीय न्याय संहिता' में बाल और महिला से संबंधित इन अपराधों को बहुत कठोरता से लिया गया है। मैं माननीया फौजिया खान जी की भावना का स्वागत करता हूं, परंतु उन्होंने जो संशोधन पेश किए हैं, वो ऑलरेडी इसके प्रावधानों में आ चुके हैं, इसलिए इस नये संशोधन बिल की कोई आवश्यकता नहीं है। इसी के साथ आपको बहुत-बहुत धन्यवाद, शुभकामनाएं।

श्री उपसभापतिः श्री राघव चड्ढा।

श्री राघव चड्ढा (पंजाब)**:** सर, मैं फौजिया ख़ान जी द्वारा introduce किए गए इस बिल में कुछ चीज़ें जोड़ने के लिए और इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। सर, मैं आज एक Member of Parliament के तौर पर नहीं, बल्कि एक ऐसे spokesperson के तौर पर बात करना चाहता हूं, जो भारत की आधी आबादी को represent करता है। मैं एक ऐसे विषय को इस बिल में include कराना चाहता हूँ, जो देश की आधी आबादी हर महीने face करती है, वह issue है - menstrual health का और menstrual hygiene का। *

सर, मैं इससे संबंधित पांच विषय उठाना चाहता हूं, जो इस बिल में शामिल किए जाएं। मेरा पहला मुद्दा है कि menstrual health और hygiene एक women's issue नहीं, बल्कि एक public health का matter है। एक survey बताता है कि menstrual hygiene के चलते लगभग 91.7 परसेंट महिलाएं किसी न किसी प्रकार की बीमारी का शिकार होती हैं, जिसके चलते वे डॉक्टर के पास नहीं जा पाती हैं, क्योंकि इसके around एक social stigma attach कर दिया गया और female doctors की कमी भी रहती है। Period और menstrual cycle के चलते तीन प्रकार की बीमारियां महिलाओं में देखी जाती हैं। इनमें से पहली है - reproductive tract infections, दूसरी है - increased risk of cervical cancer और third है - urinary tract infections. इन infections को न तो assess किया जाता है और न ही बीमारियों का इलाज किया जाता है, क्योंकि यह एक social taboo और stigma हमारे देश में बन गया है। 2024 की NIH की study बताती है कि 16 राज्यों में जब survey किया गया, तो उसमें पाया गया कि 14.3 per cent of the girls sought treatment from health professionals for menstrual problems. यानी कि 100 में मात्र 14 लड़कियां ही डॉक्टर के पास या अस्पताल में जा सकीं।

श्री उपसभापतिः राघव जी, आप बहुत important चीज़ बोल रहे हैं। परन्तु आप बिल से जोड़कर बोलें। बिल है - Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Bill, 2024.

श्री राघव चड्ढाः सर, मैं अभी आने वाले समय में recommendations दूंगा। मैं उस पर एक-एक करके आ रहा हूं।

श्री उपसभापतिः बिल से जुड़ा हुआ बोलिए।

श्री राघव चड्ढाः सर, मैं उससे बिल्कुल जोडूंगा। मैं भली-भांति जानता हूं कि बिल का क्या विषय है। आप चिंता नहीं करें, मैं उससे जोडूंगा। सर, इसी के साथ-साथ तीन-चार प्रकार की अहम

* Not recorded.

Contents Page

बीमारियाँ हैं, जो उन महिलाओं में देखी जाती हैं, जो menstrual cycle के दौर से गुजर रही होती हैं, जैसे Endometriosis , PMDD, PCOS. ये तमाम बीमारियाँ undiagnosed रह जाती हैं, क्योंकि insufficient clinical training है और इसे taboo माना गया।

सर, दूसरा विषय है कि यह women's Issue नहीं, बल्कि एजुकेशन का एक इश्यू है, जिसके चलते 60 परसेंट बेटियाँ अपनी पीरियड्स के दौरान स्कूल से absent हो जाती हैं या स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो जाती हैं और खास तौर पर यह रूरल एरियाज़ के स्कूल्स में देखा जाता है। * सर, थर्ड प्रॉब्लम है कि यह विषय women's issue नहीं, बल्कि यह हमारे देश में एक डिगनिटी का इश्यू बन गया है। Sir, every day we see realities and cultural stigmas.*

सर, मेरा चौथा पॉइंट है कि यह women's issue नहीं, affordability का इश्यू है। सरकार ने एक अच्छा कदम यह उठाया कि सैनिटरी नेपकिन्स पर जीएसटी समाप्त कर दिया ताकि सैनिटरी नेपकिन्स को अफोर्डेबल बनाया जाए, *...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Raghav Chadha*ji*, again I will request you to please speak on the subject, please.

श्री राघव चड्ढा: सर, मैं आ रहा हूँ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Speak on the Bill.

SHRI RAGHAV CHADHA: I will come to the subject. I will make recommendations. Sir, permit me to speak.

श्री उपसभापति: यह अलग सब्जेक्ट है और इसके लिए चेयरमैन की परमिशन की आवश्यकता है।

SHRI RAGHAV CHADHA: I am coming to that.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Speak on the Bill.

श्री राघव चड्ढा: सर, मैं बिल्कुल आऊँगा ।*

श्री उपसभापति: राघव जी, आप जो विषय बोल रहे हैं, वह महत्वपूर्ण है, पर आप बिल पर जो बोलेंगे, वही रिकॉर्ड पर जाएगा।

श्री राघव चड्ढा: सर, आप मुझे क्यों रोक रहे हैं? मैं इतना important विषय पर बात कर रहा हूँ।

श्री उपसभापति : मैं आपको रोक नहीं रहा हूँ, बल्कि मैं आपको यह कह रहा हूँ कि आप बिल पर बोलिए।

श्री राघव चड्ढा: सर, मैं आ रहा हूँ। मुझे बोलने दीजिए।

* Not recorded.

Contents Page

श्री उपसभापतिः मेरा यह काम है कि मैं आपको बताऊँ कि कृपया आप बिल पर बोलिए।

श्री राघव चड्ढाः सर, मैंने सुन लिया। मैं बिल्कुल बिल पर आ रहा हूँ।

श्री उपसभापतिः 'मैं आ रहा हूँ' - यह मैं बहुत देर से सुन रहा हूँ। The Bill is Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Bill.

SHRI RAGHAV CHADHA: Sir, I want all these to be included in this Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You speak on the Bill.

SHRI RAGHAV CHADHA: Yes, it concerns our women, our daughters, and I want this to be included in the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, you come on that.

SHRI RAGHAV CHADHA: I want this to be included in the Bill.

श्री उपसभापति: मैं बता रहा हूँ कि आप उस बिल पर बोलिए।

SHRI RAGHAV CHADHA: Sir, do I have the permission to speak? I want this included in the Bill.

श्री उपसभापतिः आप लंबी भूमिका के बजाय बिल पर आइए और बोलिए। आप जितना समय बोलना चाहते हैं, मैं वह आपको दे रहा हूँ।

SHRI RAGHAV CHADHA: But I want this to be included in the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please.

श्री राघव चड्ढाः सर, मैं यह कह रहा हूँ कि इसको बिल में include कीजिए। इसमें क्या समस्या है? यह बड़ा गंभीर विषय है, इसलिए मैं यह चाहता हूँ कि इसे बिल में जोड़ा जाए।

श्री उपसभापतिः राघव जी, मैं आपको विषय स्पष्ट कर रहा हूँ। क्या आप विषय पर बोलना चाहते हैं?

श्री राघव चड्ढाः सर, मैं चाहता हूँ कि इसको बिल में जोड़ा जाए।

श्री उपसभापतिः आप विषय पर बोलिए। Correlate it.

श्री राघव चड्ढाः सर, आप मुझे बोलने दीजिए न। अगर आप मुझे बार-बार रोकेंगे, तो मेरा फ्लो टूट जाएगा।

Contents Page

श्री उपसभापतिः मैं आपको रोक नहीं रहा हूँ। आपने शुरू से अब तक अपने बोलने के 10 मिनट में 8 मिनट तक पृष्ठभूमि बताई।

श्री राघव चड्ढाः सर, मैं पृष्ठभूमि बताने के बाद ही सजेस्ट करूँगा।

श्री उपसभापतिः मैं आपसे यह आग्रह कर रहा हूँ कि आप 8 मिनट नहीं, बल्कि आप 12 मिनट बोलिए, लेकिन बिल पर बोलिए, सब्जेक्ट पर बोलिए।

श्री राघव चड्ढाः ठीक है, सर।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please.

श्री राघव चड्ढाः सर, period products एक luxury नहीं है, वह lifestyle choice नहीं है, बल्कि वह एक essential goods है। सर, पाँचवाँ पॉइंट और आखिरी पॉइंट यह है कि यह women's issue नहीं है, बल्कि यह फ्रेमवर्क का इश्यू है... * इसलिए मैं 6 स्पष्ट सुझाव इस बिल में इंक्लूड करने के लिए इस सदन में रखना चाहता हूं।

मेरा पहला सुझाव है कि हर स्कूल और कॉलेज, workplace or public institution में free sanitary pads or functionality toilets बनाए जाएं। दूसरा, स्कूल्स, आंगनवाड़ी सेंटर्स, पब्लिक हेल्थकेयर सेंटर्स और आशा नेटवर्क्स के जरिए अफोर्डेबल या free menstrual products घर-घर में पहुंचाए जाएं। जो raw materials हैं, जो menstrual products को बनाने में इस्तेमाल होते हैं, उन पर भी जीएसटी समाप्त किया जाए। जब स्कूलों में menstrual health की एजुकेशन की बात होती है, तो सिर्फ महिलाओं को ही नहीं, बल्कि boys को भी इस करिकुलम में शामिल करना चाहिए, because boys are rarely included in menstrual health education. शायद समाज के साइलेंस का एक बहुत बड़ा कारण यह है कि स्कूल जाने वाले boys को menstrual health के साइंस से दूर रखा जाता है। पांचवां सुझाव -menstrual waste management के लिए national framework बनाया जाए, ताकि इसके लिए एक safe or environmentally responsible disposable system हो। छठा और आखिरी सुझाव - menstrual infrastructure की district-level annual monitoring हो और इसकी public reporting का एक mechanism बने। *

अंत में, मैं यह कहकर अपनी बात खत्म करूंगा कि menstrual hygiene कोई favour नहीं है, कोई charity नहीं है, कोई side issue नहीं है, बल्कि यह हेल्थ का इश्यू है, यह एजुकेशन का इश्यू है, यह dignity का इश्यू है, यह इक्वैलिटी का इश्यू है। Women do not need our sympathy, women need equality, women do not need silence, women need dignity and women do not need tokenism, women need rights. Thank you.

श्री घनश्याम तिवाड़ीः सर, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

* Not recorded.

Contents Page

श्री उपसभापतिः जी, बताइए।

श्री घनश्याम तिवाड़ीः सर, मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि बहुत से माननीय पीठासीन अधिकारियों ने फैसला दिया है कि जो विधेयक सदन में आता है, उसकी परिधि और सीमा तय होती है और उसी परिधि तथा सीमा में उस पर विचार किया जा सकता है। अगर उसके बाहर की कोई बात कही गई है, तो वह प्रोसीडिंग्स में नहीं रह सकती। सर, आप कृपा करके देखें कि माननीय सदस्य ने 10 मिनट में जो बातें कही हैं, उनमें से कितनी बातें इस बिल की परिधि में आती हैं। अगर यह नहीं होगा, तो सदन का जो पटल है, वह इस प्रकार का एक स्वतंत्र अखाड़ा बन जाएगा कि यदि मुझे किसी बात का प्रचार करना है, तो मैं वह इस सदन के माध्यम से करूंगा। इसलिए, मैं चाहता हूं कि इस पर आप व्यवस्था दें और इस पर आप विचार करें।

श्री उपसभापतिः माननीय घनश्याम जी, आप बड़े अनुभवी आदमी हैं और आप संचालन में भी रहे हैं। आपने जो बताया, वह नियम है, वह चेयरमैन की व्यवस्था नहीं है, डिसीजन नहीं है, इसलिए मैंने बार-बार संबंधित सदस्य को याद दिलाया। वे महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात कह रहे थे, पर नियम यह है कि जो विषय बोलने के लिए है, वही रिकॉर्ड पर जाएगा और उसी से जुड़ी बात रिकॉर्ड पर भी जाएगी। माननीय सदस्य का मुद्दा महत्वपूर्ण है, वह उठना चाहिए, पर नियम जो कहता है, उसके तहत जो बातें होंगी, वही रिकॉर्ड पर जाएंगी। मैं माननीय सदस्य से बार-बार यह अनुरोध करता रहा कि आप बिल पर बोलिए। The Member can only speak within the scope of the Bill, i.e., on the provisions mentioned in the Bill under consideration. For adding provisions, the Member has to submit amendment to the provisions of the Bill. यह व्यवस्था है। चेयर आग्रह करता है। चेयर अगर रोक दे, तो फिर उस चीज को बाहर कैसे प्रदर्शित किया जा सकता है? चेयर हमेशा कोशिश करता है कि हम सबको accommodate करें, नियम को याद दिलाएं। आप जानते हैं कि हर माननीय सदस्य, जो बोलते हैं, उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी मर्यादा में रहेंगे, etiquettes का पालन करेंगे, नियम का पालन करेंगे। मेरी अपेक्षा है कि आगे बोलने वाले बाकी सदस्य भी इस बात का ध्यान रखेंगे। जो बातें within the scope of Bill हैं, वे ही रिकॉर्ड पर रहेंगी, जो नहीं हैं, वे नहीं रहेंगी। माननीय श्री रामचंद्र जांगड़ा जी।

श्री रामचंद्र जांगड़ा (हरियाणा)**:** मान्यवर, यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। माननीय सदस्य, फौजिया खान जी ने एक अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय के ऊपर इस सदन को चर्चा करने का मौका दिया है। मेरा यह मानना है कि आज का जो The Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Bill, 2024 है... यह एक मानसिक प्रकृति और मानसिक रोग का परिणाम होता है। ...(**व्यवधान**)...

SHRI SANDOSH KUMAR P. (Kerala): Sir, BJP's allocated time is 51 minutes.

श्री उपसभापतिः यह पहले से टाइम allocated है। You know the rules. चेयर बैठकर time allocate नहीं करता। ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

SHRI SANDOSH KUMAR P: Sir, there are a lot of Members from this side also who want to speak.

श्री उपसभापतिः आम तौर से जिन माननीय सदस्यों ने अपना नाम दिया है, इस तरह के निजी विधेयक पर बोलने के लिए लोगों को समय मिलता है।

श्री संदोष कुमार पीः सर, बीजेपी का असल टाइम 51 मिनट है।

श्री उपसभापतिः सभी दलों को समय दिया गया है। यह प्राइवेट मेंबर बिल है। ...(**व्यवधान**)... जिनका भी नाम आया है, उनको इसमें इंक्लूड किया है। ...(**व्यवधान**)... पहले से 22 मेम्बर्स ने समय के लिए अपना नाम दिया है और समय पहले से allocated है। I am following that. ...(**व्यवधान**)... I cannot do that.

श्री रामचंद्र जांगड़ाः मान्यवर, यह बहुत ही संवेदनशील विषय है। बच्चों के प्रति जो अपराध होते हैं, वह एक मानसिक वातावरण समाज में कैसे पैदा होता है, मानसिक मानसिक विकृति आदमी में कैसे आती है, उसी का यह परिणाम होता है। इसमें मैं कुछ ऐसी बातों का उल्लेख करना चाहूंगा कि आदमी में ऐसी मानसिक विकृति कैसे आती है और ऐसे अपराध करने के लिए उसे क्या प्रेरित करता है। ऐसे क्या कारण हैं कि बच्चों के प्रति भी अपराध हो जाते हैं।

मान्यवर, आदमी की शुरुआत सुबह के अखबार पढ़ने से होती है। अखबार उठाते ही यौन शक्ति वर्धक दवाओं के विज्ञापन सामने आ जाते हैं। कंडोम के विज्ञापन होते हैं। कोई व्यक्ति बाजार में जाता है तो फिल्मों के पोस्टर ऐसे लगे होते हैं, जिन्हें देखते ही आदमी के अंदर उत्तेजना पैदा होती है। जगह-जगह पर शराब के ठेके खुले हुए हैं। जगह-जगह पर अन्य विलासिता के साधन उपलब्ध हैं। उनके लिए आदमी को मौका मिलता है, तो एक ऐसा वातावरण पैदा हो जाता है कि जब एक व्यक्ति सारा दिन मानसिक विकृति का शिकार होता है और शाम को कहीं न कहीं वह नशा कर लेता है, तो फिर वह शिकार की तलाश में घूमता है। फिर उसके सामने कोई बच्चा आए या बड़ा, वह नहीं देखता। चाहे वह मलाला हो या कोई और — अपराधी अपराधी होता है। उसकी मानसिक विकृति होती है। वह मानसिक रूप से अंधा हो जाता है। जैसा कि तिवाड़ी जी बोल रहे थे और हमारी सुधा मूर्ती जी भी कह रही थीं कि पुराने जमाने में हमारे वेद, शास्त्रों में सिखाया जाता थाः

"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः"

— जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवताओं का निवास होता है। पुस्तकों में यह भी पढ़ने को मिलता था —

"मातृवत् परदारेषु, परद्रव्येषु लोष्ठवत्"

— दूसरी स्त्री को माता या बहन के समान समझो और दूसरे के धन को लोहे के टुकड़े के समान समझो। ये सारी बातें हमारी किताबों और शास्त्रों में पढ़ाई और सिखाई जाती थीं। मान्यवर, धीरे-धीरे देश के अंदर एक ऐसा वातावरण आ गया, चाहे वह फिल्मों के माध्यम से आया हो या किसी

Contents Page

अन्य माध्यम से। मैं केवल फिल्मों को दोष नहीं देता, इसके पीछे और भी कारण हो सकते हैं। आज वह भारत देश, जिसे 33 करोड़ देवी-देवताओं का देश कहा जाता था, उसमें सरोगेसी का कितना बड़ा व्यापार हो गया है। आज live-in relationship अपराध का अखाड़ा बन गया है। यह लिव-इन रिलेशन क्या होता है, ये सारी चीजें धीरे-धीरे समाज के अंदर फैल गई हैं। मान्यवर, मुझे एक बात याद आती है। बहुत समय पहले AIDS के कंट्रोल के ऊपर सरकार के विज्ञापन पूरे देश में लगे हुए थे। मुझे यह पढ़कर बड़ी अजीब सी अनुभूति होती थी कि AIDS से बचाव possible है, लेकिन विवाहेतर संबंधों में कंडोम का इस्तेमाल करें।

4.00 P.M.

अब बताइए अगर सरकार यह कहे कि कुकर्म कितने ही करो, लेकिन कंडोम का इस्तेमाल करो, अगर यह इजाजत सरकार ही दे दे, तो फिर कुकर्म तो सारे समाज में होंगे।

मान्यवर, आज समाज को केवल कानून के माध्यम से नहीं रोका जा सकता है। समाज में एक स्वस्थ वातावरण पैदा करना होगा और वह स्वस्थ वातावरण संस्कारों से, शिक्षा से और जितने हमारे जो माध्यम हैं - मैं फिल्मों के माध्यम से भी कह रहा हूं - उससे होगा। आज सोशल मीडिया भी एक बहुत बड़ा कारण बन गया, क्योंकि उसमें पोर्न फिल्में देखी जा सकती हैं। ऐसी-ऐसी रील्स आ जाती हैं, बच्चे खोल लेते हैं और वे बच्चे ऐसी रील देख लेते हैं, तो फिर वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं और कहीं न कहीं वे अपराध के जगत में चले जाते हैं। ये सारी चीजें एक वातावरण पैदा करती हैं, जो ऐसे अपराधों को अंजाम देते हैं।

महोदय, जब हम छोटे थे या जवान थे, फिल्में तो तब भी आती थीं। हमने कॉलेज टाइम में एक पिक्चर देखी थी, जिसका नाम नन्हा फरिश्ता था। उसमें तीन डाकू होते थे, एक हिंदू होता है, एक मुसलमान होता है, एक ईसाई होता है और तीनों को एक बच्ची मिल जाती है। नन्हा फरिश्ता पिक्चर का नाम है, जेमिनी की पिक्चर है। उस बच्चे से तीनों को इतना प्यार हो जाता है। उसके अंदर एक गाना आता है:

"बच्चे में है भगवान, बच्चे में है रहमान,
बच्चा जीसस की शान, बोलो बच्चा है महान,
जग में बच्चा है महान।"

फिल्म के अंदर यह गाना आता है। एक ऐसा वातावरण पैदा किया जाता था और आज जैसी फिल्में देखते हैं, जैसा सोशल मीडिया में देखते हैं, जैसी रीलें देखते हैं, उससे एक आदमी की मानसिकता विकृत हो जाती है। अगर उसके अंदर संस्कार नहीं होते, फैमिली के अंदर, परिवार के अंदर, तो फिर वह कोई भी अपराध कर बैठता है। जैसा मेरे से पूर्व घनश्याम तिवाड़ी जी बोल रहे थे कि धारा 19, धारा 21, धारा 25, धारा 33, धारा 43 में संशोधन करके नया 8(ए) जोड़ा जाए, जो वित्तीय सहायता सम्मिलित करने का प्रस्ताव रखता है। बच्चों के प्रति अपराध रोकने के लिए कोई भी प्रस्ताव खराब नहीं हो सकता है, लेकिन यह देखा जाता है कि आज की जो सरकार है, वह इस विषय के अंदर कितनी संवेदनशील है? क्या बच्चों के प्रति जब कोई अपराध होता है, तो सरकार के पास ऐसा मैकेनिज्म है, ऐसे कानून हैं कि जिससे बच्चों का प्रोटेक्शन हो सकता

Contents Page

है, अपराधी को तुरंत सजा मिल सकती है? ऐसा मैकेनिज्म अगर सरकार के कानून में है, सुझाव देना कोई बुरी बात नहीं है। सुझाव अच्छे होते हैं, चाहे वह विपक्ष की तरफ से आए, चाहे पक्ष की तरफ से आएं। हम सुझाव को गलत नहीं मानते हैं। जैसा घनश्याम तिवाड़ी जी बोल रहे थे। कोई भी सुझाव अच्छा हो सकता है। जैसा घनश्याम तिवाड़ी जी ने बताया कि 2019 में बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराधों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए पॉक्सो एक्ट में संशोधन किया गया था। अब मृत्यु दंड से ऊपर तो कोई दंड होता नहीं है। यह तो आखिरी दंड होता है। जब आदमी को मौत की सजा हो जाती है, तो उससे ऊपर और कौन सा दंड देंगे उसको, लेकिन मेरा यह कहना है कि हमारी नई शिक्षा नीति बहुत लंबे समय के बाद आई है। 2020 में नई शिक्षा नीति आई है। हमें हैरानी होती है कि जब पहली बार वाजपेयी जी इस देश के प्रधानमंत्री बने, देश में सांस्कृतिक मंत्रालय नहीं था। सांस्कृतिक मंत्रालय पहली बार वाजपेयी जी की सरकार आई, तब बना था। अब बताइए देश के अंदर सांस्कृतिक मंत्रालय न हो, देश की संस्कृति ही अगर विकृत हो, संस्कृति के ऊपर बार-बार चोट हो, देश के लोगों को अपनी सभ्यता का, संस्कृति का ज्ञान न हो, तो फिर अपराध तो बढ़ेंगे, फिर अपराधों को कौन रोकेगा? जब तक आदमी के मन में संस्कार नहीं होंगे, परिवारों में संस्कारिता नहीं आएगी, तब तक केवल मात्र कानून के माध्यम से अपराधों को रोक सकें, ऐसा संभव नहीं हो सकता है।

ठीक है, हमारी सरकार ने बहुत सख्त कानून बनाए हैं और मोदी जी के आने के बाद जो संवेदनशीलता सरकार के कानूनों में आई है, वह देखने योग्य है। हम तो बहुत लंबे समय तक, 1861, 1871, 1860 के कानूनों को ढोते आ रहे थे। मान्यवर, देश में 1857 में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ क्रांति आई, उसके बाद 1861 में आईपीसी - इंडियन पीनल कोड बना। वह भारतीयों को दंड देने के लिए बना। उसके अंदर बलात्कार का जो अपराध है, जो इतना गंभीर अपराध है, उसको कौन से नंबर पर रखा गया? उसे 376 नंबर के पर रखा गया। हत्या के अपराध को कितने नंबर के ऊपर रखा गया? इसे 302 नंबर पर रखा गया। अब आप सोचिए कि 2023 तक ये चलते रहे। हिंदुस्तान 1947 में आज़ाद हुआ, हमारा संविधान 1950 में लागू हो गया और 2023 तक हम ब्रिटिश कानूनों को ढोते रहे। इस तरह से देश में भला कैसे हो सकता था? आप 2014 के बाद के परिवर्तन का एक इतिहास देखिए। आप देखिए कि 2014 से पहले देश के कानून कैसे काम करते थे और 2014 के बाद से देश के कानूनों ने कैसे काम करना शुरू किया। कितने ऐसे मामले होते थे, जिनको हम कानून की भाषा के अंदर अपराध कहते हैं, जो जमीन वगैरह से संबंधित मामले होते हैं, उनके निपटारे में पीढ़ियाँ गुजर जाती थीं, आदमी मुकदमा लड़ते-लड़ते मर जाता था, उसकी औलादें भी बूढ़ी हो जाती थीं, लेकिन फैसला नहीं आता था। देश के कानून के अंदर अंग्रेज़ों ने ऐसी कमियाँ छोड़ दीं - क्योंकि अपराध वे लोग करते थे और न्याय भी उन्हें ही करना था।

अगर भारत का कोई व्यक्ति, जिसके ऊपर उन्होंने जुल्म कर दिया, अगर न्याय की मांग करता है और न्याय अगर उन्हीं के अनुसार चलना है, तो फिर न्याय देगा कौन? यह बात किसी को ध्यान में नहीं आई। अब भारतीय न्याय संहिता बनी है, भारतीय दंड संहिता खत्म हो गई। भारतीय साक्ष्य अधिनियम आया है, वे पुराने कानून खत्म हो गए हैं। इन सारी चीजों का 2014 के बाद से जो परिवर्तन आया है, उसके परिणाम अब आने शुरू हुए हैं। फौजिया खान जी, आप थोड़ा सा सब्र रखें। आप देखें - आपने सुझाव दिए हैं, हम उनका स्वागत करते हैं, मैं सुझाव का विरोध

Contents Page

नहीं करता हूँ, लेकिन मैं कहता हूँ, आपके सुझाव से ज्यादा और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है और मोदी जी वह कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में देश सही दिशा के अंदर चल रहा है।

उपसभापति महोदय, कुछ सुझाव ऐसे हैं, मैं जिन्हें देना चाहता हूँ। देश के अंदर जब किसी आदमी को अपने संबंधों को वैध बनाना होता है — अवैध संबंध है, लेकिन उसे वैधता का जामा पहनाना है — कुछ भाइयों को मेरी बात से तकलीफ होगी, लेकिन थोड़ा-सा ध्यान से सुनने की आवश्यकता है। अगर कोई विवाहेतर अवैध संबंध बनाता है, लेकिन उनको वैधता का जामा पहनाना है, तो वह क्या काम करता है? अपने नाम के पीछे कुछ दिन के लिए मोहम्मद लगा लिया, कुछ दिन के लिए खान लगा लिया, अपने नाम के पीछे कुछ दिन के लिए बानो लगा लिया, कुछ दिन के लिए बेगम लगा लिया। उसने शादी कर ली और जो अवैध संबंध थे, वे वैध हो गए। यानी शरीयत के कानून को, अवैध संबंधों को वैध बनाने का एक ज़रिया बना लिया । अगर देश में यूसीसी नहीं होगा, जब तक समान आचार नागरिक संहिता नहीं होगी, तब तक पूरे देश में सबको न्याय नहीं मिल सकता - यह मैं इस सदन के अंदर खड़े होकर दावे से कह सकता हूँ। देश में सबसे पहले यूसीसी की जरूरत है, समान नागरिक संहिता की जरूरत है। यह कानून भी उसी के दायरे के अंदर आएगा। अगर कोई भी कानून बनता है और वह देश में रहने वाले 140 करोड़ लोगों के ऊपर समान रूप से लागू नहीं होता है, तो फिर उस कानून का फायदा क्या है? देश के 140 करोड़ लोगों के ऊपर कोई भी कानून समान रूप से लागू होना चाहिए - कानून की यही एक सच्ची सुंदरता है।

श्री उपसभापतिः आप इस बिल पर बोलिए।

श्री रामचंद्र जांगड़ाः कानून का यही एक फायदा है। मैं कहता हूँ कि केवल मात्र इन थोड़े-से सुझावों से काम नहीं चलेगा - मैंने संबंधों की यह बात इसीलिए भी कही। उदाहरण के लिए किसी आदमी ने दूसरी शादी कर ली। जो दूसरी बीवी आई, उसके साथ दो बच्चियाँ भी आ गईं, क्योंकि वह विधवा थी या पहले से तलाकशुदा थी। अब उसने दूसरी शादी किसी प्यार में नहीं की है। उसने अपनी हवस पूरी करने के लिए शादी की है। महोदय, बच्चों के प्रति कितने ही अपराध ऐसे होते हैं, जिनमें उस आदमी की नजर अपनी बीवी की बजाय उसकी नाबालिग बच्ची के ऊपर रहती है। कानून के दायरे में रहते हुए, उसने शादी को कानून का जामा पहना दिया, किसी-न-किसी माध्यम से अवैध संबंधों को वैध बना लिया और वह बच्ची उनके साथ रहने के लिए मजबूर है और वह बच्ची रोजाना वह पाप, वह अत्याचार सहन करने के लिए मजबूर है। उसी घर में रहने के लिए मजबूर है, जहाँ पर उसके साथ अत्याचार हो रहा है। मान्यवर, यह बहुत गम्भीर विषय है, छोटा विषय नहीं है।

महोदय, मैं माँ-बापों से भी कुछ कहना चाहूँगा। खास तौर पर देहात में कहीं किसी लड़की के बच्चा पैदा हो गया। उसने कहा कि मेरी छोटी बहन को कुछ दिन के लिए मेरे पास भेज दो। इस समय कोई सहायता करने वाला नहीं है। अब वह बेचारी बच्ची चली गई, उसे घरवालों ने भेज दिया। ऐसे में उसकी औरत की तो डिलीवरी हुई है और वह बच्ची उसे दिखाई दे रही है, तो वह उसे अपनी हवस का शिकार बना लेता है। उन माँ-बापों को भी इस बात को समझना चाहिए कि

Contents Page

अपने बच्चों को इस तरह से कभी भी अकेला नहीं भेजना चाहिए। जैसा कि अभी सुधा मूर्ती जी बोल रही थीं कि चाहे घर में ड्राइवर है, घर का नौकर है, घर का चौकीदार है - हम उसे चौकीदार मान सकते हैं, लेकिन अगर उसे बच्चा अकेला दिखाई देता है, तो वह चौकीदार नहीं, शिकारी भी हो सकता है। इसलिए हर चीज़ के ऊपर ध्यान रखने की जरूरत है। यह कोई मामूली बात नहीं है, यह बहुत बड़ा मामला है। जो बच्चा इस अपराध का शिकार हो जाता है, उसके दिमाग के अंदर से वह बात ताउम्र नहीं निकलती है। वह डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। वह जीवन में कुछ बन नहीं पाता है। जो उसके साथ घटना घटी है, वही उसके दिमाग में बार-बार चोट करती रहती है।

मान्यवर, माननीय सदस्या, फौजिया खान जी ने कुछ बातें उठाई हैं, तो मैं कुछ ऐसे बातें, जो आज की सरकार कर रही है, उनका भी उल्लेख अपनी बात में करना चाहूँगा।

DR. JOHN BRITTAS (Kerala): Sir, *...(Interruptions)...*

श्री उपसभापतिः क्या आप किसी प्वाइंट ऑफ ऑर्डर पर हैं?

डा. जॉन ब्रिटासः सर, प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है। Through your Office, I would caution the hon. Member, do not cast aspersions on people like chowkidars, drivers or labourers. It is not a good thing.

श्री रामचंद्र जांगड़ाः मान्यवर, बलात्कार और बाल यौन शोषण के मामले में त्वरित सुनवाई हो, इसके लिए सरकार ने जो कदम उठाए हैं, मैं उनकी भी चर्चा करना चाहूँगा। मान्यवर, देश के अंदर ऐसे 774 न्यायालय स्थापित किए गए हैं, जो इन अपराधों की फौरन कार्रवाई करें, इन्हें सुनें। त्वरित कार्रवाई के लिए देश के अंदर 774 नए न्यायालय मोदी जी की सरकार में स्थापित कर दिए गए हैं। मैं यह प्रिवेंटिव मेजर्स की बात कर रहा हूँ। केवल कानून बनाने से कोई बात नहीं बनती है, बल्कि यह जरूरी है कि उनके अनुपालन के लिए क्या किया जा रहा है, उन अपराधों को रोकने के लिए क्या किया जा रहा है। न्यायालय के अंदर त्वरित कार्रवाई हो और उसके ऊपर निर्भया जैसी लड़कियों को त्वरित न्याय मिल जाए, उसके लिए क्या किया जा रहा है, यह भी बहुत महत्वपूर्ण मामला है। जैसा कि मैंने पहले बताया, इस कानून में इस अपराध को मृत्यु दंड के अंदर ले लिया गया है। मृत्यु दंड से ऊपर तो कोई सजा हो नहीं सकती है। इसके साथ ही, सरकार ने पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए, उनके जीवन को फिर से संवारने में मदद करने के लिए कुछ ऐसी व्यवस्थाएं बनाई हैं, जिनका मैं उल्लेख करना चाहूँगा। विशेष न्यायालयों को पहले से ही पॉक्सो एक्ट के तहत मुआवजे की सिफारिश करने का अधिकार प्राप्त हो गया है। मान्यवर, इसके अलावा कानूनी सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से कार्यान्वित पीड़ित मुआवजा योजनाओं के तहत हर साल हजारों पीड़ितों को सहायता मिलती है, जैसी माँग फौजिया खान जी ने भी की है। उदाहरण के लिए मैं कह सकता हूँ कि अकेले 2022-23 में मुआवजे के लिए 29,936 आवेदन प्राप्त हुए और 20,900 आवेदनों पर निर्णय लिया गया। जिन लोगों के साथ ऐसा अपराध हुआ था, इसके लिए उन्हें भारत सरकार ने 34.7 करोड़ से अधिक की राशि वितरित भी कर दी, प्रदान भी कर दी। मान्यवर, इसे लेकर मोदी सरकार पूरी तरह से गम्भीर है।

Contents Page

मैं बीच में शिक्षा नीति की बात कर रहा था, क्योंकि शिक्षा एक ऐसी चीज़ है, जो आदमी को संस्कारित करती है। मैकाले ने एक बात कही थी कि अगर किसी भी देश को गुलाम बनाकर रखना है या उसका सांस्कृतिक पतन करना है, तो उससे उसकी भाषा छीन लो। अगर वह अपने देश की भाषा से कट जाएगा, तो अपने साहित्य से भी कट जाएगा और साहित्य से कट जाएगा, तो फिर संस्कृति से भी कट जाएगा। वह भाषा, साहित्य और संस्कृति से कट जाएगा, तो फिर अपनी राष्ट्रीयता से भी कट जाएगा। वह सारी तरह से एक विदेशी मूल का नागरिक हो जाएगा। वह शरीर से भारतीय दिखाई देगा, लेकिन मन से कुछ और हो जाएगा। यह सारी शिक्षा प्रणाली के कारण इस देश के अंदर विकृतियां आई हैं, क्योंकि अब अंग्रेजी के अंदर न तो विवेकानन्द को पढ़ाया जा सका, न रवीन्द्रनाथ टैगोर को पढ़ाया जा सका, न अरविन्द घोष को पढ़ाया जा सका, न स्वामी दयानन्द को पढ़ाया जा सका। जो हमारे देश में सांस्कृतिक निर्माण करने वाले हमारे महापुरुष थे, उनकी जीवनी, उनके संदेश, उनका कोई भी आदेश, जो अपनी भाषा के अंदर उपलब्ध हो सकता था, जिसको आदमी अच्छी तरह से समझ सकता था, वे सारी बातें स्कूल के किसी भी पाठ्यक्रम में नहीं आईं। इसके कारण बच्चों का जो मानसिक स्तर था, पहले का जो गुरुकुलीय शिक्षा का मानसिक स्तर होता था, वह वातावरण बच्चों के लिए नहीं बन पाया और उनका वह मानसिक स्तर नहीं हो पाया। मैं समझता हूं कि इसके अंदर एक बहुत बड़ी बीमारी यह रही कि हमारा जो सोशल स्ट्रक्चर था, जो सामूहिक परिवार प्रणाली थी, वह धीरे-धीरे बिखर गई और अकेलापन आ गया। जो संस्कार बच्चा दादा-दादी के सानिध्य में सीख सकता था, वह संस्कार वह बच्चा किसी आया के पास नहीं सीख सकता है। वह संस्कार वह बच्चा किसी प्ले स्कूल के अंदर नहीं सीख सकता है और न ही किसी बोर्डिंग स्कूल के अंदर सीख सकता है। ये सारी बातें नई शिक्षा के अंदर अब आई हैं कि वह बच्चा 6 साल तक कम से कम अपने घर के वातावरण में रहेगा, अपने दादा-दादी के पास रहेगा, तो उसके अंदर वे संस्कार आएंगे और वह जीवन में आगे जाकर अपराध की दुनिया के अंदर जाएगा ही नहीं। हमारे देश के अंदर पहले शिक्षा प्रणाली में यह बहुत बड़ा दोष था। अब 2020 में जो नई शिक्षा प्रणाली आई है, उसके परिणाम धीरे-धीरे स्कूलों के अंदर आएंगे। मैं धन्यवाद देता हूं भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को कि आज हमारी देश की मेडिकल शिक्षा भी हिंदी भाषा के अंदर होने लगी है, हमारी टेक्निकल शिक्षा भी हिंदी भाषा के अंदर होने लगी है। इसके अलावा सबसे बड़ा काम यह किया है कि चाहे यूपीएससी का भी एग्जाम हो या देश में प्रदेश की क्लास 1 और क्लास 2 की नौकरियों के लिए जो कमीशन होते हैं, उनके अंदर भी अपनी स्थानीय भाषा में जवाब दिया जा सकेगा। अगर हमारे कर्णाटक के भाई यह महसूस करेंगे कि हमने तो कन्नड़ में ही जवाब देना है, तो उनको इस बात की छूट होगी। केरल के भाई अगर महसूस करेंगे कि हमने मलयालम में ही जवाब देना है, तो उनके लिए इसकी छूट होगी और हरियाणा, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ये जो हिंदी भाषीय क्षेत्र हैं, इनको यूपीएससी के एग्जाम में भी हिंदी में जवाब देने का एक अधिकार होगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः आप बिल पर बोलिए।

श्री रामचंद्र जांगड़ाः मान्यवर, यह बहुत बड़ी बात की गई है। इसी बात से मैं कहता हूं कि संस्कारों से ही ये अपराध रुक सकते हैं। बिना आदमी के संस्कारित हुए अपराध नहीं रुक सकते

Contents Page

हैं, क्योंकि हमारी जो पुरानी शिक्षा प्रणाली थी, उसके अंदर शिक्षा केवल मात्र रोजगार का साधन नहीं था। शिक्षा के अंदर संस्कारों का भी समावेश होता था और शिक्षा संस्कारों का समावेश करती थी, तो इन अपराधों के ऊपर भी रोक लगती थी। मान्यवर, इसके अलावा मैं यह कहना चाहूंगा कि आज की सरकार जो काम कर रही है, इसके संबंध में मैं सरकार की संवेदनशीलता का थोड़ा सा उदाहरण दूंगा।

मान्यवर, पॉक्सो अधिनियम के तहत मामलों की जांच को तेज और प्रभावी बनाने के लिए गृह मंत्रालय ने इन्वेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंसज़ के नाम से एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित की है, जिसके माध्यम से पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 और 6 के तहत आने वाले गंभीर मामलों की जांच की निगरानी की जाती है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि जांच समय पर पूरी हो। इसके साथ ही, ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट, यानी बीपीआरand डी पुलिसकर्मियों और संबंधित अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि ऐसे मामलों को संभालते समय वे अधिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ काम कर सकें।

मान्यवर, अभी मुझसे पूर्व माननीया सुधा मूर्ती जी वात्सल्य की भी चर्चा कर रही थीं। यह बहुत जरूरी है, क्योंकि बच्चे के प्रति अगर वात्सल्य नहीं होगा, प्रेम नहीं होगा, तो इसका बुरा असर पड़ेगा। जैसे मैं एक पिक्चर का उदाहरण दे रहा था कि तीन आदमियों में एक हिंदू है, एक मुसलमान है और एक ईसाई है, तीनों डकैत हैं। वे तीनों के तीनों उस बच्चे के अंदर अपना भगवान देखते हैं। एक कहता है बच्चे में है भगवान, दूसरा कहता है बच्चे में है रहमान और तीसरा कहता है बच्चा है जीसस की शान। यानी वह संवेदनशील है। अगर संवेदनशीलता नहीं होगी, तो फिर अपराध होंगे। अपराध तो संवेदनहीनता में ही होता है, संवेदनशीलता में तो अपराध हो ही नहीं सकता। इसलिए सरकार ने 'मिशन वात्सल्य' चलाने के लिए भी प्रयास किया है। मान्यवर, सरकार 'मिशन वात्सल्य' के माध्यम से उन बच्चों की सहायता कर रही है, जो कठिन परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं। इस मिशन के अंतर्गत चाइल्ड केयर संस्थान बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, काउंसलिंग, मनोरंजन और कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान करते हैं, ताकि वे अपने जीवन को फिर से संवार सकें, आत्मनिर्भर बन सकें। बच्चों को गोद लेने, फॉस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप ऑफ आफ्टर केयर कार्यक्रमों के माध्यम से यह सहायता भी दी जाती है। इसके अलावा, वे सुरक्षित वातावरण में आगे बढ़ सकें, इसके लिए जिला स्तर के ऊपर चाइल्ड वेलफेयर कमिटियां, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड और जिला बाल संरक्षण इकाइयां सक्रिय रूप से काम कर रही हैं, ताकि बच्चों की देखभाल हो, सुरक्षा हो और उन्हें समय पर सहायता मिल सके। मान्यवर, मैं यह कहता हूं कि ये बहुत जरूरी चीजें, जो करनी चाहिए थीं, उन्हें हमारी सरकार कर रही है और माननीय मोदी जी के नेतृत्व के अंदर हर वर्ग के प्रति संवेदनशीलता है।

मान्यवर, इसके अलावा, पुराने समय के अंदर बाल विवाह एक बड़ी बीमारी थी। कुछ जो अनपढ़ या कुछ जो ऐसे अविकसित परिवार होते हैं, उनमें अब भी कहीं न कहीं बाल विवाह हो जाता है। सरकार बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। अक्षय तृतीया और आखा तीज, ये ऐसे दिन होते हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि मुहूर्त निकालने की कोई आवश्यकता नहीं होती है, बिना मुहूर्त के शादियां होती हैं। इसलिए ऐसे जो

Contents Page

दिवस होते हैं, उनके ऊपर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, क्योंकि इन अवसरों पर कभी-कभी बाल विवाह की घटनाएं सामने आ जाती हैं।

इसके अलावा, मैं इस बात के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हरियाणा से पानीपत की धरती से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का अभियान शुरू किया था और आज उसके बहुत ही सार्थक परिणाम आए हैं। कभी हरियाणा के अंदर 1,000 लड़कों के पीछे 750-800 लड़कियां होती थीं, आज वे 960 को क्रॉस कर गई हैं, यानी हजार के बराबर में हजार ही होने के करीब हो गई हैं। इसके बहुत ही अच्छे परिणाम आए हैं। देखिए, बच्चों, खास तौर से लड़कियों को लेकर हम देखते हैं कि हिंदुस्तान के अंदर जितने भी मेडल्स आए हैं, लड़की किसी से कम नहीं होती है, उन मेडल्स में सबसे ज्यादा हरियाणा के आए हैं। मान्यवर, मुझे यह कहते हुए फ़ख़्र हो रहा है कि हरियाणा में जितने मेडल्स आए हैं, उनमें सबसे ज्यादा मेडल्स हमारी बेटियों ने लिए हैं। अगर हम बच्चियों को अधिकार दें, -- जैसे कई बार हमारी स्वाति मालिवाल जी बच्चियों के लिए बड़ा बढ़िया बोलती हैं, मैं इनका बहुत ही धन्यवाद करता हूं, वे बहुत ही संवेदनशीलता से बोलती हैं -- तो कोई भी बच्ची ममता सोढ़ा बन सकती है, पर्वत को लांघ सकती है। किसी बच्ची में जींस की कोई कमी नहीं होती है, बशर्ते उसको चांस दिया जाए, उसको प्रोटेक्शन दिया जाए, उसको प्यार दिया जाए। किसी भी बच्चे में क्षमताओं की कोई कमी नहीं होती है। इसलिए सरकार ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए भी पूरे के पूरे प्रयास किए हैं। मैं पुनः प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हरियाणा से इस बात की शुरुआत की।

मान्यवर, इसी तरह से महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने 'मिशन शक्ति' के नाम से एक और कार्यक्रम चलाया है। सरकार 'मिशन शक्ति' के माध्यम से महिलाओं और परिवारों के लिए सहायता तंत्र को और मजबूत कर रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर हिंसा का सामना कर रही महिलाओं को तुरंत सहायता प्रदान करता है।

उसमें चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता, कानूनी मदद, काउंसिलिंग और अस्थायी आश्रय भी शामिल हैं। महिला हेल्पलाइन 181 चौबीसों घंटे सहायता और जानकारी उपलब्ध कराती है; 'शक्ति सदन' कठिन परिस्थितियों में रह रही महिलाओं, विशेषकर तस्करी की शिकार महिलाओं को आश्रय और पुनर्वास भी प्रदान करती है; 'सखी निवास' कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध कराता है और 'पालना क्रेच' कामकाजी माताओं के बच्चों के लिए day care सुविधा भी उपलब्ध करवाते हैं।

मैं देश की माननीया वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को और माननीय मोदी जी को भी धन्यवाद देता हूं कि नए बजट के अंदर पूरे देश के अंदर, हर जिले के अंदर, एक महिला हॉस्टल की स्थापना करने की घोषणा की गई है। जब ये महिला हॉस्टल्स होंगे, तो मैं तो यह भी कहता हूं कि चूंकि उन महिलाओं के साथ बच्चे भी होंगे, तो जब वे महिलाएं कामकाज के लिए अपने ऑफिस में चली जाएं, तो उनके बच्चों की देखभाल के लिए पीछे से उसी हॉस्टल के अंदर व्यवस्था भी हो जाए। इस बिल में जैसे सुझाव आए हैं, ऐसे सुझाव बहुत जरूरी हैं, क्योंकि महिला हॉस्टल्स तो बन जाएंगे, लेकिन जब वे नौकरी पर चली जाएंगी, ड्यूटी पर चली जाएंगी, तो पीछे

Contents Page

वहां जो उनके बच्चे रहेंगे, वे बच्चे पूरी तरह से सुरक्षित रहें, उनके लालन-पालन और उनके खेलने के लिए प्रचुर साधन मिलते रहें। उन सारी चीजों को भी इन सुझावों के अंदर शामिल कर लिया जाए, तो एक काफी अच्छा कदम होगा।

मान्यवर, मैं एक और बात कहना चाहता हूं। इसमें एक बात कही गई है, धारा 3, धारा 21 में, अगर किसी डर या आशंका की सूचना नहीं देने पर सजा देने की अनुमति देते हैं। तो फौजिया खान जी, इसमें कुछ समस्याएं पैदा हो सकती हैं। जैसे, हर आदमी दोषी नहीं होता है। कई बार किसी निर्दोष आदमी को भी इसमें लपेट लिया जाता है। तो इससे यह खतरा रहेगा कि अगर बिना आशंका या डर के कोई ऐसे ही सूचना दे दे, तो इससे निर्दोष लोग पुलिस के मामले में फंस सकते हैं, भले ही वास्तविकता में कुछ नहीं भी हुआ हो। इसलिए इसमें कोई निर्दोष आदमी भी नहीं फंसना चाहिए।

मैं एक बात और कहना चाहूंगा। चूँकि POCSO मामले संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध होते हैं और POCSO अधिनियम, 2012 की धारा 4, 6, 8 और 10 के तहत - इसलिए कोई भी कानूनी कार्रवाई शुरू करने से पहले अत्यधिक सावधानी भी बरतनी जरूरी है। मौजूदा कानून संतुलित है, यह वास्तविक घटनाओं की रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करता है और साथ ही अस्पष्ट आशंकाओं के जरिए दुरुपयोग को भी रोकता है। धारा 22 में पहले से ही असत्य शिकायत करने वालों को सजा देने का प्रावधान है। इसलिए सुरक्षा के जो उपाय होने चाहिए, वे इसमें बाकायदा मौजूद हैं।

मान्यवर, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो प्रस्तावित नए अध्याय की धारा 33ग और 33घ में DLSA और SLSA की भूमिकाएं और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया का जो विवरण दिया गया है, इनका विवरण NALSA पीड़ित मुआवजा योजनाओं में पहले दिया गया है। मैं तो कहता हूँ कि फौजिया खान जी के सुझाव अच्छे हैं और ऐसी-ऐसी चर्चाएं सदन के अंदर समय-समय पर होती रहनी चाहिए, ताकि देश के सामने सही तस्वीर आती रहे। मैं यही कहना चाहूंगा कि पर्याप्त कानून हैं और सुझाव के लिए तो यह देश का सदन है। इसे केवल सदन ही नहीं सुनता, बल्कि इसके माध्यम से पूरा देश सुनता है और पूरे देश के अंदर यह संदेश जाना चाहिए।

मैं अंत में एक बात कहूंगा कि महात्मा चाणक्य ने एक बात कही थी कि यथा राजा तथा प्रजा। यह संसार उल्टा वृक्ष के समान है। इसकी जड़ें ऊपर की तरफ हैं और शाखाएं नीचे की तरफ हैं। सारी बीमारियां ऊपर से आती हैं। महात्मा चाणक्य ने कहा था कि अगर देश का राजा व्यभिचारी होगा, तो देश में व्यभिचार फैलेंगे, देश का राजा रिश्वतखोर होगा, तो पटवारी से लेकर DC तक और सिपाही से लेकर SP तक, सारे रिश्वतखोर हो जाएंगे और अगर देश का राजा अपराधी होगा, तो देश के अंदर अपराध फैल जाएंगे। कभी-कभी हमारे देश का एक सौंदर्य रहा है। अगर हम रामायण काल का देखते हैं, तो उस समय जो सारा का सारा राज था, वह गुरु वशिष्ठ के निर्देश के ऊपर चलता था। यह रामायण काल की बात थी, यानी संतों की सलाह से सरकारें चलती थीं। अगर हम महाभारत काल का देखते हैं, तो कृपाचार्य, कुलगुरु होते थे और उनकी सलाह से सरकारें चलती थीं। लेकिन आज देश का एक सौभाग्य है कि संतों की सलाह से

Contents Page

सरकार नहीं चल रही है, बल्कि संत ही सरकारों को चला रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... यानी जब देश की सरकारों को संत चलाएंगे, निर्मोही और निर्लेप आदमी चलाएंगे, जिनको न तो अपने घर के लिए कोई दौलत कमाने की कोई लालसा है और न ही कोई पद पाने की लालसा है - जो हिमालय के संत हैं, वे लोग इस देश की सरकार को चला रहे हैं। इसलिए मैं सामने बैठने वाले भाइयों से यह कहूंगा कि कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है, देश सुरक्षित हाथों में है और सुरक्षित रूप से चल रहा है, धन्यवाद।

DR. JOHN BRITTAS: Sir, this comment should not go on record. He is saying that *Sant* is running this Government! The Executive headed by the Prime Minister runs the Government.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will see it. Thank you. Message from the Lok Sabha. Secretary-General.

MESSAGE FROM LOK SABHA

The Appropriation Bill, 2026

SECRETARY-GENERAL: Sir, with your kind permission, I rise to report that the Lok Sabha at its sitting held on 13th March, 2026, passed the Appropriation Bill, 2026. The Speaker has certified that the Bill is a Money Bill within the meaning of Article 110 of the Constitution. I lay a copy of the said Bill on the Table.

PRIVATE MEMBERS' BILLS

The Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Bill, 2024— *Contd.*

श्री उपसभापतिः माननीय सदस्यगण, इस विषय पर आगे बहस जारी रहेगी। अब हम लोग Special Mentions लेंगे। उसके पहले मैं एक चीज आपको बताना चाहता हूँ। माननीय सदस्य संदोष कुमार पी जी ने यह आग्रह किया कि एक माननीय सदस्य का समय घटाया जाए। हम आम तौर से जिन व्यवस्थाओं के तहत अन्य विषयों पर डिस्कशन करते हैं सुबह से लेकर देर शाम तक, बिल से लेकर ज़ीरो आवर या जो भी है, उसमें समय बंधा होता है या आप बीएसी के माध्यम से जो समय तय करते हैं, वही चेयर पालन करता है। पर, नॉर्मली Private Members' Bill पर time is not insisted. इसमें आपने देखा होगा कि जो लोग विषय से आगे बढ़ करके बोल रहे थे, उनको भी चेयर ने आग्रह किया कि आप समय के अंदर बोलें, पर उनको भी समय इंसिस्ट नहीं किया। परंपरा के तहत संसद चलती है। मैं आपको 17.12.2004 की रूलिंग बता रहा हूँ, जिससे जयराम जी अच्छी तरह वाकिफ होंगे, क्योंकि वे नियम-कानून अच्छी तरह जानते हैं। यह 17.12.2004 की

Contents Page

रूलिंग है - When the issue of time in Private Members' Bills was raised, the Vice-Chairman said that he could not cut short the discussion as Members want to speak on the subject and they had the right to speak. यह Private Members' Bills/Private Members' Resolutions के बारे में है। इसी तरह, मैं एक और उदाहरण देना चाहूँगा -the Constitution (Amendment) Bill, 2022 by Dr. V. Sivadasan was moved for consideration on 9th December 2022 in the 250th Session. Thirty-one minutes of discussion took place on that day. Being partly discussed, it was carried forward. Thereafter, on 8.12.23, it was discussed again for one hour and forty-five minutes. But the discussion was not concluded. On 2.2.24, the discussion concluded after participation of Members for one hour and two minutes. पहले भी इस तरह तीन, साढ़े तीन घंटे से अधिक बहस चलती रही। इस पर भी अनेक सदस्यों ने अपने नाम दिए थे। महत्वपूर्ण विषय था। चेयर जितना accommodate कर सकती थी, सबको उदारता से इस आग्रह के साथ accommodate किया कि वे नियम के तहत बोलेंगे। यह मैं सिर्फ सूचना के लिए आपको बताना चाहता था। Now Special Mentions.

Shrimati Geeta *alias* Chandraprabha; not present. Shri Mohammed Nadimul Haque; not present. Shri Mahendra Bhatt; not present. Shri G.C. Chandrashekhar; not present. Shri Rajib Bhattacharjee; not present. Shrimati Jebi Mather Hisham.

SPECIAL MENTIONS

Demand for Sustainable Livelihood Support for Kerala's Fishing Community

SHRIMATI JEBI MATHER HISHAM (Kerala): Sir, I draw attention of the Government to a critical issue concerning the welfare of fishermen in Kerala. The fishing community, which forms the backbone of our coastal economy, is facing escalating operational costs due to rising fuel prices. To safeguard their livelihoods and promote sustainable fishing practices, I urge the Government to enhance the allocation of non-subsidized kerosene and LPG for the fishing sector in Kerala. Along with increased access to non-subsidized kerosene, promoting solar-electric fishing boats will also be a significant initiative towards the welfare of fishermen community. This initiative is not only economically beneficial but also environmentally transformative. Solar-electric boats significantly reduce operational expenses. Reduced fuel expenditure enables fishermen to keep more of their income, while maintenance requirements are also considerably lower. From an environmental perspective, transition to solar-electric boats will substantially reduce carbon emissions and noise pollution, thereby protecting our fragile coastal ecosystems. The adoption of green technologies will

Contents Page

enhance operational efficiency by providing a reliable and sustainable energy source for fishing activities.

I urge the Government to grant a special package for Kerala to promote green fishing. This may include increased access to non-subsidized kerosene, incentives for LPG usage, and financial and technical support for solar-electric boats, benefiting thousands of fishermen across the State. By combining economic relief with environmental responsibility, we can ensure a more secure and sustainable future for our coastal communities. I request the Government to take necessary action in the interest and betterment of the fishing community. *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. It is complete. It is not going on record. Only approved text will go on record. आप जानती हैं कि जो approved text है, वही आप बोल सकती हैं। Do not go beyond that. That will not go on record. *...(Interruptions)...*

श्री जयराम रमेश (कर्नाटक): सर, इलेक्शन आ रहा है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: जयराम जी, आप रूल्स मुझसे बेहतर जानते हैं। जो चीज़ रिकॉर्ड पर न जाए और उसको आप बाहर उपयोग करें, तो वह नियम के अनुसार गलत है। ...(**व्यवधान**)...

The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shrimati Jebi Mather Hisham: Dr. John Brittas (Kerala), Shri Neeraj Dangi (Rajasthan), Shri Haris Beeran (Kerala) and Shri Ashok Singh (Madhya Pradesh).

Now, Shrimati Sangeeta Yadav; not present. Shri Sanjay Kumar Jha; not present. Shri Sanjay Raut; not present. Shri Yerram Venkata Subba Reddy; not present. Shri Naresh Bansal; not present. Shri Ravi Chandra Vaddiraju; not present. Dr. Sangeeta Balwant; not present. Dr. Syed Naseer Hussain; not present. Dr. Dinesh Sharma; not present. Shri Abdul Wahab; not present. Now, Shri Anil Kumar Mandadi Yadav.

Demand to set up Ahir Regiment in the Indian Army

SHRI ANIL KUMAR YADAV MANDADI (Telangana): Mr. Deputy Chairman, Sir, the brave men and women of the country dedicated themselves to protect the nation as and when it faces danger. Ahir Community is one such community which fought with valour and bravery whenever the situation demanded. Ahir's contribution in protecting the motherland and fighting war against invaders can be gauged from events of

* Not recorded.

Contents Page

resisting invasion by Nadir Shah and Taimur, participation in the 1857 revolt against British Empire, struggle for independence, Indo-China War, Kargil War, etc. Notably, in the Battle of Rezang La, during the 1962 war with China, many troops consisting Ahir (Yadav) community predominantly fought with valour and courage in order to protect the honour and dignity of our country. There is a sizeable number of people belonging to Ahir community in the Indian Army. As on date, there are 18 Regiments in the Indian Army. Out of these 18, many Regiments were named after various communities as well as States. The Regiments named after communities are Jat Regiment, Gorkha Riffles, Sikh Regiment, Dogra Regiment, Garhwal Regiment and Kumaon Regiment. Considering the important contribution to the Indian Army and services to the nation, the Ahir community is, time and again, requesting to raise Ahir Regiment in the Indian Army. Sir, I, therefore, request the Government to raise Ahir Regiment in the Indian Army. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Anil Kumar Yadav Mandadi: Dr. John Brittas (Kerala), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Neeraj Dangi (Rajasthan), Shri Haris Beeran (Kerala), Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala) and Shri Ashok Singh (Madhya Pradesh).

Shrimati Mahua Maji, not present. Shri S Niranjan Reddy, not present. Hon. Members, the House stands adjourned to meet at 11.00 a.m. on Monday, the 16th March, 2026.

The House then adjourned at forty minutes past four of the clock till eleven of the clock on Monday, the 16th March, 2026.

Contents Page

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)